CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 08°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 18 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 337 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बना रही निशाना : खड़गे पेज 2



अरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा आईसीसी पुरुष टी-20 प्लेयर रैंकिंग में चमके खेल टाइम्स




तो क्या सांप्रदायिक घटनाओं के बीच होगा नेपाल में चुनाव सम्पादकीय



गाजा में इजरायल का साथ देगी पाकिस्तान आर्मी! पेज 12



अदीस अबाबा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अदीस इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में एक समारोह के दौरान उनके इथियोपियाई समकक्ष अबी अहमद अली द्वारा इथियोपिया के सर्वोच्च पुरस्कार द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित किया गया।

# समुद्र में चुनौती देने वालों को भारत देगा मुंहतोड़ जवाब

## नौसेना के ऑपरेशनल स्क्वाड्रन में शामिल हुए एमएच 60 आर. हेलीकॉप्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ समुद्री ताकत को और मजबूत करने वाला बड़ा कदम



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के प्रमुख (सीएन) की मौजूदगी में गोवा स्थित आईएन हंसा में आईएन 335 'आस्प्रे' स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से कमीशन किया गया। इसके साथ ही एमएच- 60आर मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर पश्चिमी तट पर नौसेना के पहले ऑपरेशनल स्क्वाड्रन के रूप में शामिल हो गए।

इसे भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत को और मजबूत करने वाला बड़ा कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि यह अवसर इसलिए भी खास है, क्योंकि 2025 में नौसेना के फ्लीट एयर आर्म के गठन के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसने भारतीय नौसेना को एक बहुआयामी और शक्तिशाली बल बनाया। उन्होंने याद दिलाया कि 17-18 दिसम्बर 1961 को ऑपरेशन विजय के दौरान गोवा मुक्ति में भी नौसैनिक उड्डयन की अहम भूमिका रही थी। नौसेना प्रमुख ने कहा कि आज का समुद्री माहौल पहले से कहीं ज्यादा जटिल और चुनौतीपूर्ण हो गया है। भू-राजनीतिक बदलाव, नई तकनीकें और समुद्री मार्गों पर बढ़ते खतरे भारत की समुद्री सुरक्षा को और अहम बनाते हैं। ऐसे समय में भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां समुद्री सुरक्षा और मजबूत प्रतिरोध क्षमता बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि भारत समुद्र में स्थिरता और सुरक्षा का भरोसेमंद स्तंभ बनकर उभर रहा है और इसके लिए नौसेना लगातार अपनी क्षमताएं बढ़ा रही है। समुद्री इलाके के लिए इसे दुनिया का सबसे उपयुक्त और शक्तिशाली हेलीकॉप्टर माना जाता है। इसकी मारक क्षमता करीब 834 किलोमीटर है और वजन 689 किलो है। इसे विमानन क्षेत्र की आधुनिक और चुनौतीपूर्ण नई प्रौद्योगिकियों के साथ कई मिशनों में सहयोग देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह हेलीकॉप्टर हिंद महासागर में चीनी पनडुब्बियों की मौजूदगी का भी पता लगाने में भी माहिर है।

## संक्षिप्त समाचार

### नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल हुआ DSCA-20 जहाज

**कोच्चि।** भारतीय नौसेना ने कोच्चि स्थित नौसेना स्टेशन में बुधवार को आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (डीएससी) ए-20 को औपचारिक रूप से सेवा में शामिल किया। यह जहाज नौसेना की पानी के नीचे की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डीएससी ए20 इस वर्ष शामिल किया गया 11वां नौसैनिक जहाज है, जो नौसेना की लगातार बढ़ती स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता और 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर प्रगति को दर्शाता है। यह डीएससी ए-20 श्रेणी का पहला जहाज है, जो समुद्र के भीतर जाकर ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है। यह एक ऐसा युद्धपोत है, जो अंडरवॉटर मिशन, निरीक्षण और रिकवरी कार्यों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

### भारत वैश्विक व्यापार में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी की ओर अग्रसर: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत अपने मजबूत व्यापक आर्थिक आधार, लचीली विकास दर और तेजी से बढ़ते उद्यम के बल पर आने वाले वर्षों में वैश्विक व्यापार का 25 प्रतिशत हिस्सा हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। वित्त मंत्री ने बुधवार को दिल्ली में 'इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ रहा है, जहां आयात शुल्क प्रतिबंधों और रणनीतिक बाधाओं के माध्यम से व्यापारिक गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जा रहा है।

### आरजी कर रेप-हत्याकांड: स्वत: संज्ञान मामला कलकत्ता हाईकोर्ट ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में स्वत: संज्ञान से शुरू की गई कार्यवाही को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया, ताकि मामले में जारी निर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी की जा सके।

# दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा बंद कीजिए

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण संकट पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

### स्कूलों की छुट्टियां अभी जारी रहेंगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों के पैसे अन्य लोगों के खातों में न जाएं

■ राजधानी दिल्ली में अब केवल बीएस-4 और उससे ऊपर के मानक वाले वाहन ही सड़कों पर चल सकेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा।

वहीं न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में केवल ऐसे वाहनों को ही चलने की अनुमति दी जाएगी, जो बीएस-4 उत्सर्जन मानक या उससे ऊपर की श्रेणी के हैं। न्यायालय के इस नए स्पष्टीकरण के बाद अब अधिकारी उन पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकेंगे, जो बीएस-चार मानकों को पूरा नहीं करते हैं। वहीं बीएस-4 या नए वाहनों को उनकी समय सीमा पूरी होने के बावजूद चलाने की अनुमति है। न्यायालय का यह नवीनतम आदेश, उसके गत 12 अगस्त के उस पिछले आदेश में संशोधन करता है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और पंद्रह साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पांचोली की पीठ ने दिल्ली सरकार की उस याचिका पर यह स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें शहर में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए पुराने वाहनों पर कार्रवाई की अनुमति मांगी गई थी। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, -शेष पृष्ठदो पर

### दिल्ली में एक्यूआई बहुत खराब, कई हिस्सों में कोहरे से दृश्यता कम हुई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बहुत खराब बना हुआ है और शहर के कई हिस्सों में कोहरे एवं धुंध से दृश्यता कम हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सफदरजंग में सुबह 6:30 बजे हल्के कोहरे में दृश्यता सबसे कम 900 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम में सुबह 7:00 बजे धुंध में 1,100 मीटर दृश्यता रही। सात से दस किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली पश्चिमी हवाओं ने दृश्यता में और गिरावट को रोकने में मदद की। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि इसका विमान और सड़क संचालन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा, हालांकि मोटर चालकों को सुबह के समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानीं में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही। 40 में से 39 मॉनिटरिंग स्टेशनों के डेटा के आधार पर दिल्ली का कुल एक्यूआई सुबह 6:05 बजे 329 था। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा दर्ज किया गया, जिसमें मुंडका (371), एनएसआईटी द्वारका (361), नेहरू नगर (360), ओखला फेज-2 (339), पंजाबी बाग (340) और नरेला (340) में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में रहा।

# भारत ने ढाका में बंद किया वीजा आवदेन केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए लिया निर्णय

■ भारत के खिलाफ बयानबाजी को लेकर बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारत ने बुधवार को अपना भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) अस्थायी रूप से बंद कर दिया।

यह केंद्र ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित है और राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं का मुख्य, एकीकृत केंद्र माना जाता है। आईवीएसी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा हालात को ध्यान में रखते हुए बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद केंद्र बंद कर दिया गया। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की बुधवार को आवेदन जमा करने की अपाइंटमेंट थी, उनकी तारीख आगे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। वहीं विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब कर बांग्लादेश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति, ढाका स्थित भारतीय मिशन की सुरक्षा और वहां के कुछ नेताओं की भारत के खिलाफ बयानबाजी को लेकर अपनी चिताओं से अवगत कराते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्री हमीदुल्लाह का ध्यान विशेष रूप से कुछ उग्रवादी तत्वों की गतिविधियों की ओर दिलाया गया जिन्होंने ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा स्थिति को लेकर धमकी दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत बांग्लादेश में हाल की कुछ घटनाओं को लेकर उग्रवादी तत्वों द्वारा गढ़े जा रहे झूठे आख्यानों को पूरी तरह से खारिज करता है।

### पंकज चौधरी ने दिल्ली में की अमित शाह से मुलाकात

**लखनऊ/नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में भाजपा के नव निर्वाचित अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक हुई बातचीत हुई में आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में पिंछड़ी जातियों से जुड़े राजनीतिक समीकरणों और प्रदेश संगठन की स्थिति पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## राहुल गांधी के खिलाफ केस की सुनवाई अब लखनऊ की अदालत में होगी

■ रायबरेली में चल रहा एक मामला लखनऊ ट्रांसफर होगा

**लखनऊ।** लखनऊ राहुल गांधी के खिलाफ रायबरेली में चल रहे एक मामले को लखनऊ ट्रांसफर किया जाएगा। अब इस मामले की सुनवाई लखनऊ की विशेष अदालत में होगी।

इसके लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बुधवार को सुनवाई के बाद आदेश दे दिया है। न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने याची की स्थानांतरण अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। दरअसल, भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता को लेकर सवाल उठाए हैं। उसके द्वारा दाखिल अपराधिक परिवाद पर सुनवाई रायबरेली की विशेष कोर्ट में चल रही है।

# दिल्ली में आज से 50 % कर्मचारी घर से करेंगे काम

■ दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने आदेश जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सभी सरकारी और निजी संस्थानों के लिए गुरुवार (18 दिसम्बर) से 50 प्रतिशत 'वर्क-फ्रॉम-होम' सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

श्री मिश्रा ने कहा कि ये निर्देश अस्पतालों, अग्निशमन सेवा, जेल प्रशासन, निजी परिवहन, बिजली और पानी विभागों, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण विभाग सहित जरूरी सेवाओं पर लागू नहीं होगा। दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि ग्रैप-3 और ग्रैप-4 के तहत काम बंद होने के कारण प्रभावित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को दिल्ली सरकार मुआवजे के तौर पर 10,000 रुपये देगी। नए जारी किए गए आदेशों का उल्लंघन करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इससे पूर्व, दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन समिति (सीएक्यूएम) की सिफारिश के बाद शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए शहर भर के स्कूलों को 'हाइब्रिड मोड' में बदलने का निर्देश दिया था। साथ ही पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए पूरी तरह से ऑनलाइन क्लास की भी घोषणा की गई थी।

### लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व सहयोगी की हत्या मामले में 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को आरजू-अनमोल बिश्नोई-हैरी बॉक्सर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी 'दी। अधिकारी के अनुसार, इन पर इस महीने की शुरुआत में चंडीगढ़ में दूसरे गिरोह के एक गैंगस्टर की हत्या में शामिल होने का आरोप है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व करीबी सहयोगी इंद्रप्रीत सिंह उर्फ पैरी की एक दिसम्बर को चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में क्लब से बाहर निकलने के कुछ ही देर बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना उस समय हुई जब पैरी अपनी एसयूवी में बैठा था, तभी एक बंदूकधारी ने उस पर करीब से गोली मार दी और अपने साथियों के साथ फरार हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी।

# नासा ने उत्तर भारत के प्रदूषण पर किया चौंकाने वाला दावा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: पराली जलाने के टाइमिंग में हुए दो घंटे के बदलाव ने इन इलाकों को प्रदूषण से काफी प्रभावित किया




**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के प्रदूषण पर चौंकाने वाला दावा किया है। नासा का कहना है कि पराली जलाने के टाइमिंग में हुए 2 घंटे के बदलाव ने इन इलाकों को प्रदूषण से काफी प्रभावित किया है।

नासा करीब एक दशक से भूस्थिर उपग्रह जीईओ-केओएमपीएसएटी -2। से प्राप्त डेटा के जरिये पराली जलाने का रिकॉर्ड रख रहा है। इसी रिकॉर्ड के आधार पर नासा ने यह रिपोर्ट जारी की है। नासा ने अपने बयान में कहा कि दशकों से हर साल अक्टूबर से दिसम्बर के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के किसान धान की कटाई के बाद पौधों के अवशेष जलाते हैं। इसकी वजह से उत्तरी भारत के इंडो-गंगा के मैदान में धुएं और धुंध की लंबी-लंबी धाराएं फैल जाती हैं। नासा का कहना है कि यही धुआं अन्य स्रोतों से निकलने वाले कणों और गैसों और धूल भरी आंधी के साथ मिलकर धुंध बनाता है। दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में वायु प्रदूषण का गंभीर असर देखने को मिल रहा है। बीते कुछ दिनों से दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में एआईक्यूआई 600 के पार चला जा रहा है। प्रदूषण के खतरे को देखते हुए राजधानी में ग्रैप-4 लागू है। सरकार ने छोटे बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर नहीं निकलने देने के लिए कहा है। प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए ब्रिटेन, कनाडा और सिंगापुर समेत कई देशों ने दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले अपने नागरिकों को घर के अंदर रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। सिंगापुर दूतावास ने तो अपने नागरिकों को जरूरत के समय ही घरों से बाहर निकलने के लिए कहा है। नासा के मार्गन स्टेट यूनिवर्सिटी के वायुमंडलीय वैज्ञानिक हिरेन जेठवा के मुताबिक उत्तर भारत के राज्यों में पहले पराली दोपहर 1-2 बजे के आसपास जलाई जाती थी। अब इसमें बदलाव हो गया है। अब पराली 4-6 बजे के बीच जलाई जा रही हैं। नासा ने इसमें इसरो की एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया है। इसरो की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 से पहले पराली जलाने का चरम समय दोपहर 1।30 बजे था, जो अब बदल गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शस्त्र को शास्त्र से बड़ा मानने वाली शक्तियों को शिक्षालय व समाज से रखें दूर

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि जो लोग शस्त्र को शास्त्र से बड़ा मानते हैं, उन्हें शिक्षालयों, विश्वविद्यालयों और समाज से दूर रखा जाना चाहिए। शिक्षा का मूल उद्देश्य हिसक और असभ्य सोच को सभ्य बनाना है, लेकिन कुछ नकारात्मक शक्तियां शिक्षा संस्थानों पर कब्जा कर नई पीढ़ी की सोच को कुचलना चाहती हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अखिलेश ने पोस्ट करते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो अपने परंपरागत प्रभुत्व और वर्चस्व को बनाए रखने के लिए सामाजिक विभाजन और विद्वेष की राजनी. ति करते हैं। ये ताकतें प्रेम, सौहार्द और शांति के खिलाफ काम कर रही हैं, जिससे देश का अमन-चैन बिगड़ रहा है और तरक्की बाधित हो रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी हिसक और नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूरी बनाएं और अपने परिवार व समाज को भी सतर्क करें।

### भारत को अमेरिका के साथ रचनात्मक चर्चा जारी रखनी चाहिए

नई दिल्ली। जानी-मानी अर्थशास्त्री और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की पूर्व अधिकारी गीता गोपीनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत और अमेरिका को आपस में आयात शुल्क के मुद्दे के समाधान के लिए रचानात्मक चर्चा करनी चाहिए। चर्चा करते रहने से समय के साथ शुल्क नीचे आ सकते हैं। सुश्री गोपीनाथ ने यहां इडिया इकोनॉमिक कान्क्लेव के एक सत्र में भारत की व्यापार रणनीति को लेकर कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी संबंधों की गहराई को देखते हुए आने वाले वर्षों में अमेरिका के साथ बातचीत महत्वपूर्ण होगी।

# सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बना रही निशाना:खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया।

खड़गे ने एक महत्वपूर्ण अदालती फैसले के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गांधी परिवार के सामने जो कानूनी चुनौतियां पेश की जा रही हैं, उनमें कोई दम नहीं है और वे विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए बनाई गई हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं पांच अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निद. शालय (ईडी) के धन शोधन के आरोपों पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। खड़गे ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यवाही के शुरुआती चरणों में प्राथमिकी का न होना यह साबित करता है कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। खड़गे ने कहा कि वे (केन्द्र सरकार) यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है। यह केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है। इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं है। हमारा नारा 'सत्यमेव जयते' है और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी पार्टी के शीर्ष नेताओं से जुड़े लंबे समय से चल रहे एक कानूनी विवाद के बीच आई है। हालांकि इस विशिष्ट फैसले ने पार्टी को राहत या दी है, लेकिन खड़गे ने तुरंत इसे व्यापक संदर्भ से जोड़ते हुए कहा कि सत्ता पक्ष विपक्षी दलों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहा है। यह मामला पिछले कई वर्षों से भारतीय राजनीति में विवाद का केंद्र रहा है। यह कांग्रेस से जुड़ी संस्थाओं में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर आधारित है। जहां सरकार और जांच एजेंसियां यह कहती रही हैं कि वे केवल कानून के शासन का पालन कर रही हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी लगातार इस जांच को 'प्रक्रियात्मक अत्याचार' बताती रही है। कांग्रेस नेताओं ने अक्सर इस बात की ओर इशारा किया है कि ईडी ने औपचारिक प्राथमिकी के बजाय निजी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की थी।

### नेशनल हेराल्ड मामले में किसी को राहत नहीं मिली, ट्रायल जारी है: भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कोई राहत नहीं मिली है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले का ट्रायल जारी है, इस मामले में श्रीमती सोनिया गांधी आरोपी नंबर एक हैं और राहुल गांधी आरोपी नंबर दो अभी भी हैं। भाटिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में धोखाधड़ी मामले में सुनवाई जारी है। इस मामले में ट्रायल जारी है और इस मामले में सात साल की सजा संभव है। उन्होंने कहा कि आज इस मामले में जब कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पत्रकार बंधुओं ने यह सवाल प्रेसवार्ता में पूछा, तो न मल्लिकार्जुन खड़गे के पास इसका कोई उत्तर था और न ही अभिषेक मनु सिघवी के पास इसका कोई उत्तर नहीं था।

# संसद में निजी स्कूलों पर लगा मुनाफाखोरी का आरोप

नई दिल्ली, वार्ता

राज्यसभा में बुधवार को निजी स्कूलों पर मुनाफाखोरी करने और बच्चों की पोशाक से लेकर किताब तक स्कूल से खरी. दने के लिए विवश करने के आरा. प पर शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सभी संस्थानों को एक ही रंग में रंगना गलत होगा। बीजू जनता दल की सुलता देव ने एक पूरक प्रश्न पूछते हुए आरोप लगाया कि निजी स्कूल शिक्षा के नाम पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं।

अभिभावकों को पोशाक, किताबें, स्कूल बैग आदि स्कूल से ही खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। इसके जवाब में चौधरी ने कहा कि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है और राज्यों की इसमें बड़ी भूमिका होती है। मेरी आपत्ति है। एक ब्रश से सभी संस्थाओं को आप पेंट कर रही हैं, कह रही हैं कि निजी स्कूलों में मुनाफाखोरी हो रही है, ऐसा कहना भी अनुचित होगा। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि समावेशी शिक्षा के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 14,013 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। देश भर में कुल 14. 71 लाख स्कूल हैं, जिनमें से 11. 64 लाख में रैम्प हैं। उनके लिए टॉयलेट और अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए केंद्र सरकार राज्यों की मदद करती है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने सदन को सूचित किया कि सरकारी स्कूलों में जहां शिक्षकों की संख्या बढ़ रही है, वहीं छात्रों की संख्या घट रही है।

# नकली दवाओं का कारोबार भाजपा के संरक्षण में

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा अध्यक्ष ने कहा: भाजपा सरकार में तमाम तरह का अवैध और नशे का कारोबार जारी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार के संरक्षण में कफ सिरप के नाम पर नकली दवाएं और जहर बेचा जा रहा है। यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में तमाम तरह का अवैध और नशे का कारोबार हो रहा है। अवैध कारोबारियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है।

उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार का सारा साम्राज्य भाजपा सरकार में खप हुआ है। इसमें ऊपर से नीचे तक सब मिले हुए हैं। भाजपाई एक तरफ भ्रष्टाचार करके सरकारी बजट लूट रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में नकली सामान और दवाएं बनाकर जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा करते हुए बड़ी-बड़ी लफ्फाजी करने वाले अब कहां गुम हो गए हैं। नकली और जहरीली सिरप के हजारों करोड़ के अवैध कारोबार पर चुप्पी क्यों है। भाजपा सरकार में प्रदेश में अराजकता चरम पर है। भ्रष्टाचार और लूट की पराकाष्ठा है। यूपी में ऐसा फर्जीवाड़ा कभी नहीं हुआ था। भाजपा का भ्रष्ट सिस्टम प्रदेश की जनता को बीमार और बेहाल बना रहा है। यादव ने कहा कि इस सरकार में लोगों की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हैं।

## उत्तर प्रदेश के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज: योगी

# पीएसी का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने लखनऊ में यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 78 वर्षों से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है। उन्होंने जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही आपकी पहचान बननी चाहिए।

सरकार आश्वस्त करती है कि आपके सम्मान व सरकार के स्तर पर मिलने वाली सुविधा-संसाधन में निरंतर वृद्धि होती रहेगी। उत्तर प्रदेश के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया।

सीएम ने 78वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी बल को बधाई दी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में पीएसी बल आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश में महत्वपूर्ण त्योहारों, अति. विशिष्ट महानुभावों के आगमन, लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव' को शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्च पर कार्य करता है। पीएसी के अधिकारी व कार्मिक विभिन्न आयामों के माध्यम से न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के अंदर यूपी पीएसी बल, एसएसएफ, यातायात पुलिस, प्रतिसार निरीक्षक ड्यूटी, प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षक, एटीएस व एसटीएफ कमांडो के रूप में सेवाएं प्रदान कर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने पीएसी बल के अदम्य साहस की चर्चा करते हुए बताया कि 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसम्बर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। जुलाई 2005 में श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया गया था। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए यूपी के अंदर बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखा और आंतरिक सुरक्षा के माध्यम से यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की। संख्या, क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीक के स्तर पर पीएसी की सशक्त बनाने का कार्य निरंतर जारी है।

### कोहरे और ठंड को लेकर मुख्यमंत्री के अधिकारियों को सख्त निर्देश

लखनऊ। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रदेश भर में अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त, आईजी, जिलाधिकारी, पुलिस, ट्रैफिक और नगर निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनजीवन, यातायात और निराश्रितों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कों, गलियों, हाईवे से लेकर एक्सप्रेस-वे तक सुरक्षा इंतजाम चाक-चौबंद रखे जाएं। इसके साथ ही, एक्सप्रेस-वे पर पेट्रोलिग बढ़ाने, ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, टीमें तैनात करने, क्रेन और एम्बुलेंस को 24ग7 उपलब्ध रखने तथा टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से चालकों को कोहरे की चेता. वनी देने के निर्देश दिए हैं। योगी ने खराब विजिबिलिटी में यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



सेंसेक्स 84559.65
निफ्टी 25818.55



सोना रु. 117330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन लुढ़के

## बिकवाली हावी, प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। शुरुआती बढ़त के बाद बाजार में बिकवाली हावी हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 120.21 अंक (0.14 फीसदी) गिरकर 84,559.65 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 41.55 अंक यानी 0.16 फीसदी नीचे 25,818.55 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का 10 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.63 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.73 प्रतिशत फिसल गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, रसायन, मीडिया, निजी बैंकों और एफएमसीजी सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही।

वहीं सरकारी बैंकों, आईटी और धातु सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर करीब डेढ़ फीसदी की बढ़त में रहा। इंफोसिस, सनफार्मा, टीसीएस, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। ट्रेंट का शेयर डेढ़ प्रतिशत के अधिक टूटा। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में एक-एक फीसदी के करीब गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, बीईएल, टाइटन आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

# गिरावट से उबर कर रुपया 63 पैसे मजबूत हुआ

मुंबई। रुपया कई दिनों की गिरावट से उबरता हुआ बुधवार को मजबूत वापसी करने में कामयाब रहा और शुरुआती कारोबार में 63 पैसे की तेजी के साथ 90.3075 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 90.9375 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी।

रिजर्व बैंक के डॉलर/रुपया स्वैप का पहला चरण मंगलवार को पूरा होने के बाद, जिसमें केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों से पांच अरब डॉलर खरीदा है, बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मांग कम हुई है। इससे रुपया मजबूत हुआ है। भारतीय मुद्रा आज 11.25 पैसे टूटकर 91.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुली, लेकिन कुछ ही देर में तेजी से वापसी करते हुए 89.9675 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। हालांकि बाद में इसकी तेजी कुछ कम हुई और खबर लिखे जाते समय यह 63 पैसे की बढ़त में 90.3075 रुपये प्रति डॉलर पर रही।

# चावल, गेहूं मजबूत, दालें, चीनी नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़ जारी रही

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी रही। वहीं, चीनी और दालों के दाम घट गए जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सात रुपये बढ़कर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,866 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत तीन रुपये बढ़ गई। दाल.दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल 65 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। उड़द दाल की कीमत 31 रुपये और चना दाल की 27 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल में 14 रुपये और मूंग दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा तीन रिंगिट चढ़कर 3,965 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर में 48.62 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल 12 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल भी 10 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति 17 रुपये और मूंगफली तेल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल के भाव में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 26 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। चीनी भी 13 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन : दाल चना 7831.57 रुपये, मसूर काली 8149.01 रुपये, मूंग दाल 10098.14 रुपये, उड़द दाल 10358. 68 रुपये, तुअर दाल 10544.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्र गेहूं दड़ा 2866.34 रुपये और चावल 3863.86 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंत्र 3305.49 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4316.57 रुपये और गुड़ 4,988. 71 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17663.51 रुपये, मूंगफली तेल 17824.58 रुपये, सूरजमुखी तेल 15769.99 रुपये, सोया तेल 13777.67 रुपये, पाम ऑयल 12470.87 रुपये और वनस्पति 14465.68 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

### अमेठी में एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाले खुलासे

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। एसआईप्रक्रिया जिले में अब अंतिम चरण में है। इसके बावजूद जिले में करीब पौने तीन लाख मतदाता ऐसे हैं, जिनका पता नहीं चल पा रहा है। फिलहाल जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के बीएलए और बीएलओ को पुन: सूची से मिलान करने के निर्देश दिए है। जिले के चारों तहसीलों में कुल 14 लाख 36 हजार 528 मतदाताओं की वोटर लिस्ट की जांच की गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली की...**

क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें। इस दौरान दिल्ली में स्कूलों को बंद किए जाने का मुद्दा उठा। वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं, तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की। जिस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमारी समस्या है कि ऐसे मामलों में हमें विशेषज्ञों की सलाह कम मिलती है और उनकी जगह वकील ही विशेषज्ञ बन जाते हैं। दिल्ली- एनसीआर में वायु प्रदूषण संकट पर सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार ने दलील दी कि 2.5 लाख निर्माण श्रमिकों में से 7,000 का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि श्रमिकों के खातों में स्थानांतरित किया गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए, न किसी अन्य खाते में चला जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण का भी मुद्दा उठा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनाट प्लेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिए। सीजेआई ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की।

# भारतीय उद्यमियों की सूची में दीपिंदर गोयल शीर्ष पर

## वैल्युएशन 27 प्रतिशत बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया

नई दिल्ली, वार्ता

■ एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन का वैल्युएशन 13 प्रतिशत कम हुआ

हुरुन इंडिया ने नई कंपनी खड़ी करने वाले शीर्ष 200 भारतीयों की सूची जारी की है जिसमें इटरनल के दीपिदर गोयल पहले स्थान पर हैं। हुरुन इंडिया की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ जारी इस सूची में गोयल ने पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनका वैल्युएशन 27 प्रतिशत बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

इस सूची में उन उद्यमियों को शामिल किया गया है, जिन्होंने साल 2000 के बाद खुद अपने दम पर कंपनी खड़ी की है। पिछले साल पहला स्थान हासिल करने वाले एवेन्यु सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी का वैल्युएशन 13 प्रतिशत कम हुआ है और यह तीन लाख करोड़ रुपये रह गया है। इंटरग्लोबल एविएशन (इंडिगो) के राहुल भाटिया और राकेश अग्रवाल को पहली बार इस सूची में जगह मिली है और वे सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

कंपनी का वैल्युएशन 2.2 लाख करोड़ रुपये है। पेटीएम और लेंसकार्ट ने भी शीर्ष 10 में जगह बनाई है, जबकि रेजरपे और जेरोधा शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक एवं मुख्य अनुसंधानकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि इस सूची में शामिल सभी उद्यमों का संयुक्त कारोबार 469 अरब डॉलर है। वहीं सूची में पांच ऐसी कंपनियां भी हैं, जिनकी स्थापना साल 2020 के बाद हुई थी। उनका संयुक्त नेटवर्थ 78,000 करोड़ रुपये है। सूची में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट के अभय सोय चौथे, स्विगी के हर्ष मजेटी तथा नंदन रेड्डी पांचवें, मेकमायट्रिप के दीप कालरा तथा राजेश मगाव छठे और पॉलिसी बाजार के याशिष दहिया तथा आलोक बंसल सातवें स्थान पर हैं। आठवें स्थान पर पेटीएम के विजय शेखर शर्मा, नवें स्थान पर नायका की फाल्गुनी नायर तथा अद्वैता नायर और 10वें स्थान पर लेंसकार्ट के पीयूष बंसल, अमित चौधरी, नेहा बंसल और सुमित कपाही हैं।

# उप्र के सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में खोली जाएंगी डिजिटल लाइब्रेरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आधुनिक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहले चरण में प्रदेश की 11,350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है, जिससे गांव के छात्र अब शहरों पर निर्भर हुए बिना सिविल सर्विसेज सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि हर डिजिटल लाइब्रेरी पर चार लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें दो लाख रुपये की पुस्तकों की व्यवस्था होगी, जबकि 1-30 लाख रुपये के आईटी इक्यूपमेंट और 70 हजार रुपये के आधुनिक फर्नीचर लिए जाएंगे। लाइब्रेरी में ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो कंटेंट, क्विज और करीब 20 हजार डिजिटल शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध रहेगी। पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से डिजिटल लाइब्रेरी खोली जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधरेगा और युवा रोजगार के लिए अधिक सक्षम बन सकेंगे। डिजिटल लाइब्रेरी का प्रबंधन ग्राम प्रधान और सचिव करेंगे, जबकि सहायक अधिकारी इसकी नियमित देखरेख करेंगे। योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 35 जिलों में पुस्तकों का चयन पूरा कर लिया गया है।

# फांसी का फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**परिजनों की गैर मौजूदगी में मृतक ने उठाया कदम**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एटूजेड कॉलौनी में किराये के मकान पर रह रहे व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लए भेज दिया। मृतक यहां पर किराये पर रहता था और अभी तक पुलिस के सामने आत्महत्या का कारण नहीं आ सका।

बुधवार की सवेरे नई मंडी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि ग्रीन स्टेट एटूजेड कॉलौनी में एक व्यक्ति ने आत्म हत्या करली है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जहां मृतक की शिनाख्त सचिन कुमार पुत्र विजय पाल उम्र 52 वर्ष के रूप में की गई।

पुलिस को जांच पडताल के दौरान जानकारी मिली कि मृतक सचिन कुमार अविवाहित थे और घटना के समय परिवार का कोई भी सदस्य नहीं था। दरोगा दीपक मावी पुलिसकर्मियों के साथ छानबीन में जुटे रहे और कुछ ही देर में यहा आसपास के लोगों की भीड इकट्ठा हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पंखे के फंदे पर लटक रहे सचिन का शव नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से सम्पर्क करने के लिए जरूरी कागजात चैक किए। पुलिस का कहना है कि अभी तक आत्महत्या का कारण सामने नहीं आ सका और यह भी जानकारी मिली है कि मृतक सचिन मूलरूप से उत्तराखंड का निवासी था और काफी समय से यहां वह किराये पर रहता था अभी तक पुलिस को आत्महत्या के संबंध में कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पुलिस मृतक के परिजनों से सम्पर्क कर रही है और इस घटना के बाद आसपास के लोगों में भी तरह-तरह की चर्चा है।

## सड़क हादसों में चार लोग गंभीर घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**खतौली।** क्षेत्र में बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। दोनों ही घटनाओं में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पहली घटना थाना चौकी भैंसी क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-58 पर होटल झिलमिल के पास हुई। यहां मेरठ से गुरुकुल की ओर जा रहे बाइक सवार दंपती और एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में धर्मेंद्र पुत्र कालू (41 वर्ष) निवासी ग्राम माजरा थाना भोपा, उनकी पत्नी सुलेखा (30 वर्ष) और चेतन पुत्र धर्मेंद्र (19 वर्ष) घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। दूसरी घटना मंसूरपुर थाना क्षेत्र के नावला फ्लाईओवर के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। इस हादसे में पटेल नगर मुजफ्फरनगर निवासी विशाल पुत्र प्रमोद (32 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पीआरवी मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से घायल को सीएचसी खतौली ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पीआरवी पर तैनात कांस्टेबल प्रदीप कुमार और नरेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दी। पुलिस दोनों ही सड़क हादसों के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

# गन्ने से लदे ट्रॉले में दबकर युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** गन्ने से भरे ट्रेक्टर ट्रोले के नीचे दब जाने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नही कराया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। गांव में भी शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद बागपत के थाना रमाला क्षेत्र के गांव किरठल का लगभग 45 साल का देवेंद्र पुत्र ब्रजपाल सिंह आज बृहस्पतिवार की अल सुबह अपने सेंटर से अपने ट्रेक्टर ट्रोले में अवर लोड गन्ने भरकर बजाज शुगर मिल भसाना में आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देवेंद्र सिंह ने शराब का सेवन किया हुआ था। वह ट्रेक्टर ट्रोले को बेतरतीब चला रहा था। जब वह भसाना शुगर मिल के समीप आया तो तेज रफ्तार गन्ने से भरा हुआ ट्रेक्टर ट्रोला अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें देवेंद्र की दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पर उमरपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज मोहित तेवतिया और कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और शव को घटनास्थल पर मौजूद मिले लोगों की सहायता से ट्रोले के नीचे से निक. ालकर सीएचसी बुढ़ाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। शव की शिनाख्त पुलिस को किसी आगंतुक का मृतक के मोबाइल पर काल आने से हुई तो परिजनों को घटना की सूचना दी गयी। परिजन रोते बिलखते मौके पर आए और शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर मृतक देवेंद्र का शव साथ ले गये।

## दरोगा के साथ मारपीट में छह महीने बाद मुकदमा दर्ज

**मोरना।** शुक्रताल स्थित मकान मे घुसकर कब्जे का प्रयास करने व दरोगा के साथ दर्जनों आरोपियों द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश मे आया है। पुलिस ने छः माह बाद कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना चरथावल क्षेत्र के गांव मथुरा निवासी कुलदीप कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह उत्तर प्रदेश पुलिस मे दरोगा के पद पर तैनात है। उसका मकान शुक्रताल की शिवधाम कालोनी में है।बीते 29 मई की शाम पांच आरोपी अपने पंद्रह अज्ञात साथियों के साथ हथियारों के साथ जबरदस्ती मकान में घुस आये तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अश्लील गालियां देते हुए मकान पर अवैध रूप कब्जा करने लगे। विरोध करने पर आरोपी मारपीट करने लगे शोर सुन आस-पास के ग्रामीणों ने दरोगा की जान बचाई पीड़ित ने थाना पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की जिसके बाद पुलिस ने आरोपी भूषण, अनुज, किरतपाल, रोबिन निवासी फिरोजपुर व हिमांशु निवासी शुक्रताल सहित पंद्रह अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पश्चिम में हाई कोर्ट बेंच की मांग को सड़कों पर उतरे अधिवक्ता

## वर्षों से लंबित मांग को महाबंद को व्यापारियों व आम जन का मिला समर्थन






शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर चल रहा वर्षों पुराना आंदोलन अब आमजन की आवाज बनता दिखाई दे रहा है। बुधवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक अधिवक्ताओं के आह्वान पर 'महाबंद' रखा गया, जिसका व्यापक असर देखने को मिला। अधिवक्ताओं के साथ व्यापारी संगठनों ने भी अपना समर्थन देते हुए प्रमुख बाजार पूरी तरह बंद रखे। महा. बंद को सफल बनाने के लिए जिला बार संघ और सिविल बार एसोसियेशन के नेतृत्व में हजारों अधिवक्ता कचहरी परिसर से नारेबा. जी करते हुए शिव चौक पहुंचे। इसके बाद अधिवक्ताओं और व्यापारियों ने संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख बाजारों भगत सिंह रोड, झांसी की रानी चौक, एसडी मार्केट, रुड़की रोड, टाउन हॉल रोड, आर्य समाज रोड, महावीर चौक, मीनाक्षी चौक पर दुकानें बंद कराई।

पूरे शहर में बंद का व्यापक असर रहा और आम जनमानस ने भी आंदोलन को समर्थन जताया। दरअसल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को न्याय के लिए प्रयागराज (इलाहाबाद) स्थित हाई कोर्ट जाना पड़ता है, जो सैकड़ों किलोमीटर दूर है।

लंबी दूरी, समय और खर्च के कारण न्याय प्रक्रिया आम नागरिक के लिए महंगी और कठिन हो जाती है। इसी समस्या को देखते हुए दशकों से अधिवक्ता हाई कोर्ट बेंच की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक यह मांग पूरी नहीं हो सकी है। सरकारों की उपेक्षा से क्षुब्ध अधिवक्ताओं का यह आंदोलन अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने 'हाई कोर्ट बेंच हमारा अधिकार है' और 'पश्चिम यूपी को न्याय चाहिए जैसे नारों के साथ सरकार से तत्काल निर्णय लेने की मांग की।

वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर हुआ यह महा. बंद न केवल अधिवक्ताओं की एकजुटता का प्रतीक बना, बल्कि यह संकेत भी दे गया कि अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह पुरानी मांग अनदेखी नहीं की जा सकती।

### ठंड के बावजूद भी जोश में दिखे अधिवक्ता, जुटाया आम समर्थन

**मुजफ्फरनगर।** हाईकोर्ट बेंच के लिए आंदोलनरत केन्द्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को इसे जनांदोलन शीतलहार के बावजूद अधिवक्ता पूरे उत्साह और जोश के साथ सड़कों पर उतरे और उनको बाजार बंदी के लिए व्यापारियों का मान मनौवल कराकर समर्थन मांगा। कहचरी में अपने सभी चौंबरों को बंद करते हुए प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरे और हाईकोर्ट बेंच को पश्चिम यूपी में स्थापित किए जाने की मांग को जनहित का मुद्दा बताते हुए बाजारों में घूम-घूमकर आम आदमी का समर्थन जुटाने का प्रयास किया।

### बाजारों में घूमकर अलग-अलग टोलियों ने संभाली व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर।** सुबह सवेरे से ही बाजार खुले रहने पर अधिवक्ताओं ने आंदोलन को असरदार बनाने के लिए स्वयं बाजारों में उतरकर दुकानदारों से बंदी की अपील की। जिला बार एसोसिएशन और सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की टोलियां शहर के विभिन्न बाजारों में घूमती रहीं। अधिवक्ताओं ने मीनाक्षी चौक, शिव चौक, प्रकाश चौक, सिटी सेंटर, दाल मंडी, पान मंडी, सर्राफा बाजार, लोहिया बाजार, भगत सिंह रोड, एसडी मार्केट, मोलाहेड़ी मार्केट, शिव मार्केट और तहसील मार्केट में पहुंचकर दुकानों को बंद कराने की अपील के साथ कई स्थानों पर अधिवक्ताओं ने दुक. ानदारों से सहयोग मांगा।

### सस्ते और सुलभ न्याय के लिए बैंच जरूरी

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ के अध्यक्ष ठाकुर कंवर पाल सिंह व महासचिव चन्द्रवीर सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीति वर्चस्व कम होने के कारण यह मांग अब तक अधूरी है। उन्होने कहा कि न्याय पाने के लिए लोगों को इलाहाबाद का रूख करना पड़ता है इसलिए हाईकोर्ट बैंच की स्थापना न केवल आमजन को राहत देगी, बल्कि न्यायिक व्यवस्था भी मजबूत करेगी। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासि. चव ने भी कहा कि पश्चिम यूपी की जनता को सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने के लिए हाईकोर्ट बैंच की स्थापना जरूरी है।

### मंत्री कपिल ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं सदर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ कानून मंत्री को पत्र लिखकर हाईकोर्ट बैंच की स्थापना का अनुरोध करते हुए कहा कि पश्चिम में हाईकोर्ट बैंच स्थापना की बेहद जरूररत है। उन्होने अधिवक्ताओं के आंदोलन का सहयोग करते हुए कहा कि इस बैंच की स्थापना से 22 जिले के लोगों को त्वरित सुलभ और सस्ता न्याय प्राप्त हो सकेगा साथ ही मुकदमों को शीघ्र निस्तारण में भी सहायता मिलेगी।




# किसान दिवस में गूंजा विभागों की मनमानी का मुद्दा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** किसान दिवस में किसानों ने अपनी समस्याएं उठाते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगाते हुए जमकर विरोध दर्ज कराया। जिला पंचायत सभागार में अपर जिलाअधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान किसानों ने कहा कि उनकी शिकायतों का वर्षों से समाधान नहीं किया जा रहा है और अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति कर रहे हैं। आरोप था कि राजस्व, विद्युत और सिंचाई विभाग से जुड़ी समस्याओं में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारी भ्रष्ट हो चुके हैं और उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं।



# डीएफओ की जांच में खुली भ्रष्टाचार की परत

## पालिका के दोषी अफसरों के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका के अधीन कमला नेहरू वाटिका से काटे गए हरे पेड़ों के मामले में डीएफओ की जांच के बाद भ्रष्टाचार की नई परत खुलकर सामने आई है। कटान हुए पेडों का आकलन कराया था। इस मामले में नया मोड उस वक्त आ गया जब जिले के नये डीएफओ अभिनव राज ने मुल्याकंन करने के लिए दोबारा स्थलीय निरीक्षण किया और पूर्व में विभागीय स्तर पर की गई रिपोर्ट को खारिज कर दिया।

सूत्रों के अनुसार डीएफओ अभिनव राज ने विभागीय टीम का गठन कर जांच कराई। बताया गया कि 15 दिसम्बर को डीएफओ ने कमला नेहरू वाटिका में काटे गए विभिन्न प्रजाति के वृक्षों की शिकायत की जांच हेतु क्षेत्रीय वनाधिकारी, मुजफ्फरनगर के नेतृत्व में टीम का गठन किया, क्षेत्रीय वनाधिकारी द्वारा अधीनस्थ रेंज स्टाफ के साथ कमला नेहरू वाटिका का स्थलीय निरीक्षण किया गया, इस दौरान वाटिका में तैनात पालिका के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इसी जांच में पालिका के अधिकारियों का पेड़ कटान से जुड़ा मिलीभगत और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया। डीएफओ ने बताया कि स्थलीय निरीक्षण के दौरान कंपनी बाग में मौके पर जांच दल को कुल छह पेड़, जिनमें एक जामुन, एक सिरस, एक पाम, एक अमरूद दो बेल पत्थर प्रजाति के वृक्ष उखड़ी और गिरी अवस्था में मिले, जिनमें से एक जामुन, एक सिरस एक पाम प्रजाति के वृक्षों का मूल्यांकन नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर द्वारा पूर्व में विभाग के माध्यम से कराया गया है परन्तु बाकि फलदार पेड़ों, जिनमें एक अमरूद व दो बेल पत्थर प्रजाति के वृक्षों का मूल्यांकन नगर पालिका द्वारा नहीं कराया गया और बगैर मूल्यांकन कराए वृक्षों को गिराना या उनका पतन करना गैरकानूनी है, जो गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

जिम्मेदार व्यक्तियों और संस्था के खिलाफ तत्काल स्तर पर एफआईआर दर्ज करायें। इस प्रकरण की शिकायत सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा ने सभासदों के साथ जिलाधिकारी से मिलकर की थी। जिस पर डीएम ने इस मामले में कमेटी बनाकर जांच कराई। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव ने भी इसकी जांच वन एवं पर्यावरण विभाग को सांपी है।

# स्विफ्ट कार व पांच लाख न देने पर महिला को घर से निकाला

**बुढ़ाना।** गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने बुढ़ाना पुलिस को बतलाया कि उसकी शादी पौने दस साल पहले शहजाद पुत्र इदरीश ग्राम छतैला तितावी संग हुई थी। उसके पिता ने शादी में 15 लाख रुपये खर्च किये थे। उसका पति, ससुर, जेठ प्रवेज, ननद शाहना व शबाना दिये गये दहेज से खुश नही थे। अब वे उससे अतिरिक्त दहेज में स्विफट कार और 05 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नही होने पर उसके संग मारपीट कर उसे तलाक देने और पति शहजाद की दूसरी शादी करने की धमकी दे रहे थे। उसका साढे 3 वर्ष का पुत्र आहद है जो उसके पास है। वह अब अपने मायके में ही रह रही है। उसके पति शहजाद ने अपने परिजनों के कहने पर नूरी पुत्री फैजू निवासी ग्राम कुंडाकलां गंगोह के संग चार वर्ष पूर्व ही दूसरी शादी कर ली थी। अब शहजाद अपनी दूसरी पत्नि नूरी को लेकर अज्ञात स्थान पर रह रहा है और उसके परिजन उससे मिलने जाते रहते हैंघ। अब उसको उसके ससुरालिये ससुराल से निकालना चाहते हैं। वह उसके पुत्र की हत्या करने की धमकी देते हैं। उसका जेठ उस पर गलत नजर रखता है। जिसने कई बार उसके साथ छेडछाड की। आरोपी ससुरालिए उसे चौन से उसकी ससुराल में रहने नही देना चाहते और ना ही उसे और उसके बच्चों को किसी भी प्रकार का भरण पोषण देते हैं। पीड़िता ने पांचों आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# ढ़ाबे पर काम करता मिला मैनपुरी से लापता शैलेन्द्र

**चार वर्ष पूर्व मैनपुरी से अचानक हुआ था लापता**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** चार साल पूर्व मैनपुरी से अचानक लापता हुआ व्यक्ति तितावी क्षेत्र के एक ढाबे पर काम करता हुआ मिला यह व्यक्ति अपनी याददाश्त खो चुका था। पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

तितावी पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर किरायेदार व आसपास के दुकानों, ढाबों व होटलो पर काम करने वाले लोगों के सत्यापन के लिए अभियान चला रखा है अभियान पूरे जनपद में चल रहा है। तितावी थाने के एसएसआई अजय पाल सिंह ने ढाबों पर नौकरों के सत्यापन की कार्यवाही शुरू की जहां पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भगत जी ढाबे पर पहुंचे तो एक युवक से पुलिस द्वारा पूछताछ शुरू की गई उसने अपना नाम शैलेन्द्र उर्फ शंकर निवासी जिला मैनपुरी बताया। बताया जाता है कि जांच करने पहुंचे दरोगा नवनीत यादव भी मैनपुरी के निवासी है जिसके चलते उन्होने उक्त व्यक्ति से गंभीरता से पूछताछ की।

इसके बाद पुलिस ने शैलेन्द्र द्वारा बताए गए गांव में उसके संबंध में जानकारी ली गई। शंकर ने अपने गांव का बृजपुर बताया था। इसकी तस्दीक गांव के प्रधान से सी-प्लान एप के जरिए की गई। इसके बाद पुलिस को पता चला कि शैलेन्द्र काफी समय से अपने गांव से लापता है इस मामले की जानकारी जब सीओ फुगाना नीरज कुमार को लगी तो उन्होने प्रधान के माध्यम से शैलेन्द्र के परि. जनों से बात की तो सामने आया कि शैलेन्द्र के पिता जगदीश चन्द्र निवासी ब्रजपुर थाना बिछवा जनपद मैनपुरी है और शैलेन्द्र चार साल से गांव से लापता था। और उसकी गुमशुदगी बिछवा थाने में दर्ज है। लापता होने के बाद परिजन उसकी लगातार तलाश करते रहे, लेकिन शैलेन्द्र की मानसिक स्थित ठीक नहीं थी इसलिए वह अपना नाम पता भी भूल चुका था। तितावी पुलिस ने शैलेन्द्र के परिजनों को बुलाया और उसको पिता के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि पुलिस का सी-प्लान एप पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाने और अपराध रोकने के लिए बनाया गया है।

यह एप खासतौर पर पुलिसकर्मी और गांव से चुने गए विश्वसनीय लोगों के लिए है, ताकि खबरों का आदन-प्रदान किया जा सके। इस एप को डायल 112 की सेवा से भी जोडा गया है। इसमें खास बात यह है कि आम लोग इसे डाउनलोड नहीं कर सकते।

# चोरों ने नकदी सहित स्कार्पियो कार उड़ाई

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक सगाई समारोह के चलते एक स्कार्पियो कार और उसमें रखी 11 हजार रुपये की नगदी चोरी कर पुलिस में हड़कम्प मचा दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखाव. तपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के हुसैनपुर कलां गांव निवासी आजाद खान पुत्र नियाज ने बुढाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उन्होंने लगभग तीन साल पहले शाहनवाज अहमद पुत्र मौहम्मद युसुफ से एक स्कार्पियो कार खरीदी थी। उन्होंने इसकी नोटरी भी कराई थी और गाड़ी का इस्तेमाल वही कर रहे थे। बीती बुधवार की रात आजाद अपनी भतीजी की सगाई में बुढ़ाना क्षेत्र के एक बैंकट हाल में आए हुए थे। उन्होंने अपनी स्कार्पियो कार को पार्किंग में खड़ी कर दी। जिसमें 11 हजार रुपये की नगदी के अलावा अन्य सामान भी रखा हुआ था। बीती रात लगभग 11 बजे शाहनवाज और उसके चचेरे भाई हातिम पुत्र इब्राहिम ने दूसरी चाबी का इस्तेमाल कर गाड़ी चुरा ली। गाड़ी चोरी करके ले जाते हुए हुसैनपुर कलां के कुछ लोगों ने उन्हें देखा और आजाद को इसकी जानकारी दी। तब आजाद ने बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचकर एक तहरीर दी। जिसके आधार पर बुढ़ाना पुलिस ने शाहनवाज और हातिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी। उधर चर्चा है की कार चोरी नहीं हुई। पैसों के लेन-देन को लेकर ऐसा किया गया है।

# न्याय को पुलिस कार्यालय पहुंची युवती

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** न्याय की मांग को लेकर पुलिस कार्यालय में पहुंची सिपाही की पत्नी ने जब यह कहा कि उसने जहर का सेवन कर लिया है तो पुलिसकर्मियों ने उसको तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान जहर खाने की पुष्टी नहीं हुई।

नोएडा में सिपाही पद पर तैनात पुलिसकर्मी की पत्नी सिविल लाइन क्षेत्र में रहती है। बताया जाता है कि महिला का बेटा है और वह उसकी ससुराल में रहता है। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व महिला काफी समय से अपने पति के साथ रहने और खर्चा दिलाने की गुहार लगा रही है। उक्त महिला कई बार पुलिस अधिकारियों से भी मिल चुकी है। बुधवार को सिपाही की पत्नी पुलिस कार्यालय पहुंची, लेकिन यहां उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब महिला ने बताया कि वह यहां पर आखिरी बार आई है और उसने जहर का सेवन कर लिया है। इतना सुनते ही पुलिसकर्मियों ने उस को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरो ने तुरंत ही महिला का इलाज शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान जहर की पुष्टी नहीं हुई।

डॉक्टरो ने बताया कि जहर का सेवन नहीं किया है। इसके बाद ही पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस अधिकारियों ने सिविल लाइन पुलिस को इस मामले में जांच पड़ताल के आदेश दिए है।

## किशोरी के अपहरण में फरार आरोपी दबोचा

**मुज़फ्फरनगर।** किशोरी के अपहरण व अन्य गंभीर मामलो में फरार चल रहे आरोपी को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस किशोरी को पहले ही बरामद कर चुकी थी। आज आरोपी को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया गया।

बता दे कि छह दिसम्बर को नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव मिमलाना निवासी सचिन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को बताया गया था कि कक्षा ग्यारह की छात्रा कॉलेज के लिए निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी पुलिस ने इस मामले को गंभीर मामले में दर्ज कर लिया था। इसके बाद यह मामला चर्चाओं में आया और हिन्दू संगठन के लोगों ने किशोरी की बरामदगी को लेकर धरना प्रदर्शन किए। जहां एसएसपी द्वारा बनाई गई टीम ने सोलह दिसम्बर को किशोरी को एमपी से बरामद कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे मुदस्सिर पुत्र हसरत निवासी मिमलाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में कड़ी कार्यवाही की है।

# खतौली में काम बंद रख अधिवक्ताओं ने बैंच की मांग को किया प्रदर्शन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन खतौली के अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। हाईकोर्ट स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने तहसील में पूर्ण बंद रखते हुए पैदल मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के उपरांत प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा को सौंपा गया। प्रदर्शन के चलते तहसील परिसर में पूरे दिन न्यायिक कार्य ठप रहा, जिससे दूर-दराज से आए वादकारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं ने कहा कि पश्चिमी यूपी के 22 जिलों के लोगों को सुलभ और शीघ्र न्याय दिलाने के लिए यहां हाईकोर्ट बेंच की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। इस आंदोलन को पिछड़ा समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी समर्थन देते हुए अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भागीदारी निभाई।

### पांच दशक से जारी है मांग

**खतौली।** महासचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रयागराज स्थित हाईकोर्ट और लखनऊ बेंच का क्षेत्राधिकार सीमित है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिले आज भी प्रयागराज हाईकोर्ट पर निर्भर हैं। मेरठ, मुजफ्फरनगर जैसे जिलों से प्रयागराज की दूरी लगभग 800 किलोमीटर है। लगभग सात करोड़ की आबादी और पिछले 50 वर्षों से चल रहे संघर्ष के बावजूद सरकारों द्वारा ठोस निर्णय न लिया जाना अधिवक्ताओं और वादकारियों के साथ अन्याय है।प्रदर्शन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र सैनी, कोषाध्यक्ष सावन कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र सैनी, कोषाध्यक्ष सावन कुमार, राजवीर सिंह, जितेंद्र त्यागी, दिमाग सिंह, सुभाष चंद्र, वेद प्रकाश उपाध्याय, सचिन आर्य, नवाब सिंह, लाल सिंह, अशोक अहलावत, राजगृही यादव, राजेश कुमार, प्रमोद शर्मा, मोहम्मद अरशद, मुकेश शर्मा, शाकिर मिर्ज़ा, संदीप कुमार, आदिल खान, अभिषेक गोयल, संत कुमार अहलावत, मोनू त्यागी, ललित कुमार, सीता राम, आनंद उपाध्याय, अशोक सैनी, सुमित कुमार, रवि कुमार, काजी मजाहिर, आकाश सैनी, पदम कुमार, विजेंद्र कुमार, मनीष कुमार, सचिन कुमार, अनुज जैन, अभिषेक भड़ाना, पंकज कुमार, अमित सैनी, तरुण मोघा, महताब अहमद, महराज अली, परविंदर कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग दोहराई।



### न्याय की राह में दूरी सबसे बड़ी बाधा

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन उपाध्याय ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनसंख्या अत्यधिक होने के बावजूद आज तक यहां हाईकोर्ट बेंच का न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रयागराज या लखनऊ तक लंबी दूरी तय करना आम नागरिकों के लिए आर्थिक और मानसिक रूप से भारी पड़ता है। बेंच के अभाव में मुकदमों के निस्तारण में भी वर्षों लग जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर की ब्लॉक स्तरीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर में हुआ जिसमें शाहपुर के विभिन्न स्कूलों ने प्रतिभा किया।इस खेल प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय दुल्हेरा के बच्चों ने अपनी मेहनत से हर खेल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय दुल्हेरा की वंशिका ने 200मीटर दौड़ में प्रथम , 4x100 रिले रेस में द्वितीय, देव बैडमिंटन बॉयज सिंगल में प्रथम, देव व देव कुमार बैडमिंटन बॉयज डबल में प्रथम, बैडमिंटन गर्ल्स सिंगल में आयशा प्रथम, बैडमिंटन गर्ल्स डबल में आयशा व कावन प्रथम, 29 किलाे ग्राम वर्ग में कुश्ती में अवतार प्रथम, 32 किलोग्राम वर्ग में कुश्ती में कन्हैया प्रथम, 39 किलोग्राम वर्ग में कुश्ती में शिवा प्रथम, गोला फेक में देव कुमार प्रथम, तश्तरी फेक में देव कुमार प्रथम, ओर टीम इवेंट्स में योगा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार जी ने बच्चों को ट्रॉफी और मेडल देके सम्मानित किया।




# बढ़ते प्रदूषण को लेकर जनपद में ग्रैप प्लान लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण गितेश चंद्रा ने बताया है कि जनपद में ग्रेडेड रेस्पोन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) प्रभावी होने के दृष्टिगत् जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नियमित रूप से उद्योगों के निरीक्षण किये जा रहे हैं तथा निरीक्षण में दोषी पाये जाने वाले उद्योगों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस एवं सीलिंग की कार्यवाही की जा रही है।



आज भोपा रोड पर ईंधन एवं कच्चे माल के अवशेष सड़क गिरने एवं पानी मिलने के कारण रोड पर कीचड़ से दोपहिया वाहनों के फिसलने एवं राहगीरों के चोटिल होने की शिकायत प्राप्त हुई। उकत के क्रम में उद्योगों द्वारा फायर फाइटिंग टैंकर/जेसीबी के माध्यम से सड़क पर फैली स्लज की सफाई करायी गयी। भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस सम्बन्ध में उद्योगों को पत्र प्रेषित कर निर्देश भी जारी किये गये।

# एसडीएम व भाकियू नेताओं के बीच हुई वार्ता

**बुढ़ाना।** एसडीएम बुढ़ाना श्रीमति अपूर्वा यादव की कार्यशैली को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कुछ पदाधिकारियों में मतभेद थे। जिस से क्षुब्ध होकर भाकियू नेताओं ने विगत दिवस एक बैठक करते हुए आगामी 22 दिसम्बर को बुढ़ाना तहसील का घेराव करने का ऐलान कर दिया था।

उधर एसडीएम भी नहीं समझ पा रही थी कि आखिर किस बात से खफ़ा होकर भाकियू ने 22 दिसम्बर की महापंचायत करने का ऐलान किया है। कहते हैं कि वार्ता से बड़े से बड़े मसले हल हो जाते हैं और आज ऐसा हुआ भी जिसमें आज बृहस्पतिवार के दिन सर्व खाप मंत्री सुभाष बालियान के दिशा निर्देश के अनुसार उनके नेतृत्व में एक समिति ने बुढ़ाना एसडीएम श्रीमति अपूर्वा यादव के साथ मीटिंग की। जिसमें किसानो की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। एसडीएम बुढ़ाना ने सब समस्याओं का संज्ञान लेकर सब समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन पर भाकियू नेताओं और एसडीएम के बीच जो भी गलतफहमी थी वो दूर हो गयी। फिर तय हुआ कि आगामी 22 दिसम्बर को तहसील बुढ़ाना में होने वाली महापंचायत नहीं होगी। जिस पर सभी



कार्यकर्ताओं ने सहमति जताई। इस दौरान एसडीएम से मिलने वालों में मुख्य रुप से सर्व खाप मंत्री सुभाष बालियान, प्रदेश महासचिव सत्येंद्र प्रधान, भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान, जिला संगठन मंत्री विकास प्रधान, बुढाना तहसील अध्यक्ष संजीव पवार, बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर प्रधान, शाहपुर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बालियान, भाकियू बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार अहमद, अंकुर बालियान और राजवीर ठेकेदार आदि भाकियू कार्यकर्ता रहे। वहीं भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, नगर अध्यक्ष इसरार ने बताया कि 22 की महापंचायत को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया है। यदि अधिकारियों ने वादा खिलाफी की तो इस महापंचायत की दोबारा से घोषणा की जाएगी।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित धारीवाला के ग्रामीण

**मोरना।** धारीवाला गांव मे लगभग सेंकड़ो व्यक्ति निवास करते हैं, लेकिन यहां न तो बिजली की सुविधा उपलब्ध है,और न ही कोई पक्का रास्ता। ग्रामीणों ने प्रशासन से मूलभूत सुविधाओं की मांग की है।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव खरपोड़ से दो किमी की दूरी पर स्थित धारीवाला गांव पुराने समय की याद दिलाता है। विकास से कोसो दूर इस गांव मे शाम होते ही केरोसीन से जलने वाले लैम्प और डिबिया से घरों मे प्रकाश होता है। आधुनिक लाइट का प्रकाश आज भी एक सपना है।

बालू व मिटी से भरे रास्तों पर उड़ती धूल विकास पर प्रहार करती नजर आती है। कच्चे दुर्गम रास्तो पर जंगली जानवरों का खतरा अलग है। ग्रामीणों ने बताया की बरसात के मौसम में हालात और अधिक खराब हो जाते हैं, जब रास्तों पर चलना लगभग असंभव हो जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि करीब आठ वर्ष पूर्व मीरावाला गांव से धारीवाला तक बिजली के खंभे लगाए गए थे। तथा विद्युत लाइन और ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया गया था, जिससे लोगों में उम्मीद की किरण जगी थी कि जल्द ही गांव में बिजली पहुंचेगी। परन्तु वन विभाग की आपत्ति के बाद विद्युत लाइन काम रोक दिया गया। जिससे ग्रामीणों की उम्मीदें भी टूट गईं।



मूलभूत सुविधाओं से वँचित ग्रामीण बिंदर सिंह, पप्पू, नरेंद्र, राजबल, सोमपाल, विपिन कुमार, कुलदीप, प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, सनवीर, सचिन सहित महिलाओं विमला, सन्नो, पायल, संतरी, बृजेश देवी, मंगली, बबली, सविता और ज्वाली ने सरकार से मांग की कि गांव में शीघ्र बिजली की सुविधा प्रदान की जाए गांव के सम्पर्क मार्ग का निर्माण किया जाये। तथा अन्य आम सुविधाओं को प्रदान किया जाये।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**जानसठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर जानसठ में पूर्ण बंद रहा, अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

बुधवार को बार एसोसिएशन जानसठ के अधिवक्ताओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने चौंबर और सब रजिस्ट्री कार्यालय बंद कराया, और प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलो से उच्च न्यायालय प्रयागराज की दूरी करीब 800 किलो मीटर है जिससे पश्चिम उत्तर प्रदेश के आम जनमानस को सस्ता एवं शुलभ न्याय नही मिल पाता है जबकि आम जनमानस को सस्ता एवं शुलम न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता मे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलो के अधिवक्ताओं की संयुक्त हाई कोर्ट स्थापना केन्द्रीय संघर्ष समिति, पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता आम जनमानस के हित एवं उन्हे सस्ता एवं शुलभ न्याय प्राप्त हो, इस हेतु पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय प्रयागराज की खण्डपीठ की स्थापना हेतु दशको से संघर्षरत है। परन्तु पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनहित से जुडी उच्च न्यायालय प्रयागराज की खण्डपीठ की जायज मांग को आज तक पूरा नहीं किया गया है।



प्रधानमंत्री से तहसील बार एसोसिएशन जानसठ को अपेक्षा ही नहीं अपितु विश्वास है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश मे उच्च न्यायालय प्रयागराज की खण्डपीठ स्थापना हेतु दशको से चली आ रही मांग को अवश्य संज्ञान में लेते हुए पूरा करायेगें। जिसके लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त अधिवक्ता संघ एवं आम जनमानस सदैव आपका ऋणी रहेगा। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष शशि सैनी, सचिव योगेश गुर्जर, कोषाध्यक्ष कमलजीत इनके अलावा मांगे सिंह, अजय पंत, जावेद हुमायूं, दीपेश गुप्ता, वेद प्रकाश, इरशाद राव, अबरार हुसैन, रमेश चंद्र शर्मा, चांदबीर सैनी, इमान अली, नीरज शर्मा, फुरकान अहमद, सहेंद्र कुमार, शमसुल हसन, शहजाद अली, नसीम पाशा, अंकुर शर्मा, लियाकत अली, जुगेंद्र त्यागी, राशिद मलिक आदि शामिल रहे।

# एसआईआर समीक्षा में बोले प्रो. भुवन जोशी प्रत्येक वोट की सुरक्षा सपा का कर्तव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** सपा के नि.जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि एस एस आई आर समीक्षा हेतु सपा की चरथावल विधानसभा क्षेत्र की सपा प्रदेश सचिव नौशाद अली व नि. सपा विधानसभा अध्यक्ष इमरोज़ पायलट द्वारा बघरा में आयोजित मीटिंग की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी व संचालन प्रदेश सचिव नौशाद अली द्वारा किया गया।

मीटिंग में मुख्य अतिथि सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता व एस आई आर अभियान प्रभारी प्रो भुवन जोशी ने कहा कि सपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व जागरूकता से एस आई आर के प्रथम चरण में भाजपा अपनी साजिश में खुद उलझ गई है वह पीडीए मतदाताओं की वोट को लूटना चाहती थी लेकिन मुख्यमंत्री योगी स्वयं अपनी 4 करोड़ वोट खो जाने के बयान से चुनाव आयोग के साजिशी अभियान की पोल खोल रहे हैं,उन्होंने आने वाले चरण में भी सपा कार्यकर्ताओं से वोट चोरी रोकने के लिए सतर्क रहने का आह्वान किया।सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी व सपा के चरथावल विधानसभा विधायक पंकज मलिक सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता की वोट की सुरक्षा करना सपा कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है,उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि किसी भी वोट चोरी को रोकने के लिए संघर्ष को तैयार रहे। उन्होंने कहा कि अभी भी जिस पात्र मतदाता की वोट का फार्म नहीं भरा गया उसको घर घर पहुंचकर भरवाना व गड़बड़ी की हर कोशिश को विफल करने के लिए कार्यकर्ता एकजुट रहे। चरथावल विधानसभा क्षेत्र के मुरादपुरा गांव मे एसआईआर को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित गोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा विधायक पंकज मलिक ने कहा कि एसआईआर के माध्यम से जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट रहकर जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर,प्रदेश सचिव ठाकुर सुखपाल सिंह,सपा नेता सोमपाल सिंह कोरी,धर्मेंद्र सिंह नीटू, आमिर कासिम एडवोकेट,चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत, रविकांत त्यागी,मोईन कुरैशी,लोकेंद्र कुमार, फिरोज अख्तर आदि रहे।

### गृह कलह में महिला को मारपीट कर किया घायल

**रामराज।** क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता पुष्पा पत्नी भूपेन्द्र ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता के अनुसार दो दिन पूर्व उसके देवर विपिन पुत्र जयप्रकाश, बबली, जयप्रकाश और मनफुल ने उसके साथ गाली-गलौच की और मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसके हाथ, सिर और कमर में काफी चोटें आईं साथ ही आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम YASHVI से बदलकर YASHVI CHAUDHARY रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से पहचाना जाए,

पता-

**YASHVI CHAUDHARY D/0 MANOJ KUMAR, Vill- BHAINSI KHATAULI, MUZAFFRNAUAR, UP-251201**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा के0के0 इन्टर कॉलेज, बघरा, मुजफ्फरनगर वर्ष 2011, यू0पी0 बोर्ड कक्षा 10 अनुक्रमांक संख्या 0615978 व किसान कॉलेज, अलीपुर खोड़ी, मुजफ्फरनगर वर्ष 2013 यू0पी0 बोर्ड कक्षा 12 का प्रमाण पत्र अनुक्रमांक संख्या 0475097 वास्तव में कहीं खो गये हैं।

**विरेन्द्र कुमार पुत्र जगपाल**
निवासी बघरा, मु0नगर।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 11029-03/10/2019 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **अबीर ज़फ़र (ABEER ZAFAR)** अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया।

**ज़फ़र आलम (ZAFAR ALAM) पुत्र फैज़ूल हसन**
निवासी 191, जहांगीर पट्टी, सूजड़ू, जिला मुजफ्फरनगर
मोब0-7983138613

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 11151-19/11/2015 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम **आयत ज़फ़र (AAYAT ZAFAR)** अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया।

**ज़फ़र आलम (ZAFAR ALAM) पुत्र फैज़ूल हसन**
निवासी 191, जहांगीर पट्टी, सूजड़ू, जिला मुजफ्फरनगर
मोब0-7983138613

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 900-15/9/2014 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **अरहम ज़फ़र (ARHAM ZAFAR)** अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया।

**ज़फ़र आलम (ZAFAR ALAM) पुत्र फैज़ूल हसन**
निवासी 191, जहांगीर पट्टी, सूजड़ू, जिला मुजफ्फरनगर
मोब0-7983138613

# घर से दो लाख रुपये, जेवर और स्मार्ट फोन लेकर युवती फरार

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी सराय से एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में घर से फरार होने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि युवती घर में रखे लाखों रुपये, सोने-चांदी के आभूषण तथा एक स्मार्ट फोन साथ लेकर चली गई। इस मामले में युवती की मां ने थाने में गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता महिला का आरोप है कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री रुकसार को गांव का ही युवक सुयैब बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के समय एक अन्य युवक भी उसके साथ मौजूद था, जिसने सुयैब का साथ दिया। आरोप है कि जाते समय रुकसार और सुयैब ने घर में रखे लगभग दो लाख रुपये नकद, कीमती सोने-चांदी के आभूषण और एक स्मार्ट फोन भी साथ ले लिया। घटना के बाद से परिजन बेहद चिंतित हैं और अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बुढ़ाना कोतवाली में सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली परिसर में स्थित श्री शिव मंदिर में बीती बृहस्पतिवार की देर रात सुंदर कांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बाबा के श्री चरणों में शीश नवाया।

सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर शाहपुर के सरकार श्री बालाजी महाराज ने शिव मंदिर में विराजमान होकर सब भक्तों को अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान यहां एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शाहपुर की सुंदर कांड कमेटी अपने आप में बेमिसाल है।

उन्होंने धर्म की अलख जगाने के लिए पूरी कमेटी का धन्यवाद किया। इस दौरान बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री, बुढ़ाना महिला थाने की प्रभारी सुमन शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित कुमार शर्मा, बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी ललित कुमार कसाना, बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी रणवीर सिंह, उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी दीपक कुमार, परासौली पुलिस चौकी के प्रभारी गुलाब तिवारी, मंदिर समिति के सदस्य विनीत मित्तल, पंकज गोयल, अक्षय गोयल, ऋषभ सिंघल, अर्पित गोयल, नितिन मित्तल, संजय नामदेव, भाग्य शर्मा मौजूद रहे।

# रास्ते में खड़ी कार हटाने को लेकर किसान से मारपीट

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद और गाली-गलौज के विरोध को लेकर हुई दो अलग-अलग घटनाओं में युवकों ने जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों मामलों में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पहली घटना में गांव गांव निवासी किसान सुनील पुत्र जशवंत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 दिसंबर की शाम वह अपने खेत से बैल-बुग्गी लेकर घर लौट रहा था। जब वह रामपाल के घर के सामने पहुंचा तो रास्ते में खड़ी अंकुर की कार हटाने को कहा।

आरोप है कि कार हटाने के बजाय अंकुर ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान बैल-बुग्गी आगे बढ़ गई, जिससे कार में हल्की खरोंच आ गई। इससे नाराज होकर अंकुर तथा उसके साथी नितिन, मोनू और जोगेंद्र (निवासी चंदपुरी) ने सुनील के साथ जमकर मारपीट की। किसी तरह जान बचाकर सुनील वहां से भागा तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसका पीछा भी किया। घायल सुनील किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

दूसरी घटना मोहल्ला सद्दीकनगर में वकील पुत्र इकरामुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दस दिन पूर्व रात के समय इरशाद, नौशाद, अजीम और अफरोज एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए उसके घर के सामने आ गए। जब उनके पुत्र सावेज और पुत्री सुमाइला ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से दोनों के साथ मारपीट की। मारपीट में सुमाइला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मोहल्लेवासियों ने उनका पीछा भी किया, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगे।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इन घटनाओं के बाद दोनों पीड़ित परिवारों में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत मोहम्मद शाहिद, पुत्र मोहम्मद अतहर निवासी म. नं0-11. कुंज गली, खालापार, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं.-:MZDA/BP/COMP/25-26/0248 के द्वारा अपनी भूमि प्लॉट नं0-1032 (पार्ट), मौहल्ला-खालापार मेरठ रोड, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के कुल क्षेत्रफल 125.84 वर्गमी. (कुल नेट क्षेत्रफल 115.63 वर्गमी.) पर सर्विस इन्डस्ट्री (बेकरी) के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल प्लॉट नं0-1032 (पार्ट), मौहल्ला-खालापार, मेरठ रोड, जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 40 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोड़ने के उपरान्त कार्यालय भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 3.4 के अनुसार कार्यालय भू-उपयोग के अन्तर्गत बेकरी की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों / सुझायों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था / अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn/yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव,विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 11558/30.11.15 मे गलती से पुत्र का नाम वैरोनिका अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम वैरोनिका सिंह है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पुष्पेंद्र सिंह**
**निवासी- 72/261**
**अग्रसेन विहार**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 5402/16.05.2019 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र व संबंधित विभाग में उसका नाम शौर्यधीर सागर अंकित नहीं कराया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में इसी नाम से जाना जाएगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया। कृपया जन्म प्रमाण पत्र बनाने की कृपा करें।

**योगेश कुमार सागर**
**C-163, गली नं 04,**
**एसबीआई के पास सीमापुरी,**
**पूर्वी दिल्ली 110095**
**8265853575**

# देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली का वीडियो वायरल, मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल ।** देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर खुलेआम घटतोली पकड़े जाने का आरोप लगाते हुए किसान नेता मांगेराम त्यागी ने जमकर हंगामा किया और किसान नेता द्वारा देवबन्द चीनी मिल के ज़ीघ्म पर खुलेआम प्रत्येक गन्ना क्रय केंद्र पर घटतोली कराने का आरोप लगाया है।

वही किसान नेता व किसानों ने जहाँ वीडियो वायरल कर खुलेआम घटतोली पकड़े जाने के बाद गन्ना क्रय केंद्र खोजा नगला पर जमकर हंगामा किया वही आरोप लगाया हे की बार बार अवगत कराने के बाद भी देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतोली जारी हेस और गन्ना विभाग की मिलीभगत से देवबन्द चीनी मिल के प्रत्येक गन्ना क्रय केंद्र पर घटतोली हो रही हे और आम जनता यह कहते हुए नजर आ रहे है कि भाजपा राज में गलत कार्य नही चलेंगे और देश प्रदेश में आपराधिक लोगो के खिलाफ बड़ी कार्यवाही होने से आम जनमानस को बड़ी राहत मिली हैस वही किसान नेता द्वारा पूरी सच्चाई से अवगत कराते हुए वीडियो जारी कर कहा की गन्ना विभाग द्वारा प्रत्येक गन्ना क्रय केंद्र से एक तय राशि तोल क्लर्क से ली जाती हे जिसके बाद चीनी मिल और गन्ना विभाग मिलकर किसानों के साथ घटतोली के कार्य को अंजाम देते हे वही किसानों ने कहा की अगर देवबन्द चीनी मिल का यही हाल रहा तो वह देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों को हटाकर अन्य चीनी मिलो के गन्ना क्रय केंद्र अपने अपने गाँवो मे लगवा लेगे और देवबन्द चीनी मिल को अपना गन्ना आपूर्ति नहीं करेंगे इस घटना से जहाँ किसानों के साथ सरकार द्वारा घटतोली रोकने के दावो की पोल खुल गयी वही किसानों के साथ घटतोली होने की बात सच्चाई पूरी तरह सामने आ गयी और देवबन्द चीनी मिल द्वारा किस तरह नियम कायदो को ताक पर रखकर किसानों के साथ घटतोली की जा रही हे यह बात पूरी तरह सामने आ गयी हेस किसानों मे देवबन्द चीनी मिल के प्रति भारी रोष हे और किसान खून के आंसू रोने को मजबूर हे

## घने कोहरे के चलते ठहर गई ज़िन्दगी, बढ़ी ठिठुरन

**मोरना।** ग्रामीण क्षेत्र मे घने कोहरे के चलते आम जन जीवन प्रभावित हो गया। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आये तो ग्रामीण कूड़ा जलाकर तापते दिखाई पड़े हैं। मोरना क्षेत्र मे बुधवार की सुबह घने कोहरे की चादर ने आकाश को ढक लिया।

सूरज न दिखने से ठिठुरन बढ़ गयी।बुजुर्ग व्यक्तियों ने स्वयं को घरों मे कैद कर लिया। तो वहीं तेज ठंड मे बच्चो को स्कूल कॉलिज जाना पड़ा। क्षेत्र के व्यवसायिक गांव मोरना मे मुज़फ्फरनगर मार्ग, शुक्रताल व जानसठ मार्ग पर वाहनों की गति धीमी रही तो राहगीरों की उपस्थिति भी कम रही। सड़क किनारे खडे ठेला खोमचा वाले भी ग्राहकों को तरसते रहे। कस्बा भोकरहेड़ी मे बस स्टेण्ड पर नागरिक कूड़ा करकट जलाकर आग तापने को मजबूर हुए। नागरिकों ने प्रशासन से अलाव व्यवस्था की मांग की है।सुबह से शाम तक कोहरे के प्रकोप से नागरिक ठिठुरते रहे।

# भाकियू संघर्ष मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जानसठ।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष विपिन गुर्जर के नेतृत्व में किसानों ने अपनी ख्रषि भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम को सोपा, एसडीएम ने शीघ्र ही भूमि कब्ज़ा करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में शेर सिंह बृजपाल सतपाल सुरेंद्र इंद्राज सिंह आदि किसानों ने बताया कि उनकी भूमि को कब्ज़ा धारी सोनू पुत्र युसूफ निवासी बिजनौर उनकी भूमि को जो जानसठ तहसील के अंतर्गत आता है उक्त भूमि को बिजनौर की भूमि बात कर ख्रषि भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है इतना ही नहीं किसानों को धमकता है और झूठे मुकदमों में फसाने की धमकी भी देता है किसानों का आरोप है ,कि पिछले काफी समय से लगातार प्रार्थना पत्र तहसीलदार एवं एसडीएम को देते आ रहे हैं परंतु उक्त के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष विपिन पवार उर्फ भूरा, जिला संगठन मंत्री सतपाल सिंह, गौरव, नीतू, अरुण कुमार ,अर्जन सिंह, सुरेंद्र, आशीष, शेर सिंह ,प्रशांत, ज्ञानेंद्र आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में भोकरहेड़ी के युवक की मौत से कोहराम

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी थाना क्षेत्र के भोपा रोड पर घने कोहरे के चलते सामने से आये चौपहिया वाहन को बचाने के प्रयास में सड़क पर बाइ क फिसलने से युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बा भोकरहेडी के मौहल्ला कुंआ पट्टी निवासी 18 वर्षीय अंशुल पुत्र सन्दीप आज सवेरे कस्बे के ही मौहल्ला हरिजन चौक निवासी अपने दोस्त हिमांशु पुत्र महेश के साथ बाइक से मुजफ्फरनगर स्थित बचन सिंह कालोनी में अपनी बुआ के घर आया था, जबकि वह नई मंडी थाना क्षेत्र के भोपा रोड पर पहुंचा तो सामने से आये एक वाहन को बचाने के प्रयास में सडक किनारे बाइक फिसलकर दोनों युवक दूर जा गिरे, जिससे अंशुल की मौत हो गई, जबकि उसका साथी हिंमाशु गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से भोकरहेडी क्षेत्र में शोक छाया है।

### अशोभनीय टिप्पणी का मुकदमा दर्ज

**छपार।** अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद को संबोधित करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध एक युवक ने फेसबुक पर अशोभनीय टिप्पणी की ओर धोखेबाज कहा जिस पर पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव दतियाना निवासी अंकित ने पिछले दिनों चली जाट संसद को संबोधित किया था उस समय गांव खेडाजट थाना मंगलोर जनपद हरिद्वार निवासी तेजपाल ने फेसबुक पर उसके विरुद्ध अशोभनीय टिप्पणी की ओर धोखेबाज तक कहा जिससे सम्मान को ठेस पहुंची।आरोपी को फोन किया तो उसपर भी गाली गलौज किया।पीड़ित ने आरा. पी के विरुद्ध छपार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### व्यापारियों ने वकीलों को दिया अपना समर्थन

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टई ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने आज बृहस्पतिवार के दिन हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर वकीलों के द्वारा बन्द किए गये का खुलकर समर्थन किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता काफी वर्षो से हाई कोर्ट बैंच की मांग पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं पर भी बनाए जाने की मांग लगातार करती आ रही है लेकिन इस दिशा में कोई भी गोर नही की जा रही है। जिसके चलते जनता को सस्ता और सुलभ न्याय नही मिल पा रहा है। इस मौके पर आयुष गर्ग, नसीम भटियारा, संरक्षक तनवीर कुरैशी, रविन्द्र कंसल और प्रवीण संगल सहित अन्य काफी व्यापारी थे जिन्होंने आज तहसील बुढ़ाना परिसर में पहुंचकर वकीलों द्वारा किए गये बंद को अपना समर्थन दिया।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से कार सवार कई घायल

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक मैग्नाइट कार को तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार कई लोग घायल हो गए, जबकि एक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों ने लापरवाह चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।आयुष कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम निजामपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर द्वारा बताया गया कि देव पुत्र राजीव कुमार 14 दिसंबर को लगभग 7 बजे अपनी कार द्वारा मीरापुर की ओर से बिजनौर जा रहा था। जब उनकी कार गांव सिकरेड़ा के पास पहुंची तभी बिजनौर की ओर से आ रहे एक आईसर कैंटर के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार आयुष कुमार, देवनाम, आस्था पुत्री राजकुमार, बबीता पत्नी राजकुमार, रजना सिंह पत्नी राजीव कुमार तथा दो बच्चे केदार और वामिका घायल हो गए। इनमें आस्था के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बिजनौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से आस्था की गंभीर हालत को देखते हुए उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने मीरा. पुर थाने में कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है।

### दबंगों ने महिला की भूमि पर किया कब्जा

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर में एक महिला के साथ अवैध कब्जे और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीडिता ने उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर मामले से अवगत कराया है।ग्राम कुतुबपुर निवासी पीड़िता सोनिका पत्नी उमेश कुमार ने आरोप लगाया है कि उसके नाम बैनामा की गई लगभग 400 गज भूमि पर पड़ोसियों ने जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़िता के अनुसार उक्त भूमि का बैनामा उसके ससुर द्वारा लगभग छह वर्ष पूर्व उसके नाम कराया गया था। जमीन पर उसने टीनशेड डालकर एक कमरा भी बनवा रखा है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगो ने मिलकर अवैध तरीके से उसके कमरे में ताला लगा दिया और एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को वहां बैठा दिया। बुधवार को जब पीड़िता को इसकी सूचना मिली और वह मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। आरोप है कि कब्जे की नीयत से कमरे में खाट डालकर चूल्हा बना लिया गया है। पीड़िता का कहना है कि उसके पति बाहर काम पर गए हुए हैं और वह घर पर अकेली है, जिससे उसे गंभीर खतरा बना हुआ है। लेखपाल अरूण कुमार द्वारा आबादी की जमीन बताते हुए कार्रवाई से इंकार किए जाने पर पीड़िता गहरे सदमे में है। पीड़िता ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कब्जा दिलाने और सुरक्षा की मांग की है।

### शिव मंदिर में चोरी का प्रयास करते पकड़ा

**बुढ़ाना।** आज देर रात एक चोर को शिव मंदिर में चोरी करते हुए डाक बंगले पर तैनात कर्मचारी ने रंगे हाथों पकड़ा। चोर को मौके पर आई पुलिस को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले के अंदर शिव मंदिर में आज देर रात एक चोर मौका पाकर घुस गया। तब चोर की आहट सुनकर वहीं पर तैनात कर्मचारी ने मौका पाकर चोर को दबोच लिया। चोर ने भागने का प्रयत्न किया लेकिन वह कामयाब नही हो सका। तब शोर शराबा सुनकर मौके पर आसपास के लोग भी आ गये। सूचना पर गश्त करते हुए बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज भी मौके पर पहुंचे और चोर को पकड़कर अपने साथ ले गयी। चोर ने शिव मंदिर का ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन ताले पर पड़ी चोट की आवाज सुनकर चौकीदार राजन कुमार जाग गया। चोर भागकर गेस्ट हाउस के बाथरूम में घुस गया। बताया जाता है कि चोर इससे पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। चोर ने अपना नाम बुढ़ाना निवासी रिहान बताया जा रहा है। पुलिस ने चोर से पूछताछ शुरु कर दी है। चोर अकेला था या उसका कोई भी और साथी था पुलिस इसका भी पता लगाने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि अगर चोर मंदिर में चोरी करने में कामयाब हो जाता तो बुढ़ाना पुलिस का जबरदस्त सिर दर्द बढ़ जाता।

### कार सवार युवकों पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**खतौली।** नगर के मोहल्ला सद्दीकनगर में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कार सवार युवकों पर एक महिला से छेड़छाड़, अश्लील हरकतें करने और मारपीट करने का आरोप लगा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना के समय उसका पति घर से बाहर गया हुआ था। वह अपने बच्चे के बाल कटवाने के लिए बाजार स्थित सैलून जा रही थी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आमिर और मुद्दासिर निवासीगण खाईखेड़ी, थाना ककरौली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद पीड़िता का परिवार दहशत में है।

# एसबीआई ने 10 छात्राओं को दी साइकिल



**बुढ़ाना।** भारतीय स्टेट बैंक की बुढ़ाना शाखा द्वारा आज बृहस्पतिवार को बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के ग्राम बिटावदा में प्रथामिक विद्यालय नंबर एक की 5 छात्राओं को फी साइकिल बांटी गयी व स्वच्छ पानी के लिए एक वाटर कूलर गिफ्ट किया गया। तब ग्रामीणों की और से भारतीय स्टेट बैंक के पूरे स्टाफ का फूल मालाओं से स्वागत हुआ।

भारतीय स्टेट बैंक बुढाना ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत 10 छात्राओं को साइकिलें वित. रित की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना व स्कूल जाने में उनकी सुविधा बढ़ाना था। वितरण समारोह स्कूल में आयोजित हुआ। यहां भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुधीर कुमार ने कहा कि एसबीआई शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए ऐसे प्रयास करता रहेगा। मुजफ्फरनगर के मुख्य प्रबंधक सुधीर कुमार ने कहा शिक्षा तक पहुंच प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। ये गिफ्ट शाखा प्रबंधक बुढ़ाना आशीष शर्मा, प्रबंधक सचिन कुमार और उप प्रबंधक मेरठ अमित कुमार के कर कमलों द्वारा दी गयी। इसके अलावा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्डन स्कूल की 5 छात्राओं को भी साइकिल व वाटर कूलर दिया गया। इस दौरान विजय कुमार दीवान, पूर्व प्रधान सत्यपाल सहरावत, प्रदीप प्रधान, प्रधानाचार्या मीनाक्षी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार, कश्मीर लंबरदार और देवेन्द्र सहरावत आदि सैंकड़ों ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# एसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल मे धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम




**मंसूरपुर।** एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर में वार्षिकोत्सव बडे ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को रंग बिरंगे गुब्बारों, फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण आनंद व उत्साह से भर गया।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डा. एम.सी. शर्मा का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। तपश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वल्लन से किया गया।तदोपरांत् गायत्री मंत्र और सरस्वती वंदना का प्रस्तुतिकरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा विविध रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तति की गई। कार्यक्रम में समूह नृत्य, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, महिला सशक्तिकरण नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मध्य में शैक्षिक तथा खेल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि डा. एम. सी. शर्मा एवं प्रधानाचार्य एके मोहन द्वारा ट्राफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया। तपश्च. ात मुख्य अतिथि डा. एम. सी. शर्मा ने अपने प्रेरणादायक भाषण में विद्यार्थियों के अनुशासन, परिश्रम और लगन की सराहना कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य एके मोहन ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। तथा मुख्य अतिथि को स्मृति चिहन एवं शॉल से सम्मानित किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यालय के शिक्षकगण व कर्मचारी वर्ग की सराहना की। यह वार्षिक उत्सव सभी के लिए अत्यंत यादगार एवं प्रेरणादायक रहा।

# अधिवक्ता की मांग पर पीटिशन की गई दायर

**बुढ़ाना।** कानून मंत्रालय भारत सरकार में पश्चिम उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय इलाहाबाद की बैंच स्थापित करने के संबंध में अधिवक्ता उत्थान समिति बुढ़ाना के अध्यक्ष एहतशाम सिद्दीकी एडवोकेट की मांग पर पीटिशन दायर कर लिया गया है। अपनी मांग में एहतेशाम सिद्दीकी एडवोकेट ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट की बैंच नही होने के कारण अधिवक्ताओं और जनता की परेशानी से भारत सरकार को अवगत कराया गया था।

पिछले दिनों एडवोकेट एहतेशाम सिद्दीकी द्वारा पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट इलाहाबाद की बेंच की मांग भारत सरकार से की जा रही थी। जिसके परिणाम स्वरूप उन की मांग को कानून मंत्रालय में याचिका के रूप में दर्ज कर लिया गया है। इसके संबंध में कानून मंत्रालय द्वारा अधिवक्ता उत्थान समिति के अध्यक्ष एडवोकेट एहतेशाम सिद्दीकी को एक पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। आज बृहस्पतिवार के दिन अधिवक्ता उत्थान समिति के अध्यक्ष एडवोकेट एहतेशाम सिद्दीकी को यह पत्र मिल गया है। जिसको लेकर उन्होंने आज मीडिया से बातचीत करते हुए बतलाया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना के संबंध में उनकी जो मांग थी उसके संबंध में उनके द्वारा पीटिशन दायर की गयी थी जो दाखिल भी हो गयी है। संभवत: अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच बनने का रास्ता साफ होगा।

# महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप ने चरथावल ब्लॉक में महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण कराने के निर्देश दिये। यहां उनके आगमन पर पुलिस उपाधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी,साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी,खण्ड शिक्षा अधिकारी, डिप्टी जेलर, महिला थाना प्रभारी एवं महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

उ0 प्र0 की सदस्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उ0 प्र0 की सदस्य द्वारा ब्लॉक चरथावल के सभागार में महिलाओं संबंधी प्रकरणों में जनसुनवाई की गयी। उ0 प्र0 की सदस्य के समक्ष कुल 20 प्रार्थना पत्र/शिकायती पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मा0 द्वारा संबंधित अधिकारियों को उक्त प्रकरणों को समयान्तर्गत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डॉ राजीव कुमार,पूजा नरूला, संतोष शर्मा एवं ए डी ओ समाज कल्याण द्वारा अपने अपने विभागों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की जानक. ारी दी गई।जनसुनवाई कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजीव कुमार द्वारा किया गया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेश जैन, पुलिस उपाधीक्षक सुश्री ऋषिका सिंह, खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार, साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ सतेंद्र कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरवीर, बाल विकास परियोजना अधिकारी संतोष शर्मा, सुषमा, महिला थाना प्रभारी संगीता चौधरी, चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया, उप निरीक्षक डोली,वन स्टॉप सेंटर से पूजा नरूला, संरक्षण अधिकारी नीना त्यागी, ए डी ओ समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग प्रतिनिधि, आयुष्मान मित्र आदि उपस्थित रहे।बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजीव कुमार द्वारा उपस्थित सभी को बाल विवाह मुक्त मुज़फ्फरनगर हेतु शपथ दिलाई गई।

सदस्य ने उपस्थित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने विभाग में भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं को देकर उन्हें लाभान्वित किया जाए। जनसुनवाई उपरांत मा0 सदस्य महोदया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल का निरीक्षण किया गया, जिसमें वहां पर उपस्थित डॉ एवं स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय से सचिन कुमार,नाथी राम व सा. से रेणु रानी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# संगठन के मिशन को आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जमीयत उलमा ए हिंद बुढ़ाना के लिए ये मौका एक साथ खुशी गम का रहा। हिंद अध्यक्ष हाजी शराफ़त अली उमरे की पाक यात्रा अदा कर खैरियत के साथ इंडिया वापस आए। जिस में उनके सम्मान में एक महत्वपूर्ण स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान दुनिया की जानी मानी धार्मिक व रुहानी शख़्सियत पीर ज़ुल्फ़िक़ार के इंतक़ाल पर एक शोकसभा भी हुई।

कार्यक्रम पीर शाह विलायत वाली मस्जिद में हुआ। कार्यक्रम में जमीयत बुढ़ाना के उपाध्यक्ष, सचिव, वर्किंग कमेटी के सदस्य, विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। स्वागत कार्यक्रम की खास बात ये रही कि अध्यक्ष हाजी शराफ़त अली ने खुद सब पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया। मौजूद लोगों ने इसे उनकी सादगी, विनम्रता व संगठन के प्रति उनके गहरे जुड़ाव का प्रतीक बताया। उमरा जैसी महान इबादत के बाद उनकी वापसी को संगठन के लिए रहमत व बरकत का ज़रिया क़रार दिया गया। कार्यक्रम में पीर ज़ुल्फ़िक़ार के इंतक़ाल पर शोकसभा हुई। वक्ताओं ने उन्हें एक सच्चा अल्लाह वाला, समाज सुधारक, प्रेम भाईचारे व इंसानियत का पैग़ाम देने वाली शख़्सियत बताया। उनके निधन को क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति क़रार देते हुए कहा गया कि उन्होंने पूरी ज़िंदगी दीन की खिदमत व समाज को जोड़ने का काम किया। शोक सभा में क़ुरआन करीम की तिलावत हुई। अल्लाह से दुआ की गई कि मरहूम पीर ज़ुल्फ़िक़ार की मग़फ़िरत फ़रमाएं। उनकी क़ब्र को जन्नत के बाग़ों में से एक बाग़ बनाए और उनके अहले ख़ाना व अकीदतमंदों को सब्रे जमील अता करे। हाफिज राशिद क़ुरैशी, मुफ्ती वसीम मिफ्ताही, मुफ्ती असरार व हाफिज अब्दुल गफ्फार ने संगठन को और अधिक मज़बूत करने पर ज़ोर दिया और कहा कि जमीयत बुढ़ाना अध्यक्ष हाजी शराफ़त अली के नेतृत्व में दीनो मिल्लत, समाज सेवा व आपसी भाईचारे के कार्यों को पूरी मज़बूती के साथ आगे बढ़ा रही है। कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे एक जुट रहकर संगठन के मिशन को आगे बढ़ाएं। अंत में सामूहिक दुआ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यहां आसिफ कुरैशी, हाफिज राशिद कुरैशी, मुफ्ती वसीम, मुफ्ती असरार, इसरार कुरैशी, नवेद फरीदी, मुफ्ती इमरान क़ासमी, इस्लाम सैफी, मौलाना अनस, मुफ्ती फरमान क़ासमी, कारी नदीम, मौलाना सालिम कासमी, कारी अब्दुर्रहमान, मौलाना हातिम, कौशर अली राणा, मौलाना क़ासिम, नौशाद काला, क़ारी अब्दुल्लाह, शाहिद कुरैशी, मौलाना महबूब, हाफिज ताज मुहम्मद रहे।



# हाईकोर्ट बैंच को लेकर वकीलों ने की हड़ताल

**बुढ़ाना।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना हेतू बनाई गई केन्द्रीय संघर्ष समिति के आ]वान पर बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी के नेतृत्व में सैंकड़ों वकीलों ने एकजुटता का परिचय देते हुए आज बृहस्पतिवार की प्रात बुढाना तहसील परिसर में आकर अपने चौंबर्स नहीं खोले और कुर्सी बिछाकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना और प्रदर्शन किया।

बंदी में अधिकांश व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद करके सब वकीलों के बीच पहुंचकर अपना समर्थन दिया। यहां दस्तावेज लेखक, टाईपिस्ट, स्टाम्प विक्रेता, फोटो स्टेट का व्यवसाय करने वालों ने भी धरने पर पहुंच वकीलों को अपना समर्थन दिया। यहां वकीलों ने उप निबन्धक कार्यालय बुढाना में भी तालाबंदी की और यहां तक सभी न्यायालय भी बंद रहे और जोरदार तरीके से नारेबाजी कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को फिर से दो. हराया गया।

इस दौरान यहां पर बार अध्यक्ष विनोद त्यागी, महासचिव ओमपाल मलिक, पूर्व बार अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्व अध्यक्ष श्यामवीर सिंह वर्मा, अलीम सिद्दीकी, आबाद कुरैशी, शौ सिंह राणा, मौहम्मद मियां, रविंद्र सिंह, एसपी मलिक, संजय त्यागी, अचल सहरावत, प्रशांत शर्मा, हरबीर सिंह के अलावा व्यापारी रविंद्र कंसल, तनवीर कुरैशी, अरविंद भटनागर आदि व्यापारी और सैंकडो अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# बीआरसी भैंसी में बाल शिक्षा को मिला नया आयाम, 'हमारे आंगन, हमारे बच्चे' कार्यक्रम संपन्न

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र भैंसी में बुधवार को 'हमारे आंगन, हमारे बच्चे' कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर प्रीति व कल्पना चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कोलोकेटेड आंगनवाड़ी से जुड़े परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का कुशल संचालन सोविन्द्र कुमार द्वारा किया गया। प्राथमिक विद्यालय कैलाशनगर, भायंगी, टबिटा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय फूलत के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को जीवंत बना दिया। एआरपी राखी चौधरी, पूनम बालियान, भावना त्यागी, सुजाता एवं दीपा ने अपने विचार रखते हुए प्रारंभिक बाल शिक्षा के महत्व और उसकी गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय से ही बाल शिक्षा को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने तीन वर्ष की आयु से ही बच्चों को खेल-खेल में सीखने के अवसर देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल शिक्षक कुलदीप जैन के साथ निकिता, ज्योति, रूपा व शिप्रा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बाल वाटिका के बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विक्रांत, केशव, अनु मोघा, प्रेम सिंह, राजेश, नरेश, मीनाक्षी, अंशु, उदयवीर सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। समापन के बाद सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था भी की गई।




# ठंड और कोहरे की दोहरी मार, सर्दी की पहली दस्तक से ठिठुरा नगर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुधवार को मौसम ने अचानक करवट ली और सर्दी की पहली कड़ी आहट के साथ ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल ठिठुरन की चपेट में आ गए। तड़के से ही छाया घना कोहरा पूरे दिन बना रहा, जिससे सूर्यदेव के दर्शन तक नहीं हो सके। आसमान में छाई धुंध और सर्द हवाओं ने पूरे क्षेत्र को ठंडे व उदास माहौल में जकड़ लिया। तेज ठंड का सीधा असर आम जनजीवन पर देखने को मिला। लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से कतराते नजर आए, वहीं बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी रौनक कम रही। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने ऊनी कपड़ों, जैकेट, स्वेटर और शॉल का सहारा लिया। सुबह और शाम के समय ठिठुरन अधिक होने से लोग घरों में ही सिमटे रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड का असर और ज्यादा दिखाई दिया। गांवों में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। गलियों, खेतों और चौपालों पर आग तापते लोगों की तस्वीर आम रही। सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले मजदूरों और किसानों को सर्द हवाओं व कोहरे के कारण खासी परेशानी झेलनी पड़ी। घने कोहरे ने यातायात व्यवस्था को भी बुरी तरह प्रभावित किया। ख्रश्यता बेहद कम होने के कारण हाईवे और प्रमुख मार्गो पर वाहन रेंगते हुए चलते दिखे। वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट का सहारा लेना पड़ा तथा अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में विलंब हुआ। सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ा। सुबह ठंड और कोहरे के बीच स्कूल जाने को मजबूर बच्चों की परेशानी साफ नजर आई। कई अभिभावक बच्चों की सेहत को लेकर चिंतित दिखे। ठंड बढ़ने की संभावना को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे का प्रकोप और बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को सुबह-शाम विशेष सावधानी बरतने, गर्म कपड़े पहनने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। सर्दी की इस पहली दस्तक ने साफ कर दिया है कि अब ठंड ने पूरे जोर के साथ दस्तक दे दी है।



## दस बजे से तीन बजे तक खुलेंगे विद्यालय

**मुजफ्फरनगर।** डीएम के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने घने कोहरे के मद्देनजर सभी विद्यालयों में कक्षा 8 तक के विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक करने के निर्देश दिये है। बीएसए ने बताया कि यह आदेश 18 दिसम्बर से अग्रिम आदेशों तक लागू रहेगा। सभी विद्यालयों में सख्ती के साथ इसका अनुपालन कराया जायेगा।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. 71843/99

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पत्नी और दो बेटियों के हत्यारे पिता को पुलिस ने भेजा जेल

**हत्यारे के कब्जे से तीन तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए हैं। तीनों मृतकों के शवों का पीएम होने के महिला के परिजन शवों को अपने गांव ले गए, ओर गमगीन माहौल तीनों शवों को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी गली की आवाज सुनकर 14 वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी। जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी आरोप है कि फारूक ने सहरीन की गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है। फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला। देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जानकारी देकर फारुख को हिरासत में ले लिया और कड़ाई से पूछताछ की तो फारुख टूट गया। फारूक ने पुलिस को बताया कि उसने पत्नी सहित दो बेटियों की हत्या कर घर के आंगन में बने सेफ्टी टैंक में दबा रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सेफ्टी टैंक की खुदाई कराई थी सेफ्टी टैंक के अंदर से पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था।

मौके पर मृतक महिला के परिजन भी आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर एसपी एनपी सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा कारत.ूस और सात खोखा कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने मृतक महिला ताहिरा के पिता आमिर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी गांव नरा थाना मंसूरपुर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया है। वही मृतक महिला और उसकी दोनों बेटियों के शवों का पीएम होने के बाद मृतक महिला के परिजन तीनों शवों को अपने गांव ले गए और गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया।

### अवैध संबंधों के शक में तो नहीं की पत्नी और बेटियों की हत्या

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूक का अपनी पत्नी के साथ लगभग एक माह पहले विवाद हो गया था। विवाद के बाद फारूक की पत्नी ताहिरा बिना बुर्के के अपने मायके चली गई थी। फारुख की पत्नी ताहिरा को फारूक का चचेरा भाई मुस्तफा पुत्र इदरीश अपनी जिम्मेदारी पर लेकर गांव में आया था। ताहिरा को लाने के दो-तीन दिन बाद ही मुस्तफा की बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव ओसिक्का में पीट पीट कर हत्या कर दी थी। गांव में चर्चा है कि फारुख को शक था कि उसकी पत्नी के चचेरे भाई मुस्तफा से अवैध संबंध है। इसी के चलते फारूख ने 27 नवंबर को मुस्तफा की हत्या की थी, हालांकि मृतक के परिजनों ने मृतक के ससुरालियों पर ही हत्या का आरोप लगाया था। ग्रामीणों का दबी जुबान से कहना है कि अगर मुस्तफा हत्याकांड की बारीकी से जांच की जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

### ग्रामीणों ने की हत्यारे को फांसी दिए जाने की मांग

गांव गढ़ी दौलत में जघन्य हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरा.ेपी फारुख के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। फारुख ने गांव को कलंकित करने का काम किया है। मीडिया ने जब फारुख से कैमरे के सामने हत्या करने की बात पूछी तो फारूख ने केवल हां और ना में जवाब दिया। हत्यारोपी के चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था कि उसे हत्या करने का कोई अफसोस नहीं है।

### पत्नी के मायके से वापस आने के बाद शुरू की थी हत्या की प्लानिंग

फारूक ने अपनी पत्नी हत्या की प्लानिंग पत्नी के मायके से वापस आने के बाद से ही शुरू कर दी थी।



फारूख ने पहले कैराना क्षेत्र से तीन अवैध तमंचे और बीस कारतूस खरीदे थे। फारूख ने हत्याकांड को अंजाम देने से तीन दिन पहले तक लगातार कई कई राउंड फायर किए थे। पुलिस पूछताछ में फारूख ने बताया है कि उसने तीन खोखे फायर करने के बाद फेंक दिए थे, बाकी सात खोखे अपने पास रख लिए थे।

### थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सख्ती के सामने टूट गया था हत्यारोपी

गांव गढ़ी दौलत में हुए जघन्य हत्याकांड को लेकर अगर पुलिस ढिलाई बरतती तो बड़ा बवाल हो सकता था। जैसे ही पुलिस को फारुख के पिता दाऊद ने अपनी पुत्रवधू और दो पोतियों के गायब होने की सूचना दी तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फारूख को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में फारूख ने कई बार पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सख्ती के आगे फारूख टूट गया और हत्या करना कबूल करते हुए तीनों शवों को बरामद कराया। अगर पुलिस मामले को हल्के में ले लेती तो गांव में बड़ा बवाल हो सकता था।

### रोहशन देशवाल व ओमपाल सिंह के निधन पर शोक

**शामली।** आर्य जाट महासभा शामली की एक आपात बैठक भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूराम पंवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महासभा अध्यक्ष सुनील निर्वाल के रिश्तेदार अवि पंवार मालैंडी, महासभा सदस्य नरेश पाल टिटौली के पुत्र रोहन देशवाल तथा भैंसवाल निवासी ओमपाल सिंह डायरेक्टर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। बाबूराम पंवार, दिव्य प्रभाकर, रामपाल सिंह देशवाल, नितिन निर्वाल, ओमपाल आदि रहे।

### पंकज गुप्ता ने की पंकज चौधरी से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** आज भारतीय जनता पार्टी शामली जिला संयोजक निकाय प्रकोष्ठ निवर्तमान सभासद पंकज गुप्ता ने भाजपा के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष आदरणीय पंकज चौधरी जी उनके निज निवास दिल्ली में स्वागत अभिनंदन किया बहुत ही व्यवहार कुशल कार्यकर्ता के बारे में जानकारी लेना बहुत ही अच्छा रहा ऐसा व्यतित्व जो 7 बार के सांसद और केंद्र में वित्त राजमंत्री जमीन से जुड़े हुए है तभी जनता अपने प्यार से लगातार महराजगंज से सांसद चुनते आ रही है हम सब भाजपा कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में 2027 और 2029 में फिर से देश और प्रदेश में परचम लहराएंगे।

## वार्षिक स्पोर्ट्स मीट में छात्रों ने दिखाया दमखम, गौरव टिकैत ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर स्थित शिक्षण संस्था जे। ए। नेशनल एकेडमी में बुधवार को वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित होता है, जो जीवन में सफलता के लिए जरूरी है।एकेडमी के प्रबंधक मास्टर जाहिद ने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाती हैं, साथ ही उनमें प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक भावना का विकास करती हैं। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने उत्साह और खेल भावना के साथ विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में आदम ने प्रथम, रजत ने द्वितीय और अबूबकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में पीहू प्रथम, छवि द्वितीय तथा अंशिका तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में हुजैफा प्रथम, फैजान द्वितीय और चाहत तृतीय रहे,



जबकि बालिका वर्ग में अविशा ने प्रथम, अक्सा ने द्वितीय और लायबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में नवाजिश प्रथम, रिहान द्वितीय और अनस तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में इल्मा प्रथम, जिया द्वितीय और अल्शिफा तृतीय रहीं। 600 मीटर दौड़ बालक वर्ग में दानिश ने प्रथम, सदफ ने द्वितीय और अर्शयान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में जावेद तोमर, असजद तोमर, भुट्टू प्रधान, हाफिज कामिल, मास्टर आबिद, मास्टर गुफरान, राम शर्मा, हाजी मुस्तफा, जाकिर प्रधान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में एकेडमी के प्रधानाचार्य जिया-उल-हक तथा समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कक्षा 8 तक के स्कूल के समय में परिवर्तन

**शामली।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर ने बताया कि वर्तमान में घना कोहरा व अत्यधिक ठंड के मद्देनजर जिलाधिकारी शामली द्वारा कक्षा 8 तक समस्त बोर्ड व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। अग्रिम आदेशों तक इन स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रहेगा।

## प. उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापना को अधिवक्ताओं का रहा बंद

शामली



कैराना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** केंद्रीय संघर्ष समिति द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर बंद का आह्वान किया गया जिसका टैक्सेशन बार एसोसिएशन शामली द्वारा पूर्णतया समर्थन किया गया, तथा आज बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे और और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विचित्र विजय गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व मे राज्य कार्यालय झिंझाना रोड शामली पर एकत्र होकर कार्यालय को बंद करते हुवे धरना प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शन में मुख्यत: निम्न अधिवक्ता सम्मिलित हुए विचित्र विजय गुप्ता एडवोकेट महासचिव ंकिंउ सिंह विवेक जैन, सत्यपाल सिंह नितिन कुमार, निर्भय ैदहंस,, अंकित गुप्ता, अंकितैदहंस , मयंक गोयल, रजनीश नामदेव, राहुल ीपचचंस, रजत जैन, सचिन गर्ग, रंजपद भाटिया, पीयूष बंसल, श्रवण ैदहंस, निखिलैदहंस, रमन चौहान आदि उपस्थित रहे।

**ऊन।** तहसील में ग्राम न्यायालय की मांग को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं बुधवार को 37वें दिन उप जिला अधिकारी ने अधिवक्ताओं को वार्ता हेतु बुलाया जिसमें ग्राम न्यायालय की स्थापना की स्वीकृति हेतु पत्र भेजने की जानकारी दी तथा अधिवक्ताओं से हड़ताल समाप्त करने की अपील की। तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ता 37 दिन से धरना प्रदर्शन व हड़ताल कर रहे थे बुधवार को उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं को वार्ता हेतु बुलाया जिसमें उप जिला अधिकारी ने बताया कि अधिवक्ताओं की मांग के अनुसार अस्थाई संचालन हेतु ग्राम न्यायालय के लिए तहसील में ही खाली पड़े भवन को देने के लिए पत्र जिला अधिकारी को भेजा गया है उन्होंने अधिवक्ताओं से हड़ताल समाप्त करने की अपील की इस संबंध में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शादाब खान ने बताया कि उपजिला अधिकारी से वार्ता हुई जिसमें उन्होंने तहसील में खाली पड़े भवन देने हेतु जिलाधिकारी को पत्र भेजना की जानकारी दी तथा हड़ताल समाप्त करने की अपील की है ।हड़ताल के बारे में बृहस्पतिवार को बैठक के बाद निर्णय किया जाएगा। वार्ता में नवीन सरोवर सत्यवीर सिंह अमित कुमार अनुज वशिष्ठ सतीश कुमार सुरेंद्र आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

**कैराना।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आम जनता को सुलभ व त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर बुधवार को कैराना के चौक बाजार में पूर्ण बंद रहा। केंद्रीय हाईकोर्ट बेंच संघर्ष समिति के आ]वान पर नगर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर अधिवक्ताओं के आंदोलन को समर्थन दिया।

एक दिन पूर्व तहसील परिसर में आयोजित बैठक में बार एसोसिएशन कैराना के पदाधिकारियों ने व्यापारिक संगठनों से सहयोग की अपील की थी। जनहित से जुड़ी इस मांग को देखते हुए सभी व्यापारिक संगठनों ने समर्थन का ऐलान किया था। इसी क्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल कैराना इकाई तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल कैराना के पदाधिकारी अधिवक्ताओं के साथ चौक बाजार पहुंचे और हाईकोर्ट बेंच की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया।बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ एडवोकेट और महासचिव राजकुमार चौहान एडवोकेट ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग करीब 50 वर्षों से लंबित है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि दूर स्थित हाईकोर्टों तक जाना आमजन के लिए अत्यंत कठिन है, जिससे समय और धन दोनों की अनावश्यक हानि होती है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल कैराना के नगर अध्यक्ष प्रदीप गोयल ने अधिवक्ताओं की मांग को जायज बताते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कोषाध्यक्ष संजय राजवंशी ने कहा कि इस विषय को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के संज्ञान में लाया जाएगा और व्यापारिक समस्याओं के साथ शासन स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कैराना के अध्यक्ष विपुल जैन ने अधिवक्ताओं के समर्थन में हर कदम पर साथ रहने की बात कही। महामंत्री रामकुमार सिंघल ने कहा कि यह लड़ाई केवल अधिवक्ताओं की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की है और एकजुट होकर ही इसे अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन शगुन मित्तल एडवोकेट ने किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष फैजान अहमद, मो. हनलाल, राजीव राजवंशी, अमित मित्तल, अनुज मित्तल, नफीस अहमद, डॉ. इमरान सहित सैकड़ों व्यापारी व अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम SHARIF AHMAD से बदलकर SHAREEF AHMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे SHAREEF AHMAD S/o ALLARAKHA के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता- 34, कस्साबान, डाक थानाथवन 247777, जिला-शामली, उत्तर प्रदेश।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं ने अपना नाम MOHAMMAD TALIB से बदलकर TALIB HASAN रख लिया है। भविष्य में मुझे TALIB HASAN S/o ASLAM के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता- मकान नं. 322, ग्राम व पोस्ट-रथेड़ी, 251001, जिला-मु0नगर उत्तर प्रदेश।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम ASHLAM से बदलकर MOHD ASLAM रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHD ASLAM S/o SHAREEF AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता- 34, कस्साबान, पोस्ट थाना भवन, 247777, जिला-शामली, उत्तर प्रदेश।

## फिंगरप्रिंट अपडेट न होने से राशन वितरण व्यवस्था ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव अहाता गौसगढ़ में सरकारी राशन वितरण व्यवस्था तकनीकी खामी के चलते पूरी तरह प्रभावित हो गई है। मृतक आश्रित योजना के अंतर्गत नए डीलर के नाम दुकान होने के बावजूद राशन वितरण मशीन में फिंगरप्रिंट अपडेट न होने से गरीब परिवारों को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा, जिससे गांव में आक्रोश और तनाव बढ़ता जा रहा है। गांव अहाता गौसगढ़ में सरकारी राशन डीलर स्वर्गीय राजेश की मृत्यु के उपरांत उनकी दुकान मृतक आश्रित योजना के तहत उनके पुत्र शुभम के नाम आवंटित की गई है। नियमों के अनुसार गांव में प्रत्एक माह की 10 तारीख से राशन वितरण किया जाता है, लेकिन इस माह राशन वितरण मशीन में नए डीलर का फिंगरप्रिंट अपडेट न होने के कारण वितरण शुरू नहीं हो सका।

राशन न मिलने से गांव के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से राशन न मिलने के कारण घरों में खाने का संकट खड़ा हो गया है। स्थिति यह है कि राशन न मिलने के चलते लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है, जिससे किसी भी समय विवाद की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों में फैली नासमझी और असमंजस के कारण कुछ लोग राशन डीलर शुभम पर राशन हजम करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाने लगे हैं। वहीं राशन डीलर शुभम ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वह पिछले कई हफ्तों से अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। उसका कहना है कि उसे रोज डीएसओ कार्यालय बुलाया जाता है, लेकिन अब तक उसकी मशीन में फिंगरप्रिंट अपडेट नहीं किया गया, जिस कारण वह राशन वितरण करने में असमर्थ है।

इस मामले में ग्राम प्रधान संगीता चौधरी ने भी गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने सप्लाई विभाग के अधिकारियों सहित जिला पूर्ति निरीक्षक को लिखित पत्र देकर मांग की है कि जल्द से जल्द राशन वितरण मशीन में फिंगरप्रिंट अपडेट किया जाए, ताकि गांव में राशन वितरण शुरू हो सके और किसी बड़े विवाद की स्थिति से बचा जा सके।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो गांव का माहौल और बिगड़ सकता है। अब सभी की नजरें पूर्ति विभाग पर टिकी हैं कि वह कब तक इस तकनीकी समस्या को दूर कर गरीबों को राहत पहुंचाता है। उधर पूर्ति निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि कुछ प्रक्रिया बाकी रह गई है जो जल्द पूरी कर ली जाएगी इसके बाद राशन वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## बाल विवाह की रोकथाम को कैराना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों तथा डीएम के आद.ेशों के अनुपालन में बुधवार को जाकिर मैमोरियल इंटर कॉलेज, कैराना में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन ने किया।

उन्होने बताया कि ह्बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर से 8 मार्च 2026 तक संचा. लित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से अजरा खान ने बताया कि बाल विवाह वह अपराध है, जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम तथा लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने पर विवाह कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मौके पर रतन सिंह, कुलदीप शर्मा ने कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को बाल विवाह न करने तथा समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मारूफ चौधरी उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम वसी पुत्र इसरार (VASEE) से बदलकर वसी नकवी पुत्र इसरार (VASEE NAQVI) रख लिया है। भविष्य में मुझे वसी नकवी पुत्र इसरार के नाम से जाना जाए।

**वसी नकवी पुत्र इसरार**
**गांव गंगेरू जिला शामली**

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, शामली**

पत्रांक 8433 वि०वि०मं०/शा०/निविदा — दिनांक 16/12/2025

**ई-निविदा सूचना** — दिनांक 16.12.2025

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 18/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-ऊन के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्रांक्कलन के सापेक्ष रनिंग टेण्डर के माध्यम से कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि -रू0 20000.00
2. 19/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-शामली के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्रांक्कलन के सापेक्ष रनिंग टेण्डर के माध्यम से कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि -रू0 55000.00
3. 20/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-थानाभवन के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्रांक्कलन के सापेक्ष रनिंग टेण्डर के माध्यम से कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि -रू0 40000.00

**ई-निविदा की अंतिम तिथि :** 12 जनवरी 2026, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट htpp//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाए वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

# संदिग्ध हालात में घर के आंगन में मिला युवक का शव, शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव रंगाना में बुधवार की सुबह एक युवक का संदिग्ध हालात में खून से लथपथ शव घर के आंगन में मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई । घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह मां मृतक सुनील पुत्र ब्रह्म सिंह की मांओमवती सुबह के समय पशुओं को चारा डालने के लिए उठीं तो आंगन में पुत्र सुनील का खून से सना शव देख चीख निकल गई। उनकी आवाज सुनकर पड़ोसी और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी।

स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल पर एडिशनल एस पी सुमित शुक्ला,सीओ कैराना हेमंत सिंह एस एच ओ वीरेंद्र कसाना फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। वहीं, एडिशनल एसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि



पुलिस मामले की हर कोण से जांच कर रही है।

ग्रामीणोंऔर परिवार के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार सुनील की पत्नी मोनी अपने तीनों नाबालिग बच्चों सानवी, सीवांश, मानवी के साथ लगभग एक सप्ताह पूर्व अपने मायके गांव कावली, मुजफ्फरनगर गई हुई थीं। उस समय घर में मृतक सुनील, उसकी मां ओमवती और बड़े भाई अनिल ही मौजूद थे घटना वाली रात अनिल खेत पर गया हुआ था। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि सुनील सुबह करीब चार बजे गांव में घूमता हुआ देखा गया था। लेकिन कुछ ही देर बाद उसका शव आंगन में मिला



**पत्नी और बच्चे मायके गए थे, खून से लथपथ शव के साथ युवक के हाथ में बिजली का तार भी था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी**

हैरानी की बात यह है कि शव एक पत्थर के ऊपर पड़ा था और मृतक के हाथ में बिजली का तार भी था। गांव वालोंने बताया कि सुनील शराब पीने का आदी था।

परिवार पहले ही मुसीबतों से जूझ रहा था, क्योंकि लगभग आठ वर्ष पहले परिवार के मुखिया द्धबृहमसिंहत्रः का भी निधन हो गया था। अब सुनील की संदिग्ध मौत ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। वह अपने पीछे पत्नी, तीन छोटे बच्चों, मां और भाई को रोता बिलखता में छोड़ गया है। परिवार के सदस्य नीरज ने पुलिस को एक लिखित आवेदन देकर मामले की गहन और निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

पुलिस अभी इस बात की तह तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है कि आखिर सुनील की मौत कैसे हुई। आत्महत्या, दुर्घटना या फिर कोई अपराधिक घटना – इस दिशा में सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# भारतीय सेना में चयन पर पूर्व छात्र समीर का विद्यालय में भव्य सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** देश की रक्षा में अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लेने वाले युवाओं का सम्मान समाज के हर स्तर पर होना चाहिए। इसी भावना के साथ झिंझाना क्षेत्र के सींगरा स्थित इंदिरा गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज में बुधवार को एक भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के भूतपूर्व छात्र समीर पुत्र नन्हा निवासी गांव आमवाली को भारतीय सेना में चयनित होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जयकरण अंसल एवं उप प्रधानाचार्य विजय कुमार अंसल ने संयुक्त रूप से समीर को पगड़ी पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व एक स्मृति चिन्ह भेंट कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाए भी उपस्थित रही।

प्रधानाचार्य जयकरण अंसल ने समीर को संबोधित करते हुए कहा कि देश-सेवा सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने स्वयं से पहले सेवा के सिद्धांत पर चलने का आ]वान करते हुए छात्र को हमेशा कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि इस विद्यालय के अनेक पूर्व छात्र आज शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हाल ही में विद्यालय के लगभग 10 छात्रों का उत्तर प्रदेश पुलिस में भी चयन हुआ है।

उप प्रधानाचार्य विजय कुमार अंसल ने विद्यालय के वर्तमान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए समीर के उदाहरण से प्रेरणा लेने को कहा। उन्होंने पढ़ाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि किस प्रकार शिक्षा जीवन में आमूल परिवर्तन ला सकती है और देश-सेवा के पथ पर अग्रसर कर सकती है।

समारोह मेंउपस्थित सभी शिक्षकों ने भी समीर की इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी और आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने उससे सेवा के प्रत्एक पल में ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता बनाए रखने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के वर्तमान छात्रों में भी देशभक्ति और सेवा का जज्बा देखने को मिला।

# नकली व मिलावटी खाद बेचने वाले, टैगिंग करने वाले पर लगेगा एनएसए

**शामली।** मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देश दिए गए है कि ओवर रेटिंग, खाद की कालाबाजारी, नकली व मिलावटी खाद बेचने वाले, टैगिंग करने वाले और इसकी कालाबाजारी में संलिप्त लोगो के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3ध्7 के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम एनएसए के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने अवगत कराया की उत्तर प्रदेश शासन कृषि अनुभाग-2 लखनऊ के आदेश दिनांक 30 सितम्बर 2025 के द्वारा निर्देश दिए गए थे कि ऊर्वरकों का प्रयोग संतुलित मात्रा/संस्तुत मात्रा में हो, साथ ही साथ इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि असामाजिक तत्वों द्वारा अधिक मात्रा में उर्वरक क्रय कर गैर कृषि गतिविधियों में जैसे-यूरिया डायवर्जन, कालाबाजारी, जमाखोरी इत्यादि न हो सके। इसके .ष्टिगत एक कृषक को उसके कृषि भूमि प्रति हेक्टेयर के आधार पर अधिकतम डीद्गएद्गपीद्ग-05 बैग एवं यूरिया - 7 बैंग की मात्रा ही दी जाए। इस मात्रा से अधिक भण्डारण करने पर उसे उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) नियंत्रण आदेश, 1985 का उल्लंघन माना जाएगा। कृषको भाईयो से निवेदन है कि वह सन्तुलित मात्रा में उर्वरको का प्रयोग करे और अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार के उर्वरको का भण्डारण न करे साथ ही आवश्यकता से अधिक उर्वरको का क्रय न करे।

उर्वरको की संतुलित मात्रा फसलो के अनुसार किसान भाई अपनी फसल में उर्वरको का प्रयोग करे। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रही। जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओ को उर्वरक बिक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मैमो देने व पी.ओ.एस. मशीन से उर्वरक बिक्री के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए है एवं सभी कृषको को पी.ओ. एस. मशीन से उनकी जोत के अनुसार सन्तुलित मात्रा में उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया है। उर्वरक बिक्री केन्द्र पर आई.एफ.एम.एस. पोर्टल मे उपलब्ध सम्भार एवं बिक्री केन्द्र पर उपलब्ध सम्भार मे भिन्नता या अनियमितता पाई जाती है अथवा कृषक विक्रेताओं द्वारा अवैध भण्डारण पाया जाता है तो उस उर्वरक विक्रेताध्अन्य के विरुद्ध जॉचोपरान्त उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 उर्वरक संचलन नियंत्रण आदेश 1973 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# डा. हिमानी अग्रवाल ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माद्ग सदस्य डॉ। हिमानी अग्रवाल जी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महिला जनसुनवाई के दौरान माद्ग सदस्य,उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा कुल 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई में मारपीट, घरेलू हिंसा एवं भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण सामने आए। इस अवसर पर माननीय सदस्य द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना की जाए।निस्तारण हेतु संबंधित प्रकरणों को संबंधित थानों, वन स्टॉप सेंटर एवं जनपद शामली के विभिन्न विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्ट्रेट में महिला जनसुनवाई के दौरान आई एक दिव्यांग महिला की समस्या को माननीय सदस्य द्वारा अपनी कुर्सी से उठकर स्वयं उसके पास जाकर गंभीरतापूर्वक सुना गया।महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में हामिद हुसैन, डिप्टी कलेक्टर, शामली, डॉ। अथर जमील,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शामली, मोहम्मद मुशफेकीन, जिला प्रोबेशन अधिकारी, शामली, मती मोनिका चौहान, थानाध्यक्ष महिला थाना,



शामली, मोहित कुमार, उप निरीक्षक, शामली, मती ममता खोखर, बाल विकास परियोजना अधिकारी, शामली, डॉ। सीमा वर्मा प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक, शामली, सुशील कुमार, डी।सी।, जिला बेसिक शिक्षा विभाग, शामली, अजय शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित अधिवक्ता, मती गजाला त्यागी, केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, तथा महिला कल्याण विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। महिला जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरांत माननीय सदस्य द्वारा मिशन शक्ति वन स्टॉप सेंटर, शामली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिशु सदन कक्ष, अल्पावास कक्ष, रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी, परामर्श सहायता कक्ष एवं चिकित्सकीय सहायता कक्ष का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के समय शिफ्टवार डड्रटी पर तैनात सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। वन स्टॉप सेंटर में साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था पाई गई तथा सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं सुचारु रूप से संचालित पाई गईं। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन, केंद्र प्रशासक मती गजाला त्यागी, महिला थाना अध्यक्ष मती मोनिका चौहान सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग का अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप में मुकदमा दर्ज

**कैराना।** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार ग्राम काकोर निवासी ने बताया कि उनकी पुत्री की उम्र लगभग 15 वर्ष है। आरोप है कि ग्राम मवी निवासी अजय पुत्र सुरेंद्र ने किसी माध्यम से आयशा की फोटो प्राप्त कर उसका अश्लील वीडियो तैयार किया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने से पीड़ित परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है तथा परिवार को गहरा मान. सिक आघात लगा है।पीड़ित का कहना है कि इस घटना से गांव में उनकी छवि धूमिल हुई है और परिवार भय व तनाव के माहौल में जीने को मजबूर है। मामले की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।पीड़ित ने पुलिस से आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## एक नजर

### ऋण वसूली पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** बीपैक्स समिति ऊन का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया जिसमें आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया तथा ऋण वसूली पर जोर दिया गया। बीपैक्स समिति ऊन की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सभापति सरदार गुरप्रीत सिंह ने की समिति के प्रबंध निदेशक देवेंद्र कुमार ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसमें करीब 22 लाख का शुद्ध लाभ समिति को प्राप्त हुआ उन्होंने बताया कि समिति का करीब 400 सदस्यों पर 3 करोड रूपए का ऋण बकाया है जिसकी वसूली के अभियान चलाया जाएगा सभापति गुरप्रीत सिंह ने सभी सदस्यों से समय पर ऋण अदा करने की अपील की जिससे कि समिति का कार्य सुचारू रूप से संचालन किया जा सके ।सहायक विकास अधिकारी सहकारिता डॉ मुकेश कुमार ने किसानों को विभाग से संबंधित जानकारी दी उन्होंने किसानों से जैविक खाद तथा रसायन मुक्त खेती करने की अपील की ।बैठक में वार्षिक संतुलन पत्र, समिति के अधिकतम दायित्व निर्धारित करने पर भी विचार किया बैठक में जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर दिनेश गोयल, उपसभापति विमला देवी पत्नी सत्यपाल, डायरेक्टर राजेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, रामपाल, शोभित, इरफान ,जहीर, जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक संत देव चौधरी समेत किसान मौजूद रहे।

### भीख मांग रही किशोरी ने गल्ले से उड़ाई नकदी, सीसीटीवी से पकड़ी गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पुलिस चौकी के सामने स्थित कपडे की दुकान से भीख मांगने आई किशोरी ने गल्ले मे रखे 7100 रूपयों को चोरी कर लिया। घटना के दौरान दुकानदार मौके पर मौजूद नही था। चोरी की घटना के बाद हंगामा हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी को देखा। जिसके बाद आरोपी किशोरी की तलाश की गई ,जिसे खोडसमा से पकड लिया गया और पैसो को भी बरामद कर लिया गया। हालाकि किशोरी की पारिवारिक हालात को देखते हुए पीडित दुकानदार ने कार्यवाही करने से इंकार कर दिया गया। यह पहला मौका नही है कि जब पुलिस चौकी के आसपास से चोरी की घटना घटित ना हुई हो। एक सप्ताह के भीतर चौसाना के मुख्य बाजार मे गल्ले से पैसे निक. ालने की यह दूसरी घटना है। पुलिस चौकी के सामने स्थित एक कपडे की दुकान पर मंगलवार की शाम को दो किशोरी आई और काफी समय तक खडी रही। इसी बीच दुकानदार किसी काम से दुकान से चला गया। तभी मौका पाकर एक किशोरी दुकान मे घूसी और चाबी उठाकर गल्ले से पैसे निकालकर चली गई। चोरी के दौरान किशोरी ने सीसीटीवी को भांपकर मुॅह को भी ढका। तभी वापस आए दुकानदार ने गल्ला देखा तो भौचक्का रह गया। इसके बाद सीसीटीवी को देखा और आसपास के दुकानदारो को चोरी की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी देखे। पडताल के दौरान आरोपी किशोरी को खोडसमा से पकड लिया गया और पैसो को बरामद कर लिया गया।उधर पीडित दुकान ने पुलिस कार्यवाही करने से इंकार कर दिया।

**एक दुकान से मोबाइल तो दूसरी से पॉच हजार ले उड़े चोर**

चौसाना मे ही पीएनबी बैंक के निकट बदमाशों ने एक किरयााना की दुकान से पॉच हजार रूपयों को निकाल लिया गया। वही बुधवार को एक व्यक्ति दुकानदार की नजर फिरते ही मोबाईल को उठाकर फरार हो गया। सीसीटीवी वायरल हो रहा है।

### जर्जर सड़क ने बढ़ाई मुश्किलें, दलित बस्ती के लोगों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के मोहल्ला रायजादगान में वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण को लेकर बुधवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मोहल्ले के दर्जनों महिला-पुरुषों ने हंगामा करते हुए सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की और पालिका प्रशासन को शिकायती पत्र



सौंपा।प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि हरिजन चौपाल से लेकर पुलिया तक की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। यह सड़क दलित बस्ती की आबादी के बीच से होकर गुजरती है और वार्ड नंबर एक व वार्ड नंबर तीन को जोड़ती है। करीब 20 वर्ष पूर्व बनी यह सड़क समय के साथ पूरी तरह जर्जर हो गई, लेकिन इतने वर्षों में न तो किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान दिया और न ही पालिका प्रशासन ने सड़क निर्माण कराया।स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भर जाता है और कीचड़ से हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। टूटी सड़क के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासा दिक्कत झेलनी पड़ रही है।इस दौरान किरणपाल, सीताराम, श्यामपाल, प्रवीण कुमार, सूरज, अनीश, राजा, बल्लू, तेजपाल, रामपाल सहित अन्य लोगों ने एकजुट होकर पालिका प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो पालिका प्रशासन के समक्ष हड़ताल कर आंदोलन किया जाएगा।

### कन्याओं के विवाह में मिसाल बने सज्जन चौधरी को मिला 'जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मखघ्मूलपुर गांव निवासी समाजस. ेवी सज्जन चौधरी को,जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने और अब तक 100 से अधिक कन्याओं के विवाह संपन्न कराने जैसी अनुकरणीय सेवाओं के लिए प्रदान किया गया।सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित कंस्टीटड्ढशन क्लब में आयोजित हुआ, जहां देश के प्रतिष्ठित न्यायविद एवं भारत के मुख्य न्यायाधीश,सीजेआई,संजीव




खन्ना ने सज्जन चौधरी को सम्मानित करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की।सम्मान प्राप्त करने के बाद सज्जन चौधरी ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भविष्य में भी गरीबों, असहायों और जरूरतमंद कन्याओं की सहायता करते रहने का संकल्प दोहराया। बुधवार को गांव में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

# बलात्कार के मुकदमे में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं एक युवक को पुलिस ने कस्बे के बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया जिसकी पहचान पूर्व में दर्ज बलात्कार के मुकदमे में वांछित के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि वे कस्बे में पुलिस टीम शहनवाज व कांस्टेबल आकाश जैनर के साथ गस्त कर रहे थे इस दौरान



कस्बे के चरथावल बस स्टैंड के पास एक संदिग्ध युवक घूमता नजर आया जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया पूछताछ व जांच में पता चला कि आरोपी बलात्कार के गंभीर मामले में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोबीन पुत्र फज्जू उर्फ फजलु रहमान निवासी रेहान गार्डन, थाना लिसाड़ी गेट, जनपद मेरठ बताया। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। पुलिस को मुखबिर से संदिग्ध युवक के घूमने की सूचना मिली, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए चरथावल अड्डे से आरोपी को धर दबा. ेचा गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# जरूरतमंदों को रजाई का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन के तत्वावधान में आज शहर के अग्रसेन पार्क में तीसरा रजाई वितरण कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कड़ाके की ठंड को देखते हुए क्लब द्वारा मानव सेवा के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 150 जरूरतमंद एवं निर्धन परिवारों को गर्म रजाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम पूर्णतः सेवा, करुणा एवं सामाजिक सरोकार की भावना को समर्पित रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी द्धएडीएमत्रः परमानंद झा जी रहे। उन्होंने लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में



जरूरतमंदों को रजाई उपलब्ध कराना वास्तव में एक सराहनीय एवं मानवीय पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर सेवा कार्य करते रहने का आ]वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आलोक जैन जी, विशाल गुप्ता जी, कुशाक चौहान जी, पंकज गुप्ता जी एवं चेतन मुंजाल जी उपस्थित रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने स्वयं जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया और लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक दायित्वों की खुले मंच से सराहना की।

अतिथियों ने कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति को इस प्रकार के सेवा कार्यों में आगे आकर सहयोग करना चाहिए। क्लब के अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि यह लायंस क्लब शामली क्राउन का तीसरा रजाई वितरण कार्यक्रम है और क्लब आगे भी निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, वस्त्र वितरण एवं अन्य सेवा कार्य लगातार करता रहेगा। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य ही मानव सेवा है और इसी भावना के साथ क्लब निरंतर समाज की सेवा में समर्पित है। क्लब के सचिव लायन आशीष गोयल ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम विशेष रूप से योजनाबद्ध तरीके से आयोजित किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष लायन तरुण जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, दानदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लायन संजय सांगल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब की स्थापना से लेकर अब तक किए गए विभिन्न सेवा कार्यों की संक्षिप्त जानकारी साझा करते हुए कहा कि लायंस क्लब शामली क्राउन आगे भी समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में लायन देवाशीष गुप्ता द्धएडवोकेटत्रः, लायन प्रदीप विश्वकर्मा, लायन अर्जुन वर्मा, लायन वैभव प्रकाश, लायन अंकुर गोयल, लायन गौरव गोयल, लायन सचिन गर्ग, लायन रामगोपाल शर्मा, लायन रूपेश गुप्ता, लायन विकास गोयल, लायन आयुष्मान, लायन संदीप जिंदल, लायन विजय सांगल, लायन गौरव कालरा, लायन राहुल गर्ग सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और रजाई वितरण कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। रजाई पाकर जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। लोगों ने लायंस क्लब शामली क्राउन का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सेवा कार्यों को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# साप्ताहिक सत्संग में श्रोता हुए भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के मेन बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर बाला जी धाम में सनातन शिव शक्ति हनुमान मंडल के तत्वावधान में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में कथावाचक राज राजेश्वर महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए सुंदरकांड के पाठ और राम.सीता नाम स्मरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।महाराज ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ एवं प्रभु राम-सीता के नाम का स्मरण करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं, आत्मविश्वास बढ़ता है और मन को सुख-शांति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि हनुमान जी की आराधना के लिए मंगलवार और शनिवार का विशेष महत्व है। भोग, दीपक अर्पण और सात्विक जीवन से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं, जिससे प्रभु से मिलन का मार्ग सहज बनता है।अपने प्रवचन में महाराज ने संसार की नश्वरता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह संसार क्षणभंगुर है, यहां कोई भी रिश्ता या भौतिक वस्तु स्थाई नहीं है। माता-पिता, मित्र, धन और पद सब कुछ समय के साथ बदल जाते हैं या बिछड़ जाते हैं। जन्म और मृत्यु के समय मनुष्य अकेला होता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सच्चा सहारा केवल परमात्मा ही हैं। स्थाई सुख और सच्चा अपनापन आत्मा को परमात्मा से जोड़ने में ही निहित है। महाराज ने




कहा कि सांसारिक सुख और मोह-माया अक्सर हमें ईश्वर से दूर कर देते हैं, जबकि इनसे ऊपर उठकर ही वास्तविक शांति प्राप्त होती है। ईश्वर ही एकमात्र शाश्वत साथी और आश्रय हैं, जिनसे जुड़ाव मनुष्य को हर कठिनाई से बचाता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर सुरेन्द्र गर्ग एवं संदीप उपाध्याय ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सत्संग में योगेश तायल, प्रभात तायल, सतीश गुप्ता, मुकेश अरोड़ा, अमित गर्ग, बिजेंद्र कुमार, नवीन गोयल, डॉ। सुशील गोयल, अनुज गर्ग, दीपक तायल, सुरेन्द्र गर्ग, सचिन गोयल, नवीन बंधु, विनय तायल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उच्च न्यायालय की पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बैंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ता लामबंद हैं। केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को देवबंद के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे एवं सिविल कोर्ट परिसर में प्रदर्शन कर अतिशीघ्र हाईकोर्ट बैंच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बनाये जाने की मांग की।

सिविल कोर्ट स्थित बार रूम में अध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना होना बेहद जरूरी है। प्रयागराज हाईकोर्ट की दूरी अधिक होने के कारण लोगों को भारी मुश्किलों का सामना होता है। पश्चिम में हाईकोर्ट की बैंच स्थापित होने से वादकारियों के साथ-साथ अधिवक्ताओं को भी लाभ पहुंचेगा। इसके लिए केंद्रीय संघर्ष समिति लंबे समय से संघर्ष कर रही है। इसी मांग



को लेकर बुधवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। हड़ताल के चलते वादकारियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। राकेश कुमार आर्य, खालिद खान, अमित शर्मा, समीना राजपूत, अनुज कुमार, किरण पाल सिंह, कंवरपाल सिंह, ठाकुर सुरेंद्र पाल सिंह आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

## उद्यमी ने लोन की राशि न मिलने को लेकर एसपी को भेजा पत्र


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खेड़ामुगल निवासी आदेश कुमार ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि युवा उद्यमी विकास योजना के तहत उसने पीएनबी की खेड़ामुगल शाखा से पांच लाख रुपये का लोन कराया था, लेकिन लोन की रकम उसके खाते में नहीं पहुंची। बताया कि 6 अगस्त को उसने लोन के लिए आवेदन किया था। इसके लिए बैंक अधिकारियों ने उससे आधार कार्ड, चार चेक और खाता संख्या लिया था। इसके साथ ही एक फर्म से उसकी कुटेशन भी बनाई थी। आरोप लगाया कि लोन पास होने के बाद पांच लाख रुपये की रकम उसके खाते में पहुंचने के बजाए फर्म के खाते में ट्रांसफर की गई। आदेश ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# मॉब लिंचिंग का शिकार मृतक के परिवार की जमीयत करेगी सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बिहार के नालंदा में मॉब लिंचिंग का शिकार हुए अथहर हुसैन के परिवार को मृतक अथहर हुसैन की पत्नी के निवदेन पर जमीयत कानूनी सहायता प्रदान करेगा। मौलाना अरशद मदनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि मॉब लिंचिंग का शिकार अथहर हुसैन के मामले में जमीयत उलमा-ए-हिंद की कानूनी सहायता टीम अनुभवी आपराधिक वकीलों का एक विशेष पैनल गठित करने जा रही है, ताकि पीड़ित परिवार को न केवल न्याय दिलाया जा सके, बल्कि हत्यारों को उनके किए की सजा दिलाई जा सके। घटना पर विरोध जताते हुए मौलाना मदनी ने सवाल किया कि बिहार के नालंदा में एक गरीब फेरीवाले अथहर हुसैन को नाम और धर्म पूछकर मार डाला गया तो अब देश का पक्षपाती मीडिया चुप क्यों है? क्या इसलिए कि मरने वाला मुसलमान है यह दोहरा चरित्र क्यों?। उन्होंने कहा कि जुल्म, जुल्म ही होता



है वह हिंदू या मुसलमान नहीं होता। अगर हम इंसान होने का दावा करते हैं, तो हमें हर तरह के जुल्म के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की सख्त हिदायतों के बावजूद इस तरह की घटनाओं का होना इस बात का प्रमाण है कि ऐसे कृत्य करने वालों को राजनीतिक संरक्षण और समर्थन प्राप्त है, इसी कारण उनके हौसले बुलंद हैं। अफसोस जताया कि अथहर हुसैन के हत्यारों के खिलाफ पुलिस ने शुरु में हल्की धाराओं में मामला पंजीकृत किया। जबकि उसने अस्पताल में अपना बयान दर्ज करा दिया था। जमीयत पदाधिकारियों के दबाव के बाद इसमें हत्या की धारा जोड़ी गई, जिससे सरकार का असली चेहरा उजागर हो गया। यह साफ हो गया कि जिनकी नजर में सत्ता ही सब कुछ है, उनकी नजर में अब मानव जीवन की कोई कीमत नहीं रह गई है।

> मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर सरकारों का रवैया गैर जिम्मेदाराना
>
> मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में 200 से अधिक मॉब लिंचिंग की घटनाएं हो चुकी हैं और सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बावजूद इस मामले में राज्य सरकारों का रवैया बेहद गैर-जिम्मेदाराना रहा है। कहा कि मॉब लिंचिंग सांप्रदायिक ताकतों की उस नफरत भरी राजनीति का नतीजा है, जो देश में खुलेआम की जा रही है।

# असहाय व जरूरतमंद महिलाओं को वितरित किए लिहाफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति के तत्तवावधान में आयोजित कार्यक्रम में असहाय व जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए लिहाफ वितरित किए गए।

मौहल्ला गुज्जरवाडा स्थित जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति के तत्तवावधान में आयोजित कार्यक्रम में भीषण सर्दी से बचाव के लिए गरीब, बेसहारा, विधवा महिलाओं को लगभग 75 लिहाफ वितरित किए गए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष कारी आमिर उस्मानी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लिहाफ वितरण कार्यक्रम के तहत असहाय व जरूरतमंद एवं विधवा महिलाओं को सर्दी से बचाव के लिए लिहाफ वित.



रित किए गए।

कार्यक्रम में मुकीम अब्बासी, मुर्तजा कुरैशी, तहजीब नाजिश, अब्दुल कादिर, रिजवान, मौ. दानिश, प्रवेज अब्बासी, राशिद आदि शामिल रहे। अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष फखर जहां ने सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया।

# नवनिर्मित न्यायालय भवन का वर्चुअल लोकार्पण

**देवबन्द।** नवनिर्मित एक कक्षीय न्यायालय भवन एवं न्यायिक अधिकारीगण के लिए एक श्रेणी 05 के आवास का व्र्चुअल लोकार्पण इलाहबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायामूर्ति अरुण भंसाली द्वारा किया गया। इस दौरान उच्च न्यायालय के अवस्थापना समिति के अध्यक्ष न्यायामूर्ति मनोज कुमार गुप्ता एवं प्रशासनिक न्यायाधीश संभाग सहारनपुर अब्दुल मुईन वीडियो कांफ्रेसिंग में मौजूद रहे। जिला न्यायालय सहारनपुर सभागार में आयोजित व्र्चुअल कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश न्यायामूर्ति अरुण भंसाली ने परियोजनाओं के पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान न्यायमूर्ति अब्दुल मुईन ने न्यायालय एवं आवासीय भवन के निर्माण पर हर्ष व्यक्त किया। जबकि न्यायामूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने समिति द्वारा जिला न्यायालय में चल रही परियोजनाओं की जिला न्यायाधीश सतेंद्र कुमार ने जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन न्यायाधीश पूजा गुप्ता और सिविल जज (जूडि) आकांक्षा तिवारी संयुक्त रुप से किया गया। कार्यक्रम में डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, सीएमओ डा. प्रवीण कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सैनी, अजय कौशिक, बार संघ देवबंद के अध्यक्ष विरेंद्र पाल सिंह, महासचिव राकेश कुमार आर्य व अपर जिला जज कक्ष संख्या 03 सहित न्यायिक अधिकारी शामिल रहे।

## पेंशनर्स दिवस पर पेंशनधारकों ने रखी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गर्वनमेंट पेंशनर वैलफेयर आर्गेनाइजेशन के पदा. धिकारियों ने बुधवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर पेंशनर्स दिवस के अवसर पर पेंशनधारकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद अत्री ने बताया कि गर्वनमेंट पेंशनर वैलफेयर आर्गेनाइजेशन की शाखा जनपद शामली में वर्ष 2014 से कार्यरत है। उन्होंने शासनादेश का हवाला देते हुए नवनिर्मित कोषागार में पेंशनर्स कक्ष की समुचित व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पंखा-कूलर तथा पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही पेंशनर्स कक्ष को संगठन के पदा. धिकारियों को दिखवाने का अनुरा. ेध किया गया।

## इनरव्हील क्लब की मासिक बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इनर व्हील क्लब शामली द्वारा मासिक मीटिंग का आयोजन क्लब सदस्य अनीता जैन के निज निवास पर किया गया। बैठक का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष वीना अग्रवाल एवं होस्ट अनीता जैन द्वारा दीप प्रज्वलन एवं इनर व्हील प्रेयर के साथ किया गया। बैठक के दौरान महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रत्एक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति द्धआईसीसीत्र का गठन अनिवार्य है तथा नियमों का पालन न करने पर दंड का प्रावधान भी है। इस अवसर पर महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पंपलेट वितरित किए गए तथा सदस्यों से अपने-अपने गली-मोहल्लों में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने का आ]वान किया गया। बैठक में उषा गोयल, प्रिया भट्ट, अर्चना गोयल, सुधा अग्रवाल, पूनम गर्ग, वीना अग्रवाल, अनीता जैन, राशि जैन उपस्थित रहीं।

## तीन दिवसीय स्काउट गाइड का विधिवत समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कन्या कल्याण गुरुकुल शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज, भैंसवाल में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। समापन दिवस पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं ने अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंतिम दिन सीनियर वर्ग की छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की टोलियां बनाकर आकर्षक तंबुओं का निर्माण किया। तंबू निर्माण प्रतियोगिता में टोली नंबर 11 छत्तीसगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि टोली नंबर 12 गुजरात दूसरे तथा टोली नंबर 13 असम तीसरे स्थान पर रही। समारोह में सीओ थानाभवन जितेंद्र सिंह, थाना गढ़ीपुख्ता से सब-इंस्पेक्टर नरेश कुमार, सहारनपुर से प्रवक्ता शिवकुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्या कुमुद राठौर, जिला संगठन आयुक्त गीता रानी एवं गायत्री देवी ने शिविर का निरीक्षण किया। अतिथियों ने सीनियर वर्ग की छात्राओं द्वारा विभिन्न राज्यों की थीम पर बनाए गए तंबुओं का अवलोकन किया। जूनियर विंग की छात्राओं ने हस्तकला कौशल की प्रदर्शनी के साथ फूड प्लाजा के स्टॉल लगाए। इस प्रतियोगिता में टोली नंबर 8 राजस्थान ने प्रथम, टोली नंबर 2 हरियाणा ने द्वितीय तथा टोली नंबर 4 महाराष्ट्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# परीक्षा देकर लौट रहे छात्र पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** परीक्षा देकर घर लौट रहे एक छात्र पर आधा दर्जन युवकों ने घेरकर जानलेवा हमला कर दिया। लात-घूंसों, बेल्ट और पंच से की गई बेरहमी से मारपीट में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम खेड़ी करमू, थाना कोतवाली शामली निवासी लोकेश कटारिया पुत्र बलबीर सिंह ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र गौरव कुमार 12 दिसंबर को विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना से बीए तृतीय वर्ष की परीक्षा देकर घर लौट रहा था। दोपहर करीब 3रू20 बजे जब वह हाईवे पर स्थित गोल्ड किड्स स्कूल से लगभग 500 मीटर आगे पहुंचा, तभी आधा दर्जन युवकों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौच शुरू कर दी।आरोप है कि विरोध करने पर युवकों ने गौरव के साथ लात-घूंसों, बेल्ट और पंच से बुरी तरह मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर राहगीरों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित पिता ने बताया कि बाद में जानकारी मिली कि हमलावरों में से एक युवक रोहित पुत्र रविंद्र निवासी मोहल्ला रायजादगान, कस्बा व थाना कांधला, जिला शामली है। घायल छात्र का उपचार कराया गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर एक नामजद व अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और शीघ्र गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

# विवाहिता ने ससुराल वालों पर मारपीट व बच्चे गायब करने का लगाया आरोप

**कैराना।** थाना क्षेत्र के ग्राम मंडावर में एक महिला के साथ ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट और जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपनी सास व ससुर पर उसके दोनों बच्चों को गायब करने, जेवरात लूटने और हत्या का प्रयास करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम हाजीपुर डुगडडा थाना कांधला निवासी आयशा पत्नी मेसर ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह करीब आठ वर्ष पूर्व ग्राम मंडावर निवासी मेसर पुत्र रियासत के साथ हुआ था। विवाह से उसके दो छोटे बच्चे हैं। आरोप है कि लगभग दो वर्ष पूर्व उसका पति एक अन्य महिला के साथ उसे छोड़कर चला गया था, जिसके बाद वह बच्चों के साथ मायके में रहने लगी थी।पीड़िता के अनुसार बिरादरी के दबाव में करीब आठ दिन पूर्व ससुराल पक्ष उसे बच्चों सहित ग्राम मंडावर ले आया, लेकिन सास-ससुर उसे घर में रखना नहीं चाहते थे। आरोप है कि 15 दिसंबर को दोपहर करीब 12 बजे उसकी सास जासमीन और ससुर रियासत ने उसके दोनों बच्चों को घर से गायब कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने उसे कमरे में बंद कर लिया और उसके सोने-चांदी के जेवरात छीन लिए।पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इसी दौरान सास ने चाकू से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में चोट आई, जबकि ससुर ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसकी जान बचाई।घटना के बाद पीड़िता ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस पीड़िता और उसकी सास को थाने ले आई, जहां पीड़िता का मेडिकल कराया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बच्चों की तलाश की जा रही है और मामले की गहन जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रोजगार मेले में करें अधिक से अधिक प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सेवायोजन कार्यालय शामली एवं वीवी इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को शहर के वीवी इंटर कॉलेज परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने किया। उन्होने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए रोजगार मेलों को युवाओं के लिए उपयोगी बताते हुए अधिक से अधिक प्रतिभाग करने का आ]वान किया। मेले के दौरान करियर काउंसलिंग भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को विभिन्न पाठड्क्रमों व रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई।

# ऑपरेशन सवेराः कैराना में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे हऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह अभियान के अंतर्गत थाना कैराना पुलिस द्वारा मंगलवार को नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दानवीर कर्ण कान्वेंट पब्लिक स्कूल, टीचर्स कॉलोनी, कस्बा कैराना में संपन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, साथ ही शिक्षा, परिवार और सामाजिक जीवन पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ता है।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा व खेलकूद गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं को नशे की लत से बचाव के उपायों, नशा तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा नशा छोड़ने के लिए उपलब्ध परामर्श एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी भी दी।थाना कैराना पुलिस ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। किसी भी नशा-संबंधी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आ]वान करते हुए बताया गया कि सूचना देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में छात्र-छात्राओं ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# ऑपरेशन सवेरा के तहत कैराना में छात्रों को नशे के खिलाफ किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के बढ़ते खतरे को देखते हुए युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरारू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत सोमवार को थाना कैराना पुलिस ने लाला नर्सिंग इंटर कॉलेज में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि शिक्षा, परिवार और सामाजिक जीवन पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है।पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा व खेल गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने की अपील की। साथ ही नशे की लत से बचाव के उपायों, नशा तस्करी के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई और नशा छोड़ने के लिए उपलब्ध परामर्श व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी भी दी गई। पुलिस ने छात्रों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आ]वान किया। किसी भी नशा-संबंधी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील करते हुए बताया गया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## शूटिंग में टीम इंडिया ट्रायल के लिए किया क्वालीफाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एमपी शूंटिंग एकेडमी भोपाल में 11 दिसंबर से आयोजित 68वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन में शामली राइफल क्लब के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक सहित टीम इंडिया ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया। शामली राइफल क्लब अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने बताया कि पिछले दो वर्ष से एमपी शूंटिंग अकैडमी भोपाल में निशानेबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ग्राम महावतपुर निवासी निखिल पुंडीर ने 68 वीं नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में पॉइंट 22 राइफल थ्री पोजीशन इवेंट में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 577 के स्कोर के साथ ही टीम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही निखिल ने अपने प्रदर्शन के आधार पर टीम इंडिया ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया। 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में ग्राम मुंडेट कला निवासी अक्षित निर्वाल ने 624.1 के शानदार स्कोर के साथ, शामली निवासी विधान प्रताप सिंह ने 618.1, ऋत्विक पाल 613.4, दरगाहपुर निवासी युआंक सरोहा ने 612.8, कसेरवा खुर्द निवासी शोभित शर्मा ने 605।8 स्कोर के साथ टीम इंडिया ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया। संस्कार सिंघल 602.6, आयुष मोघा 599.5, निखिल भारद्वाज 593.9 स्कोर के साथ ही राष्ट्रीय खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता 31 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें अभी शामली के अन्य खिलाड़ियों के मैच अगले सप्ताह तक होंगे।

# संगठन में अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर रखें नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने बुधवार को शामली कलक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कुछ तथाकथित किसान संगठनों में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की सक्रियता का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम सत्एन्द्र सिंह को सौंपा।

ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के सशक्त नेतृत्व में प्रदेश की कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है और आम जनता स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रही है। इसके बावजूद वर्तमान समय में कुछ तथाकथित किसान संगठनों में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग पदों पर आसीन हो गए हैं, जो किसान हितों की आड़ में व्यापारियों से अवैध धन उगाही, गरीबों की भूमि पर कब्जा, टोल प्लाजा पर अव्यवस्था फैलाने तथा थानों पर अनावश्यक धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन पर दबाव बनाने जैसी गतिविधियों में संलिप्त बताए जा रहे हैं।

जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती हैं और वास्तविक किसानों, व्यापारियों व विकास कार्यों को नुकसान पहुंचा रही हैं। साथ ही कुछ संगठन युवाओं को भ्रमित कर गलत दिशा में ले जा रहे हैं, जिससे समाज में अराजकता और अनुशासनहीनता बढ़ रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि



ऐसे किसान संगठनों और उनके पदा. धिकारियों की गहन जांच कराई जाए, आपराधिक इतिहास वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा किसान संगठनों की आड़ में हो रही अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए, ताकि किसान आंदोलन की गरिमा बनी रहे और प्रदेश में शांति व विकास का माहौल कायम रह सके। इस अवसर पर उपेन्द्र मलिक, मोहर सिंह, इस्तेकार, सुधीर, सुखबीर सिंह, आकाश तोमर, मांगा तोमर, विरेन्द्र सिंह, सुभाष मलिक, फिरोज आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम EKBAL से बदलकर IQBAL रख लिया है भविष्य मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए।

IQBAL S/O JINDAVILL-
FULAS AKBARPUR POST
SANPLA KHATRI PS
DEOBAND DISTT
SAHARANPUR-UP

## संक्षिप्त खेल समाचार

### राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता 19 से श्रीगंगानगर में

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** चौदहवीं राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता 19 से 23 दिसम्बर तक राजस्थान में श्रीगंगानगर में खेली जाएगी। राजस्थान ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वेदप्रकाश लखोटिया (आरपीएस) ने बुधवार को बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 25 राज्यों से 400 से अधिक ब्लाइंड जूडो खिलाड़ियों और 60 अधिकारी शिरकत करेंगे। यह प्रतियोगिता श्रीगंगानगर में ही आयोजित राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के समापन के साथ ही शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी श्रीगंगानगर को चार वर्षों के बाद प्राप्त हुई है। इसका उद्घाटन 20 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे हनुमानगढ़ मार्ग पर स्थित ब्लूमिग डेट्स इंटरनेशनल स्कूल में होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों और आयु समूहों में मुकाबले होंगे।

### मैडसेन की कप्तानी में अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलेगा इटली

**रोम, वार्ता।** इटली क्रिकेट फेडरेशन ने कहा कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम वेन मैडसेन की अगुवाई में खेलेगी। आईसीसी गवर्निंग बॉडी ने मंगलवार देर रात एक बयान जारी कर नवम्बर के आखिर में टीम का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मैडसेन की स्थिति की फिर से पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ अपनी टीम की द्विपक्षीय सीरीज और अगले साल सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले वैश्विक स्पर्धा दोनों में टीम का नेतृत्व करेंगे। इटली की गवर्निंग बॉडी ने अपने बयान में कहा कि मैडसेन इस पद पर महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू अनुभव लाते हैं, उन्होंने पहले भी टी-20 में इटली का प्रतिनिधित्व किया।

# वरुण-तिलक आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में चमके






● तिलक वर्मा रैकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर व स्पिनर वरुण गेंदबाजी में 818 अकों के साथ शीर्ष पर पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा आईसीसी पुरुष अंतर्राष्ट्रीय टी-20 प्लेयर रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी रैंकिंग में 818 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर जारी ताजा रिपोर्ट में तिलक वर्मा ने पिछले हफ्ते कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 26 रन बनाने के बाद न्यू चंडीगढ़ में 62 और धर्मशाला में 26 रन बनाकर भारत के अभिषेक शर्मा की अगुवाई वाली सूची में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान और इंग्लैंड के जोस बटलर को पीछे छोड़कर वह अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़ कर 774 अंकों के चौथे स्थान पर पहुंच गए है। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को एक पायदान का नुकसान हुआ है वह 669 अंकों के साथ दसवें स्थान पर आ गए है। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा 909 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम की तीसरे मैच में सिर्फ 117 रन के स्कोर में 61 रन की पारी ने उन्हें आठ स्थान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि क्विंटन डी कॉक की दूसरे टी-20 में मैच जिताने वाली 90 रन की पारी ने उन्हें 14 पायदान ऊपर उठाकर 53वें स्थान पर पहुंचा दिया है। टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग की बात की जाए तो पिछले हफ्ते खेले गए दो टी-20 में दो-दो विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती ने अपने खाते में 36 रेटिंग अंक जोड़ कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 अंकों तक पहुंच गए है।

# मयंक का मुंबई इंडियंस में चयन




● मयंक रावत का आईपीएल लीग में चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल

**टिहरी, वार्ता।** उत्तराखंड के टिहरी गढवाल जिले के खास पट्टी के ग्रामसभा गडोलिया तोक (रेंगली) के युवा क्रिकेटर मयंक रावत का आईपीएल की प्रतिष्ठित टीम मुंबई इंडियंस में चयन हुआ है। वर्तमान में वह दिल्ली में रह रहे हैं और वहीं से उन्होंने अपने क्रिकेट करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मयंक की इस उपलब्धि पर बुधवार को क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मयंक रावत के आईपीएल जैसी बड़ी लीग में चयन होने की खबर से उनके पैतृक गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। मयंक के पिता राम सिंह रावत (पूर्व छात्रसंघ विज्ञान प्रतिनिधि, एसआरटी कैंपस, पुरानी टिहरी) सहित पूरे परिवार को कमल सिंह बागड़ी सहित पूरे क्षेत्रवासियों ने बधाई दी। वर्तमान में मयंक दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। यह चयन खास पट्टी के लिए विशेष गौरव का विषय है। इससे पूर्व इसी पट्टी के ग्राम सिलोड़ निवासी बडोनी का भी आईपीएल में चयन हो चुका है। पट्टी से दो युवा खिलाड़ियों द्वारा अपनी प्रतिभा के दम पर उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जा रहा है।

## पैसा नहीं, बल्कि आईपीएल में चयन सम्मान की बातः रमनेंद्र

**अमेठी, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए 14 करोड़ 20 लाख रुपये की कीमत में चुने गए प्रशांत वीर का परिवार बेटे की सफलता से गदगद है। युवा खिलाड़ी के पिता रमनेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आईपीएल में चयन होना बेटे और परिवार के लिए गर्व का विषय है। आईपीएल के इतिहास में अमेठी के प्रशांत वीर ने कीर्तिमान स्थापित किया है। चेन्नई सुपर किंग ने प्रशांत वीर के लिए 14.20 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। इसकी खबर सुनते ही प्रशांत के घर में खुशी का माहौल हो गया। इलाके के लोग बधाई देने उनके घर पहुंचने लगे। पिता रमनेंद्र त्रिपाठी ने कहा ष्मेरे बेटे का चयन आईपीएल में हुआ यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। पैसा तो किसी भी हुनर मंद को मिल जाता है यह सम्मान ही मेरे लिए गर्व का विषय है। प्रशांत चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलेंगे। बेटे को उम्मीद से ज्यादा कामयाबी मिली। टीम इंडिया में शामिल होना बेटे का अगला लक्ष्य है। पिता ने बताया कि कक्षा पांच के बाद से ही उसका रुझान क्रिकेट के प्रति हो गया। वह अपने उम्र के ज्यादा बड़े लोगों के साथ भी क्रिकेट खेलने जाता था। कक्षा आठ के बाद बेटा क्रिकेट की कोचिंग के लिए मैनपुरी चला गया था। सभी अभिभावकों को बच्चों की रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ाना चाहिए। बच्चों को समझना चाहिए उनकी रुचि के साथ उनका साथ देना चाहिए। प्रशांत वीर की मां ने बताया जब बेटे के बारे में इस तरह की खबर सुनी तो वह पल मेरे लिए बहुत भावुक पल था।

## आरश्रीधर टी-20 विश्व कप तक श्रीलंका के फील्डिंग कोच बने

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट ने अगले साल होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप तक के लिए आर श्रीधर को राष्ट्रीय टीम का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया है। बीसीसीआई लेवल 3 क्वालिफाइड कोच श्रीधर ने पहले 2014 से 2021 तक भारत की पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षक कोच के रूप में काम किया है। हाल ही में, उन्होंने अफगानिस्तान टीम के साथ कंसल्टेंट कोच के तौर पर काम किया। अब वह श्रीलंका के फील्डिंग स्टैंडर्ड को बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे। वह पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों पर टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और फिर टी-20 विश्व कप की तैयारियों की देखरेख करेंगे। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार श्रीधर ने कहा कि श्रीलंकाई खिलाड़ी हमेशा सहज प्रतिभा, लचीलेपन और सामूहिक भावना के लिए जाने जाते हैं। मेरा काम कोई सिस्टम थोपना नहीं है, बल्कि ऐसा माहौल बनाना है जहां खिलाड़ी क्षमता, जागरूकता और मैदान पर गर्व स्वाभाविक रूप से बढ़ सके। उन्होंने कहा कि फील्डिंग तब बेहतर होती है जब खिलाड़ी गेंद से, एक-दूसरे से और उस पल से जुड़ाव महसूस करते हैं।

# उस्मान डेम्बेले-एताना बोनमती को फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

● मंगलवार रात आयोजित एक समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

**कतर, वार्ता।** स्पेन की एताना बोनमाटी और फ्रांस के उस्मान डेम्बेले को क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया।

मंगलवार रात यहां आयोजित एक विशेष समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 28 वर्षीय डेम्बेले पीएसजी की ऐतिहासिक पहली चैंपियंस लीग जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। फाइनल मुकाबले में पीएसजी ने इंटर मिलान को 5-0 से हराया। डेम्बेले ने पिछले सीजन सभी प्रतियोगिताओं में कुल 35 गोल किए जिनमें से 21 गोल लीग-वन में थे और वह टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर भी रहे। वहीं, बार्सिलोना की मिडफील्डर को क्लब और देश के लिए एक और शानदार साल के बाद द बेस्ट फीफा महिला खिलाड़ी चुना गया और वह लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला फुटबॉलर बन गईं। बोनमाटी ने चैंपियंस लीग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी जीता। इसके अलावा उन्होंने लगातार तीसरी बार विमेंस बैलन डी' ओर पुरस्कार भी हासिल किया। बोनमती की अगुवाई में बार्सिलोना ने घरेलू स्तर पर ट्रेबल जीता, जबकि स्पेन के साथ उन्होंने चैंपियंस लीग फाइनल और यूरो 2025 फाइनल तक का सफर तय किया।

पुरस्कार के बाद बोनमाटी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं अपना तीसरा फीफा द बेस्ट अवॉर्ड जीतने के लिए बहुत आभारी और गर्व महसूस कर रही हूं। मैं उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरे लिए वोट किया, खिलाड़ी, कोच और प्रशंसक। मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जो खिलाड़ी मेरी तरह फुटबॉल खेलते हैं या जिन कोचों के खिलाफ मैं खेलती हूं, उन्होंने मुझे फीफा द बेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना। यह सबसे अच्छी बात है जो मैं कह सकती हूं।




# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता सोना




● रावत ने निशानेबाजी में पुरुषों की 50 मी. राइफल थ्री पोजिशन फाइनल में विश्व रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल, वार्ता।** दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2025 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश स्टेट शूटिंग रेंज में मंगलवार को हुए मुक. ाबले में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 470-5 का स्कोर के साथ स्वर्ण पदक, नीरज कुमार ने 463-7 के साथ स्कोर के साथ रजत पदक जीता और अखिल श्योराण 451-8 के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

किरण अंकुश जाधव अपने खिताब का बचाव करने में नाकाम रहे और 440-0 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। पेरिस 2024 के कांस्य पदक जीतने वाले स्वप्निल कुसाले 429.7 के साथ पांचवें स्थान पर रहे। अर्जुन बबूता 414.9 के साथ छठे स्थान पर रहे, जबकि मोनू कुमार 403.2 और मानवेंद्र सिंह शेखावत 401.6 के साथ फाइनल लाइन अप में शामिल हुए। ऐश्वर्य शुरू से ही शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने क्वालिफिकेशन में टॉप पर रहने के लिए अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड 597 के स्कोर की बराबरी की। इससे पहले क्वालिफिकेशन में, स्वप्निल कुसाले (594-33x) ऐश्वर्य, अर्जुन बबूता (594-32x) और मानवेंद्र सिंह शेखावत (591-31x) के बाद चौथे स्थान पर रहे।

# स्टीव स्मिथ कान की समस्या एडिलेड टेस्ट से हुए बाहर



● ऑस्ट्रेलिया ने टीम में बदलाव करते हुए स्मिथ की जगह उस्मान ख्वाजा को बुलाया

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को कान की समस्या के कारण बुधवार को शुरु हुए तीसरे एशेज टेस्ट से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह उस्मान ख्वाजा को टीम में जगह दी गई है। यहां तीसरे टेस्ट मैच का टॉस शुरु होने से 20 मिनट पहले ऑस्ट्रेलिया ने टीम में एक बदलाव करते हुए उस्मान ख्वाजा को वापस बुलाया गया है। ख्वाजा को नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए सूचीब( किया गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि स्मिथ को टेस्ट से पहले मतली और चक्कर आने जैसे लक्षण महसूस हुए, जिसके कारण उन्हें सोमवार के मुख्य अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं ले पाए। उन्होंने आज सुबह नेट्स में संक्षिप्त फिटनेस टेस्ट दिया, लेकिन आखिरकार उन्हें बाहर कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि वह मेलबर्न में चौथे टेस्ट के लिए ठीक हो जाएंगे। कप्तान पैट कमिस ने टॉस के समय कहा कि वह आज सुबह आए और कोशिश की, लेकिन उन्हें नहीं लगा कि वह इस मैच के लिए तैयार हो पाएंगे, इसलिए वह घर चले गए हैं।(हम) काफी भाग्यशाली हैं कि हमारे पास उस्मान जैसा कोई है जो तुरंत जगह ले सकता है।

# अफगानिस्तान ने नेपाल को हराया




**दुबई, वार्ता।** जैतुल्लाह शाहीन (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद उजैरउल्लाह नियाजी (61) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 139 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। यहां नेपाल की अंडर-19 टीम 124 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने 26-5 ओवर में चार विकेट पर 125 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया।

उस्मान सादात और फैसल शिनोजादा की सलामी जोड़ी ने अभी 28 रन जोड़े थे कि छठे ओवर में अभिषके तिवारी ने फैसल शिनोजादा (13) को आउटकर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया। इसी ओवर में अभिषेक तिवारी ने नजीफुल्लाह अमीरी (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। अफगानिस्तान का तीसरा विकेट उस्मान सादात (13) के रूप में गिरा। 24वें ओवर में चंदन राम ने उजैरउल्लाह नियाजी को आउटकर दिया। उजैरउल्लाह नियाजी ने 59 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 61 रनों की मैच विजई पारी खेली। कप्तान महबूब खान और अजीजुल्लाह मिआखिल 11-11 रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल के लिए अभिषेक तिवारी ने दो विकेट लिए। विपिन शर्मा और चंदन राम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की पूरी टीम अफगानिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे 46-4 ओवरों में 124 के स्कोर पर सिमट गई।

दिलशाद ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। चंदन राम ने (27), अभिषेक तिवारी ने (20), रोशनी विशकर्मा ने 12 रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। अफगानिस्तान के लिए जैतुल्लाह ने तीन विकेट लिए। नूरिस्तानी उमरजई, वहीदुल्लाह व अब्दुल अजीज को दो-दो विकेट मिले।

## मांडविया ने स्क्वैश टीम को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को ऐतिहासिक विश्व कप जीतने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को सम्मानित किया। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह की मिश्रित टीम ने पिछले शनिवार को चेन्नई में इतिहास रचा था। इस जीत के साथ भारत ने अपना पहला स्क्वैश विश्व कप खिताब अपने नाम किया था। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में टॉप सीड हांगकांग को 3.0 से हराया और स्क्वैश विश्व कप जीतने वाला चौथा देश बन गया, जो ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र जैसे देशों की एलीट सूची में शामिल हो गया। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा कि यह भारतीय खेल के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत खेल के क्षेत्र में बहुत अच्छा कर रहा है। एक के बाद एक, हम नए मुकाम हासिल कर रहे हैं। हमारी महिला क्रिकेट टीम ने भी हाल ही में विश्व कप जीता है। केन्द्रीय मंत्री कहा कि हमारी स्क्वैश टीम का अपनी धरती पर विश्व कप जीतना गर्व का बहुत बड़ा क्षण है।

# कैरी का शतक, ऑस्ट्रेलिया 326/8




**एडिलेड, वार्ता।** एलेक्स कैरी (106) की शतकीय और उस्मान ख्वाजा (82) की अ(शतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को स्टंप्स के समय आठ विकेट पर 326 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 33 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। जेक वेदरॉल्ड (18) और ट्रेविस डे (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में जोफ्र आर्चर ने मार्नस लाबुशेन (19) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसी ओवर में उन्होंने कैमरन ग्रीन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। बल्लेबाजी करने आए एलेक्स कैरी ने उस्मान ख्वाजा के साथ जूझारु बल्लेबाजी का परिचय देते हुए पांचवें विकेट के लिए 91 रन जोड़े। 48वें ओवर में विल जैक्स ने शतक की ओर बढ़ रहे उस्मान ख्वाजा को आउटकर पवेलियन भेज दिया। उस्मान ख्वाजा ने 126 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए 82 रनों की शानदार पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का छठा विकेट जॉश इंग्लिस (32) के रूप में गिरा।

उन्हें जॉश टंग ने बोल्ड आउट किया। कप्तान पैट कमिस 13 रन बनाकर आउट हुए। इसी दौरान एलेक्स कैरी ने 73वें ओवर की पांचवीं गेंद पर तीन रन लेकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना शतक बनाने के लिए आठ चौके और एक छक्का लगाया। दिन का आखिरी विकेट एलेक्स केरी के रूप में गिरा उन्हें विल जैक्स ने आउट किया। कैरी ने 148 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 106 रनों की पारी खेली।

# पाक के खिलाड़ी पूरा बीबीएल खेलेंगेः सीए




● सीए ने टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के टी-20 दौरे की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए पाक एक टीम भेजी है

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाड़ी बिग बैश लीग (बीबीएल) का पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे।

ग्रीनबर्ग ने कहा है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को आश्वासन दिया गया है कि जनवरी में श्रीलंका के तय अंतर्राष्ट्रीय टी-20आई दौरे के बावजूद बीबीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ी पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे। सीए ने टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के टी-20 दौरे की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए पाकिस्तान में एक टीम भेजी है। टॉड ग्रीनबर्ग ने यह यह भी बताया कि मैके और डार्विन ऑस्ट्रेलिया की सर्दियों में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे और तारीखों की घोषणा जनवरी में की जाएगी। चिंता थी कि बीबीएल में खेलने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ियों के ग्रुप, जिसमें बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, शादाब खान, हारिस रऊफ और हसन अली शामिल हैं, उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका में एक छोटी टी-20 सीरीज खेलने के लिए वापस बुलाया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड(पीसीबी) ने हाल ही में इसकी घोषणा की थी।

एडिलेड ओवल में तीसरे एशेज टेस्ट की सुबह पत्रकारों के एक ग्रुप के साथ लंबी बात. चीत में ग्रीनबर्ग ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि खिलाड़ी बीबीएल में बने रहेंगे। ग्रीनबर्ग ने कहा कि हमें बताया गया है कि अगर उन्होंने बीबीएल के लिए साइन किया है, तो वे पूरा बीबीएल खेलेंगे। टी-20 विश्वकप से पहले पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे की तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन ग्रीनबर्ग ने कहा कि यह दौरा होगा, और सीए और ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन ने दौरे से पहले सुरक्षा जांच के लिए देश में प्रतिनिधि भेजे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अभी फरवरी में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों के लिए प्री-टूर करने के लिए कुछ लोगों को पाकिस्तान भेजा है। हम एशेज सीरीज के बाद खिलाड़ियों से बात करेंगे और उन्हें समझाएंगे कि सिक्योरिटी के साथ यह कैसे काम करेगा।

# देवबंद बाह्य कोर्ट में नवनिर्मित भवन व आवास का लोकार्पण

## मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया लोकार्पण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला न्यायालय परिसर स्थित सभागार में बुधवार को बाह्य न्यायालय देवबंद में नवनिर्मित एक कक्षीय न्यायालय भवन तथा न्यायिक अधिकारियों हेतु श्रेणी-5 आवास का लोकार्पण मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद अरुण भंसाली द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, अध्यक्ष अवस्थापना समिति/वरिष्ठ न्यायाधीश एवं न्यायमूर्ति अब्दुल मुईन, प्रशासनिक न्यायाधीश सत्र संभाग की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में जिला सतेन्द्र कुमार ने परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासनिक न्यायमूर्ति अब्दुल मुईन ने नवनिर्मित न्यायालय एवं आवासीय भवन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय का दायित्व केवल समय पर न्याय देना ही नहीं, बल्कि सम्मान के साथ न्याय उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने बेहतर अवस्थापना सुविधाओं के विकास को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने जिला न्यायालय में संचालित अवस्थापना परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बहुमंजिला निर्माण के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने परियोजना के पूर्ण होने पर प्रशासनिक न्यायाधीश, जिला न्यायाधीश एवं इससे जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से वादकारियों को न्याय सुलभ होगा तथा अच्छी अवस्थापना सुविधाओं का उपयोग त्वरित न्याय प्रदान करने में किया जाना अपेक्षित है। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन लघुवाद न्यायाधीश श्रीमती पूजा गुप्ता एवं सिविल जज (जू.डि.) नगर सुश्री आकांक्षा तिवारी ने किया। समारोह में जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, सहारनपुर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अभय सैनी व महासचिव अजय कौशिक सहित देवबंद एवं बेहट बार संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में अपर जिला जज कक्ष संख्या-03 विकास गुप्ता ने माननीय मुख्य न्यायाधीश, अध्यक्ष अवस्थापना समिति, प्रशासनिक न्यायाधीश सहित सभी अतिथियों, अधिकारियों, बार संघ पदाधिकारियों, कार्यदायी संस्था एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चौ. चरण सिंह जयंती को लेकर चौ. नीरपाल सिंह ने किया जनसम्पर्क



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह के साथ कार्यकर्ताओं ने 23 दिसम्बर को चौ. चरण सिंह जयंती को लेकर जनसम्पर्क किया।

दिल्ली रोड वरुण विहार में राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, के साथ मिलकर जयंती पर चौधरी चरण सिंह की विचार धारा के प्रचार प्रसार हेतू निकाले जानी वाली पद यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं से व आमजनों से जनसंपर्क किया गया। हसनपुर चुंगी से लेकर चौधरी चरण सिंह चौक तक पद यात्रा निकाली जाएगी। पद यात्रा के दौरान किसान, नौजवान, मात्र शक्ति शामिल रहेंगे। चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। विभिन्न खेलो में प्रतिभा दिखाने वाली बेटियां होंगी सम्मानित। इस अवसर पर धर्मवीर फौजी, कैप्टेन अरविन्द, रवि चौधरी, सचिन चौधरी, अंकित चौधरी, लल्लन सिंह, रामपाल आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा पर ध्यान दे रही सरकार: डा. धर्मसिंह




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व कैबीनेट मंत्री डा. धर्मसिंह सैनी ने कहा कि सरकार शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है।

डा. धर्मसिंह सैनी ने यह बात विकास खंड पुवारका के कैलाशपुर में 'मेरा गाँव मेरा विद्यालय' कार्यक्रम में कही। उन्होने कहा कि सरकार जिस तरह से शिक्षा क्षेत्र में दिलचस्पी ले रही है वह बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, ब्लाक प्रमुख कुलबीर राणा, समाजसेवी राजेश जौहरी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल ने की। कार्यक्रम की मुख्य आयोजक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती शमा परवीन रहीं, जबकि संचालन श्रीमती रेखा रानी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डी.सी. अरविंद, डी.सी. वैभव जैमिनी, डी.सी. अतुल कुमार एवं डी.सी. विकास सैनी सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे। ए.आर.पी. डॉ. अजय कुमार, अर्चना रानी, मंडल उपाध्यक्ष विनीत गर्ग सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर हमले का आरोप

**चिलकाना।** एक महिला ने अपने ही गांव निवासी विपक्षी युवक पर रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने तथा विरोध करने पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है।

सौन्धेबांस निवासी पीड़ित महिला ने अपने ही गांव निवासी युवक पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह पडोस के गांव ग्याजदीनपुर में एक निजी चिकित्सक के यहां दवाई लेने गयी थी। दवाई लेकर जैसे ही वह वापस घर लौट रही थी तो बीच रास्ते गांव के ही एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। युवक की छेड़छाड़ का विरोध करते हुए जैसे तैसे वह अपने घर पहुंची। आरोप है कि दोपहर लगभग बारह बजे विपक्षी व उसका भाई दो महिलाओं सहित उसके घर पहुंचा और पीड़िता के साथ मारपीट करने लगे पीड़िता की सास ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो विपक्षीयों ने उसके साथ भी मारपीट की।

# डा.संजीव व डा.नैना ने वितरित किए कंबल



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। महानगर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डा. संजीव मिगलानी ने 115 गरीबों को भीषण ठंड के चलते कम्बल वितरित किए।

नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ बेरीबाग स्थित दयावती हॉस्पिटल में निर्धन व बेसहारा लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. संजीव मिगलानी के नेतृत्व में कड़ाके की ठंड के चलते 115 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. संजीव मिगलानी ने बताया कि दयावती हॉस्पिटल पिछले 15 वर्षों से हर सर्दी में यह सेवा कार्य निरंतर करता आ रहा है। उन्होंने समाजसेवी व व्यापारी संगठनों से भी आगे आकर ऐसे मानवीय कार्यों में सहयोग करने की अपील की। सर्दियों में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हृदय रोगियों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। सुबह 6 से 8 बजे के बीच टहलने से बचें, शरीर को पूरी तरह गर्म कपड़ों से ढकें, भोजन में हरी सब्जियां, ताजे फल, साबुत अनाज और सलाद शामिल करें तथा हल्का गुनगुना पानी अधिक मात्रा में पिएं। उन्होंने रोजाना 15 मिनट धूप में बैठने को भी लाभकारी बताया, जिससे विटामिन-डी की पूर्ति होती है और डायबिटीज, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर व हड्डियों से जुड़ी बीमारियों से बचाव के साथ इम्यूनिटी बढ़ती है। दयावती हॉस्पिटल की संचालिका व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नैना मिगनानी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को सर्दी से विशेष सावधानी रखनी चाहिए। उन्होंने आयरन व कैल्शियम युक्त आहारकृमेथी, पालक, बथुआ, गाजर, मूली, गुड़ और चनाकृलेने की सलाह दी। इस सेवा कार्य में डॉ. नैना मिगनानी, डॉ. संजीव मिगलानी, डॉ. अभिनव शर्मा, वनीता, महताब, मदीहा, आरती, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद अबुजर, राखी, रश्मि, मधु, शालु, सादिक, रानी, जितेंद्र, मयंक कर्णवाल, संजीव अरोड़ा, अमित रोहिला और सौरभ सैनी का विशेष सहयोग रहा।

# पेंशनर्स दिवस पर पेंशनर्स संगठनों ने रखी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पेंशनर्स दिवस पर अलग-अलग पेंशनर्स संगठनों ने अपनी समस्याओं को रख उनके निस्तारण की मांग की।

नवीन समाकक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सलिल कुमार पटेल ने की। आयोजन में मुख्य कोषाधिकारी के समन्वय से विभिन्न पेंशनर संगठनों के अध्यक्ष एवं मंत्री उपस्थित रहे। पेंशनर संगठनों ने आहरण एवं वितरण अधिकारियों (डीडीओ) की अनुपस्थिति पर रोष व्यक्त किया। इस दौरान दिए गए ज्ञापनों में प्रमुख मांग रखी गई कि सभी कार्यालयों में एक पंजिका का रखरखाव किया जाए, जिसमें आगामी छह माह में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों का विवरण अंकित हो। बैठक में विशेष रूप से बेसिक शिक्षा विभाग एवं सिंचाई विभाग से संबंधित समस्याएं उठाई गईं, जिनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान पेंशनर दिवस में विभिन्न पेंशनर संगठनों द्वारा जनवरी एवं जुलाई की नोशनल वेतन वृद्धि के आधार पर पेंशन पुनरीक्षण, सेवानिवृत्ति से छह माह पूर्व समस्त देयकों की तैयारी तथा सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद भुगतान की मांग की गई। इस संबंध में उपस्थित डीडीओ को निर्देशित किया गया कि सभी कार्यालयों में आगामी छह माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की पंजिका अनिवार्य रूप से रखी जाए तथा पेंशनरों के साथ शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जा सके।

# पदक के लिए खिलाड़ियों ने बहाया पसीना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता (कुराश) के दूसरे दिन खिलाडियों ने पदक के लिये जमकर पसीना बहाकर अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में दूसरे दिन अंडर-14 बालिका एवं बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित किए। अंडर-14 बालिका वर्ग के 24 किग्रा भार वर्ग में मधुश्री आर.डी. (तमिलनाडु) प्रथम, कोनेपल्ली कैथराना (आंध्र प्रदेश) द्वितीय, 28 किग्रा भार वर्ग में राशि (दिल्ली) प्रथम, दीपानिता धार (त्रिपुरा) द्वितीय तथा 32 किग्रा भार वर्ग में वैदेही हेमंत बाबर (महाराष्ट्र) प्रथम, भाग्य बंगारी (दिल्ली) द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी तरह 36 किग्रा भार वर्ग में पैठणी काव्य हसमुख भाई (गुजरात) प्रथम, लावण्या तोकस (दिल्ली) द्वितीय, 40 किग्रा भार वर्ग में भूमि (उत्तर प्रदेश) प्रथम, दोयल खत्री (दिल्ली) द्वितीय एवं 44 किग्रा भार वर्ग में सांची शर्मा (पंजाब) प्रथम, वनी साहू (छत्तीसगढ़) द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 48 किग्रा भार वर्ग में तान्या बजरंग पाटिल (महाराष्ट्र) प्रथम, हर्षिता रमेश भाई सोलंकी (गुजरात) द्वितीय एवं 48 किग्रा (दूसरा वर्ग) दृ आयुषी सागर (उत्तर प्रदेश) प्रथम, वाणी दहिया (दिल्ली) द्वितीय स्थान पाया। अंडर-14 बालक वर्ग के 25 किग्रा भार वर्ग में पुलकित ठाकुर (हिमाचल प्रदेश) प्रथम, खिलेंद्र कुमार (छत्तीसगढ़) द्वितीय, 30 किग्रा भार वर्ग में शिवम शर्मा (पंजाब) प्रथम, विश्वजीत अजीत पाटील (महाराष्ट्र) द्वितीय, 35 किग्रा भार वर्ग में अरमान खान (मध्य प्रदेश) प्रथम, प्रिंस विलास सोनवाने (महाराष्ट्र) द्वितीय, 40 किग्रा भार वर्ग में मानव (दिल्ली) प्रथम, युवराज ठाकुर (पंजाब) द्वितीय, 45 किग्रा भार वर्ग किसान (उत्तर प्रदेश) प्रथम, मोनू (दिल्ली) द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

50 किग्रा भार वर्ग में देवराज चौधरी (उत्तर प्रदेश) प्रथम, जयपाल बराला (पंजाब) द्वितीय, 55 किग्रा भार वर्ग में अथर्व गोयल (दिल्ली) प्रथम, देवांस पाल (उत्तर प्रदेश) द्वितीय तथा 55 किग्रा (दूसरा वर्ग) भार वर्ग में अथर्व सचिन मोरे (महाराष्ट्र) प्रथम, आदर्श यादव (उत्तर प्रदेश) द्वितीय स्थान हासिल किया।

# बीएलओ सुपरवाईजर सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड नम्बर 69 में एसआईआर से सम्बन्धित बीएलओ व सुपरवाइजर को अच्छे कार्यो के लिए सम्मानित किया गया।

दाऊद सराय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शाहनवाज चांद ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में बीएलओ वंश सैनी, जैनब, राखी रानी, कौसर जमीर व सुपरवाइजर राखी वर्मा ने कडी मेहनत की है और 90 प्रतिशत वोटो ऑनलाईन किया। सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अशफाक उल्ला खां फाउंडेशन के अध्यक्ष आरिफ खान ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान मौ. रफी, नईम खलीफा, सुनीता चौधरी, अदनान खान, जावेद खान, राव रहीम, सलमान कुरैशी, अदीब, नौशाद अंसारी, शगुफ्ता अमीर, हिना प्रवीन आदि मौजूद रहे।

# बीएलए नियुक्त कर लें राजनीतिक दल: मनीष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने सभी राजनैतिक दलों से अनुरोध करते हुए कहा कि सभी राजनैतिक दल बूथों पर अपने बीएलए नियुक्त कर लें।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बंसल भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के परिप्रेक्ष्य में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य के राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों के सक्रिय सहयोग प्राप्त करने के प्रयोजन से कलैक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बसंल ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने तथा शुद्ध मतदाता सूची को बनाने के लिए मृतक, शिफ्टेड तथा अनुपस्थित मतदाताओं का पुनः सत्यापन कार्य किया जा रहा है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर की घोषित तिथियों को पुनः संशोधित तिथियां जारी कर दी गई है। संशोधित तिथियों के अनुसार 26 दिसम्बर, 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर, 2025 को होगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसम्बर, 2025 से 30 जनवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। 31 दिसंबर, 2025 से 21 फरवरी, 2026 तक नोटिस चरण में गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 28 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। इनकों ऑनलाइन भी देखा जा सकता है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र सैनी, महामंत्री महानगर भाजपा योग चुघ, सपा से अब्दुल गफूर, अपना दल से राजकुमार पंवार, बहुजन समाज पार्टी के जिला महासचिव सुनीश प्रधान आदि मौजूद रहे।

# मिटटी से भरे 3 ट्रैक्टर ट्रालियां सीज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गागलहेड़ी।** थाना क्षेत्र में खनन माफियाओ के खिलाफ पुलिस व राजस्व विभाग टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मिट्टी से भरे तीन ट्रैक्टर ट्रालियो को किया सीज

बुधवार को थाना गागलहेड़ी क्षेत्र में गागलहेड़ी पुलिस व राजस्व विभाग ने खनन माफियाओ के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन कर रही मिट्टी से भरी तीन ट्रैक्टर ट्रालियो को सीज किया है , थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गागलहेड़ी पुलिस व राजस्व विभाग की टीम संयुक्त रूप से चेकिंग कर रही थी तभी सूचना प्राप्त हुई कि कुछ भूमाफियाओं द्वारा मिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा है जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस तीन व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मिट्टी से भरी तीन ट्रैक्टर ट्रालियो को कब्जे में लेकर सीज किया गया और थाना परिसर में लाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## सुबह साढ़े नौ बजे से खुलेंगे स्कूल

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद में संचालित प्री-प्राइमरी, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं के सभी बोर्डों के विद्यालयों के समय में अस्थायी परिवर्तन किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि शीतलहर और ठंड को ध्यान में रखते हुए जनपद के सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षाओं का संचालन 20 दिसंबर तक प्रातः 9:30 बजे से अपराह्न 2:30 बजे तक किया जाएगा। यह आदेश सीबीएसई, आईसीएसई तथा यूपी बोर्ड सहित सभी बोर्डों के विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। जिला प्रशासन ने विद्यालय प्रबंधन को आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

# मंदिर पर कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नई दिल्ली के झंडेवालान स्थित 1365 वर्ष पुराने ऐतिहासिक मंदिर-दरगाह श्री बाबा पीर रतननाथ जी महाराज (पेशावर वाले) पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में श्रद्धालुओं एवं मंदिर प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

श्रद्धालुओं ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार को अपनी भावनाओं से अवगत कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। मंदिर-दरगाह प्रबंधक समिति से जुड़े श्रद्धालु एवं सेवक धरना स्थल पर एकत्र हुए और भजन-कीर्तन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। समिति के अनुसार यह मंदिर-दरगाह सदियों से सनातन परंपरा का प्रमुख केंद्र रहा है, जहां पूजा-अर्चना, अखंड राम नाम जप, लंगर सेवा, गौसेवा एवं विभिन्न सामाजिक सेवाएं निरंतर संचालित होती रही हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार इस प्रकरण की तत्काल निष्पक्ष जांच कराए, मंदिर की पावन एवं वैध भूमि सम्मान सहित वापस सौंपी जाए तथा लंगर व अन्य आवश्यक धार्मिक एवं सेवा कार्यों को शीघ्र पुनः प्रारंभ कराया जाए। इस अवसर पर पार्षद मुकेश गक्खड, अमित त्यागी, मंदिर कमेटी के प्रतिनिधि एवं सेवक लक्ष्मी नारायण, श्रीराम कक्कड़, राकेश सबलोक, तरुण भसीन, संचित अरोड़ा, सौरव भसीन, राजेश अरोड़ा, आशु शर्मा, हिमांशु शर्मा, विजय भसीन, मनोज लोगानी, सन्त्री भसीन, जगदीश कक्कड़, नवीन सबलोक, चिराग, राजीव आदि उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम मौर्य से मिले देहात मण्डल के अध्यक्ष



**गागलहेड़ी।** भाजपा सहारनपुर देहात के मंडल अध्यक्षो ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर क्षेत्र की विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की। गागलहेड़ी मंडल अध्यक्ष बिजेंद्र धीमान ने बताया कि सोमवार को प्रदेश मुख्यालय पर सहारनपुर देहात विधानसभा के कोटा मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा, मानकमोह मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र कुमार व पुंवारका मंडल अध्यक्ष विजय चौहान ने प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। इस दौरान उनसे विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं के बारे में भी चर्चा हुई।

# ठगी के पीड़ित की रकम दिलाई वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने एक बार फिर मुस्तैदी दिखाते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार पीड़ित को पूरी धनराशि वापस दिलाई। पीड़ित ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर आभार जताया है।

घटना 14 दिसंबर 2025 की है, जब गंदेवड़ा निवासी ललित कुमार पुत्र मदनपाल के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने फ्रॉड कर 9 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसकी संख्या 23112250204183 है। शिकायत थाना फतेहपुर साइबर हेल्प डेस्क तक पहुंची। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में टीम ने फौरन एक्शन लिया।

कंप्यूटर ऑपरेटर सोनम और हेड कांस्टेबल भूपेंद्र मान ने संबंधित बैंक से संपर्क कर पहले 4547 रुपये होल्ड कराए। निरंतर प्रयासों से बुधवार को ठगी गई पूरी 9 हजार रुपये की राशि शत-प्रतिशत पीड़ित ललित कुमार के खाते में वापस ट्रांसफर करा दी गई।

पीड़ित ने पूरी राशि वापस मिलने पर फतेहपुर पुलिस टीम का दिल से धन्यवाद दिया और उनकी सराहना की यह सफलता यूपी पुलिस के साइबर क्राइम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की एक और मिसाल है थाना प्रभारी विनय शर्मा ने लोगों से अपील की कि किसी भी ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन या पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें, ताकि राशि को होल्ड कर वापस दिलाया जा सके।



# दिल्ली में प्रदूषण

सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हालात इस समय इतने गंभीर हो चले हैं कि सुप्रीम कोर्ट को भी दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण संकट पर आई याचिकाओं पर सुनवाई करनी पड़ रही है। बुधवार को सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण पर कई अहम सुझाव दिए। उसने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने 9 टोल प्लाजा को स्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति पांचोली की पीठ ने दिल्ली सरकार की एक याचिका पर एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण दिया। जिसमें दिल्ली में केवल ऐसे वाहनों को चलने की अनुमति देने की बात कही, जो बीएस 4 उत्सर्जन मानक या उससे ऊपर की श्रेणी के हों। इसका मतलब है कि न्यायालय अब इस निर्णय के बाद अधिकारी उन पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकेंगे जो बीएस 4 मानकों को पूरा नहीं करते हैं। इस तरह न्यायालय ने अपने ही पुराने आदेश में संशोधन किया है जो उसने 12 अगस्त को दिया था। तब उसने राजधानी क्षेत्र में दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट के इसी फैसले से संशोधन के लिए दिल्ली सरकार ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें पुराने वाहनों पर कार्रवाई की अनुमति मांगी गई थी। पीठ का यह कहना बिल्कुल सही है कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाए मौजूदा उपायों को ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि इन प्रोटोकॉल का ढंग से पालन नहीं किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मजदूरों की भी सुध लेते हुए दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। इतना ही नहीं कोर्ट का यह भी कहना था कि प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करना चाहिए। इस पर दिल्ली सरकार ने अपनी सफाई भी दी और कहा कि ढाई लाख निर्माण श्रमिकों में से 7 हजार का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। हालांकि वहीं सुप्रीम कोर्ट ने एक छोटी सी नसीहत भी दे डाली और कहा कि श्रमिकों के खातों में भेजा गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए। न किसी अन्य खाते में चले जाना चाहिए। टोल प्लाजाओं पर जाम को लेकर दिल्ली सरकार सख्त के साथ-साथ नाराज भी दिखी और कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनॉट पैलेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिएं। सीजेआई ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार को 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह साबित किया है कि सरकार से ज्यादा उसे आम आदमी के हितों की चिंता है।

## राजनीतिक प्रतिशोध के चलते कार्यवाही



गांधी परिवार के सामने जो कानूनी चुनौतियां पेश की जा रही हैं, उनमें कोई दम नहीं है और वे विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए बनाई गई हैं, कार्यवाही के शुरुआती चरणों में प्राथमिकी का न होना यह साबित करता है कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है, केन्द्र सरकार यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है, चल रही कानूनी कार्यवाही सुनियोजित राजनीतिक प्रतिशोध है, यह केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है, इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं है। हमारा नारा सत्यमेव जयते है और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं, ईडी ने औपचारिक प्राथमिकी के बजाय निजी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की थी। -मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

# तो क्या सांप्रदायिक घटनाओं के बीच होगा नेपाल में चुनाव



यशोदा श्रीवास्तव




नेपाल में जिस तेजी से हिंदू वादी संगठनों की सक्रियता बढ़ रही है उससे ऐसा लगता है कि या तो मार्च में होने वाला चुनाव स्थगित हो जाए या फिर आतंकवाद के साए में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो। चुनाव की तैयारी में जुटे राजनीतिक दलों ने ऐसी आशंका जताई है। प्रतिनिधि सभा के निवर्तमान एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता की मानें तो नेपाल में राज संस्था के पक्ष में माहौल बनाने में हिंदू वादी संगठन तेजी से सक्रीय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि यह आसान नहीं है और न ही संभव लेकिन इन संगठनों का आंदोलन यदि तेज हुआ तो मार्च में होने वाला चुनाव जरूर बाधित हो सकता है। बता दें कि नेपाल की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभालते ही मार्च में चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया था। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की अपने वादे पर कायम रहते हुए चुनाव की तैयारी हेतु लगातार चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठकें करने में व्यस्त हैं। इसी के साथ नेपाल के राजनीतिक दलों की भी सक्रीयता बढ़ी है। कम्युनिस्ट दलों ने आपस में विचार-विमर्श कर एक मंच पर आने की पहल भी शुरू कर दी है। पूर्व प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली ने चुनाव बहिष्कार का फैसला किया था, लेकिन अब वे भी तैयार हो गए हैं। हाल ही अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने भारत पर निशाना साधकर स्पष्ट कर दिया है कि उनके चुनाव का मुख्य एजेंडा भारत विरोध ही रहेगा। ओली यदि अपने इसी रुख पर अड़े रहे तो उनका प्रचंड के साथ तालमेल शायद संभव न हो। प्रचंड भारत से किसी विवाद का हल बातचीत से चाहते हैं न कि बयानबाजी से। जेन जी आंदोलन के दौरान सभी दलों के शीर्ष नेता अपमानित हुए हैं। किसी को सरेआम मारा पीटा गया तो किसी का घर जला कर राख कर दिया गया। इसके बाद बड़े दलों ने एकजुटता की जरूरत महसूस की। कम्युनिस्ट दलें जहां एक मंच पर आने का संकेत दिया वहीं नेपाली कांग्रेस भी छोटे छोटे दलों के साथ एक अलग मंच बनाने में दिलचस्पी दिखाई। फिलहाल अभी न तो प्रचंड, ओली के एक मंच पर आने की तस्वीर साफ हुई है और न ही नेपाली कांग्रेस के साथ छोटे दलों की ही तस्वीर साफ हुई है लेकिन इसे लेकर कयासबाजी का दौर जारी है। मार्च में संभावित चुनाव के पहले नेपाल के विभिन्न इलाकों से सांप्रदायिक घटनाओं ने नेपाल के अंतरिम सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इस बार राजा वादी शक्तियां हिंदुत्व और राज संस्था कि बहाली के लिए आर-पार की जंग की तैयारी में हैं। नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में हाल की सांप्रदायिक घटनाओं पर गौर करें तो कार्की सरकार की तरफ से इसे रोकने का कोई प्रयास सामने नहीं आया। चुनाव की तैयारी में सक्रिय नेपाल के राजनीतिक दलों में इस बात को लेकर चिंता है कि जेन जी आंदोलन की भांति यह चुनाव भी कहीं हिंदूवादी संगठनों के उग्र आंदोलन की भेंट न चढ़ जाए? पिछले दिनों मधेश प्रदेश सरकार के मदरसा बिल मंजूर करने को लेकर हिन्दू संगठनों ने जिस तरह उग्र विरोध किया उससे यह संकेत मिलता है कि चुनाव नजदीक आते ही इस तरह के आंदोलन और तेज होंगे। मधेश प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सरोज कुमार ने सदन में इस बिल को ऐसे समय मंजूरी दी जब वे खुद ही सदन में विश्वासमत हासिल करने में विफल हो गए थे।

हिंदू वादी संगठन इसे मधेश में मुस्लिमों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। प्रदेश सभा में मदरसा विल पारित करने की घोषणा के बाद जनकपुर धाम सहित पूरे मधेश प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। विश्व हिन्दू परिषद नेपाल, नेपाल हिन्दू स्वयंसेवक संघ, नेपाल हिन्दू सेना सहित कई हिंदू संगठनों ने जगह जगह टायर जलाकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। एकाध जगह प्रदर्शनकारियों तथा पुलिस के बीच झड़प भी हुई। हिन्दू संगठनों का मानना है कि पूरे नेपाल में 90 प्रतिशत हिन्दू आबादी हैं। हिन्दू गुरुकुल के लिए सरकार कुछ नहीं करती, वहीं मदरसों को आधुनिक भवन, मौलवियों को सरकारी शिक्षक की तरह वेतन और उसमें पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों को सरकार की ओर से भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मधेश क्षेत्र में मदरसा विल के बहाने हिंदू संगठनों का प्रदर्शन लगातार चल रहा है। नेपाल में इन दिनों हिंदू सम्राट सेना नामक नया हिंदू संगठन तेजी से पांव पसार रहा है।

पिछले दिनों इस संगठन ने भी मुस्लिम आयोग खारिज करने की मांग को लेकर कई जिलों में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। यह संगठन हिंदू राष्ट्र और राज संस्था की भी मांग कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना ने नेपाल को रोहिंग्या से भी खतरा बताया है। यह संगठन नेपाल में रोहिंग्या की गहन खोज के साथ उन्हें बाहर निकालने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण सनातनी के नेतृत्व में नेपाल के विभिन्न जिलों में हिंदू हितों की मांग को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है। नेपाल के तराई में सक्रिय एक हिंदू नेता ने बताया कि आगामी मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव तक नेपाल के कोने कोने तक हिंदुत्व की अलख जगाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में नेपाल के समस्त हिन्दू संगठन एक मंच पर आकर मुस्लिम विरोधी मुहिम को और धार देंगे ताकि नेपाल का 90 प्रतिशत हिंदू एक होकर राज संस्था के समर्थन में खड़ा हो। इधर नेपाल में तेजी से फैल रहे सांप्रदायिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए नेपाल मदरसा संघ के उपाध्यक्ष मौलाना मशहूद खां नेपाली ने कहा कि दुनिया में नेपाल सदैव गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है। दशकों तक हम राजशाही के अधीन रहे हैं। यहां के मुसलमानों को न तब दिक्कत थी और न आज ही है लेकिन इधर नेपाल में जिस तरह हिंदू संगठनों की सक्रियता बढ़ी है तथा उनके उग्र आंदोलनों को सरकारी शह मिल रहा है, उससे ऐसा लगता है कि हिमालय जैसे शांत इस नन्हें राष्ट्र में भी सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाली शक्तियां तेजी से पांव फैला रही हैं। ए जहरीली शक्तियां अपने मकसद में कामयाब हो गई तो नेपाल और यहां के जनमानस खातें वह हिंदू मुस्लिम हों या पहाड़ी मधेश हों, किसी के लिए भी ठीक नहीं है। कार्की सरकार को इसे हर हाल रोकना होगा वरना मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव में ग्रहण लगना तय है।

# सर्दियों में रूखे हाथों की ऐसे करें देखभाल

**स्नान से पहले हाथों पर गुनगुना तेल लगाकर हाथों पर अच्छी तरह मालिश कीजिए जिससे हाथों की त्वचा मुलायमध्कोमल हो जाती है। इसके लिए आप नॉरियल तेल तिल जैतून या बादाम तेल का उपयोग करे तो ज्यादा बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद जब आपकी त्वचा गीली हो तो हाथों पर मॉइस्चराइजर क्रीम लगा लीजिए जिससे त्वचा में नमी को बनाए रखने में मदद मिलेगी, बादाम, दही और चुटकी भर हल्दी डालकर बने मिश्रण को हाथों पर लगाकर 30 मिनट बाद हाथों को ताजे ठंडे पानी से धो डालिए। इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में दो बार अपना सकते हैं। रात्रि को सोने से पहले हाथों पर पौष्क क्रीम की हल्के मालिश करने के बाद सो जाइए। हाथों की त्वचा को मुलायम बनाए रखने के लिए आप कुछ घरेलू हर्बल प्रसाधनों की मदद भी ले सकती है।**



शहनाज हुसैन

मौसम कोई भी हो लेकिन हाथ दिन रात लगातार काम करते हैं हाथों की त्वचा मौसम की मार ,धूल, साबुन, पानी को लगातार सहते हुए रूखी और बेजान हो जाती है और सर्दियों में यह समस्या सबसे ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है गृहणी और कामकाजी दोनों महिलाओं के हाथ दैनिक दिनचर्या के दौरान बार बार साबुन और डिटर्जेंट के सम्पर्क में आते हैं आजकल कोरोना काल में बार-बार सैनीटाइजर के सम्पर्क में आने से हाथों को दोहरा नुकसान झेलना पड़ रहा है जिसकी बजह से हाथों की त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है।

सर्दियां शुरू हो चुकी हैं और तापमान अपने न्युनतम स्तर पर जा रहा है। सर्दियों में हम जहां शरीर के बाकि हिस्सों को ढक कर रखते हैं तथा गर्म कपड़े, स्वेटर, शाल आदि ओढ़ लेते हैं, लेकिन हमारे हाथ लगातार मौसम की मार झेलते हैं जिससे हमारे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाए दिखने लगते हैं। आप चाहे कामकाजी महिला हों या होम मेकर, आपके हाथ हर मौसम में सबसे ज्यादा खुले रहते हैं जिससे अन्य अंगों की बजाय हाथ सबसे ज्यादा सूखे होते हैं। सर्दियों में बातावरण में नमी और बर्फीली हवाओं से आप के हाथ शुष्क और खुरदरे हो जाते हैं ध्यातावरण में अचानक बदलाव से हाथों की त्वचा प्रभावित होती हैं। सर्द ऋतु की तेज बर्फीली हवाओं से त्वचा शुष्क होने के साथ ही हाथों का फटना भी शुरू हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है की इस ठन्डे मौसम में हाथों कोबाहरी संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली, सूखापन, एक्जिमा, डर्मेटाइटिस आदि बीमारियों को कैसे रोका जाए, मेरा यह मानना है की साबुन, कैमिकल, डिटर्जेंट और अलकोहल आधारित सैनी टाइजर का हाथों पर बार बार प्रयोग करने से हाथों की ऊपरी त्वचा में प्रोटीन को नुकसान पहुंचता, जिससे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाए दिखने लगते हैं। इनके ज्यादा प्रयोग से आपके हाथों में कट घाव लग सकते हैं जिससे बैक्टीरिया हमारी त्वचा में प्रवेश कर सकता है जिससे एक्जिमा जैसे रोग घर कर सकते हैं। आपके हाथों में झुनझुनी का अहसास हो सकता है और त्वचा फफोलेदार और पीड़ा दायक हो सकती है वास्तव में हाथों की पिछली ओर की त्वचा काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियां की कमी रहती है जिसकी वजह से हाथों में झुर्रियां पड़ जाती हैं। आजकल कोरोना काल में बार-बार साबुन सैनी टाइजर से हाथ धोने से नाखुन भी शुष्क होकर भुरभुरे हो जाते हैं तथा नीरस होकर आसानी से टूट जाते हैं। हमारे हाथों की बाहरी परत की त्वचा वॉटरप्रूफ बैरियर की तरह काम करती है। यह परत समतल कोशिकाओं से बनी होती है जोकि त्वचा की सामान्य नमी को बनाए रखते हुए त्वचा की बाहरी पदार्थों से रक्षा प्रदान करती है। जब हम हाथों को साबुन को झाग सैनी टाइजर से बार-बार धोते हैं तो यह प्रकृतिक बैरियर टूट जाता है तथा हाथों की त्वचा को नुकसान पहुंचना शुरू हो जाता है तथा ऐसे में हाथों की त्वचा की रक्षा करना अनिवार्य हो जाता है। सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि हाथ धोने के बाद उन्हें अच्छी तरह सूखने दें तथा हाथ सूखने के बाद ही हैंड क्रीम लगाएं। हाथों के अच्छी तरह सूखने से बैक्टीरिया और वायरस दोनों मर जाते हैं, जबकि गीली त्वचा से इनके फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसके इलावा सिंगल यूज नैपकिन का प्रयोग करें क्योंकि एक ही कपड़े से बार-बार हाथ पोंछने से बैक्टीरिया के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। हाथ सूखने के बाद त्वचा पर जैल या खुशबू रहित हैंड क्रीम उपयोग में लाएं या आप मॉइस्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं सर्दियों में शावर जैल या ग्लिसरीन युक्त साबुन का प्रयोग बेहतर होगा। सबसे पहले सुबह के स्नान के समय हाथों को आर्यल तथा माईस्चराईज करने की शुरुआत करनी चाहिए। कच्चे दूध की मालिश हाथों को कोमल बनाए रखने में काफी मददगार साबित होती है कच्चे दूध को निकालकर फ्रिज में रख लीजिए और जब भी समय मिले तो हाथों पांवों पर मल कर धीरे धीरे मालिश करें ध्ससे त्वचा मुलायम होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर संकट






निर्मल रानी

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतवर्ष में दुनिया की सबसे जटिल समझी जाने वाली चुनावी प्रक्रिया को अपनाने व इसे पूरा कराने को लेकर जिस केंद्रीय चुनाव आयोग की पीठ पूरी दुनिया थपथपाया करती थी व दुनिया के विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडल व चुनाव विशेषज्ञ जिस भारतीय चुनाव संचालन को देखने व समझने के लिए अब भी भारत आते रहते हैं वही चुनाव व चुनाव आयोग इन दिनों विपक्षी दलों के अति गंभीर आरोपों से जूझ रहा है। चुनाव आयोग व इस तरह के कई अन्य केंद्रीय संस्थानों पर सत्ता का पक्षपात करने के आरोप तो पहले भी लगते रहे हैं। परन्तु वर्तमान चुनाव आयोग जिसतरह सत्ता को फायदा पहुंचाने वाले नए नए चुनावी नियम बना रहा है, विपक्ष की प्रमाण सहित दी जाने वाली शिकायतों की अनसुनी कर रहा है, सत्ता द्वारा चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने के बावजूद आंखें मूंदे बैठा रहता है, और अब एस आई आर के बहाने कथित तौर पर जहां करोड़ों फर्जी मतों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है वहीं संभावित रूप से विपक्ष की ओर जाने वाले मतों को चिन्हित कर उन्हें किसी न किसी बहाने से मतदाता सूची से काटने का काम किया जा रहा है। यानी स्पष्ट रूप से लोकतंत्र में लोक के मताधिकार पर डाका डाला जा रहा है।

वैसे तो पूरा विपक्ष ही चुनाव आयोग को केवल संदेह नहीं बल्कि सत्ता से मिलकर संविधान के साथ विश्वासघात किए जाने की दृष्टि से देख रहा है। लोक सभा व राज्य सभा के सर्वोच्च सदनों में चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। परन्तु नेता विपक्ष राहुल गांधी ने तो चुनाव आयोग द्वारा की और कराई जाने वाली धांधली पर तो बाकायदा शोध कर डाला है और वे अपने इस चुनाव धांधली सम्बन्धी शोध परिणाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित करने से लेकर जनता जनार्दन के बीच सड़कों व गलियों तक पहुंच रहे हैं। इस संबंध वे अब तक 4 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी के पूरे सबूत पेश कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे अगस्त-सितंबर 2025 के बीच बिहार में 16 दिनों की 1,300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा भी SIR के विरुद्ध निकाल चुके हैं। इसके अलावा 200 से अधिक सांसदों व विधायकों के साथ वे 11 अगस्त 2025 को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त मुख्यालय तक एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन रूपी पैदल मार्च भी कर चुके हैं। एक ओर तो राहुल चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा के अनुसार ही आयोग द्वारा बरती गई अनियमितताओं संबंधी साक्ष्य पेश करते हैं तो दूसरी ओर चुनाव आयोग कभी इन आरोपों को बेबुनियाद बता कर अपना पल्ला झाड़ लेता है तो कभी उल्टे राहुल से ही शपथ-पत्र मांगने लगता है परन्तु लगता है कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी ने तो गोया चुनाव आयोग को पूरी तरह बेनकाब करने का संकल्प ही कर लिया है। गत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस ने एक विशाल रैली आयोजित की। वोट चोर, गद्दी छोड़ के शीर्षक से किए गए इस आयोजन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देशभर से लाखों कार्यकर्ता जुटाए। इस रैली का भी मुख्य उद्देश्य हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाना था। इस विशाल रैली में भी कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस तरह की किसी रैली में यह पहला मौका था जब कि सीधे तौर पर सबसे तीखा हमला मुख्य चुनाव आयुक्त और उसके दो आयुक्तों पर बोला गया। सांसद प्रियंका गांधी ने एक बार और राहुल गांधी ने तो दो बार अपने भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी का नाम लेकर उनपर सीधे निशाना साधा। इन नेताओं ने उनका नाम लेते हुए आरोप लगाया कि श्चुनाव आयोग भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है, वोट चोरी को संरक्षण दे रहा है तथा आयोग निष्पक्ष नहीं है। ए लोग नहीं भूलें कि वे देश के चुनाव आयुक्त हैं, नरेंद्र मोदी के नहीं। राहुल ने यह भी कहा कि श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयुक्तों को कानूनी सुरक्षा इम्यूनिटी देने वाला कानून बदला है, ताकि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। कांग्रेस सत्ता में आने पर इस कानून को बदलेगी और आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यहां भी राहुल ने दोहराया कि श्चुनाव आयोग असत्य के साथ खड़ा नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे हरियाणा में चुनाव चोरी हुआ, किस तरह कर्नाटक में लाखों वोट डिलीट हुए और महाराष्ट्र में फर्जी वोट जोड़े गए परन्तु चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया। यहां भी राहुल ने चुनावी धांधलियों के कई और उदाहरण पेश किए। यही नहीं बल्कि राहुल गांधी द्वारा देश भर से चुनाव आयोग के विरुद्ध लगभग 6 करोड़ हस्ताक्षर कराए गए हैं। यह अभियान कथित वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ चलाया गया था, और इन हस्ताक्षरों को राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। इन 6 करोड़ हस्ताक्षर को भी 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के दौरान प्रदर्शित किया गया। इसी रैली में कांग्रेस के कई प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया को हर कदम पर संदिग्ध बताते हुए संस्थाओं पर दबाव डालने का आरोप लगाया जबकि कुछ वक्ताओं ने चुनाव आयोग को भाजपा की कठपुतली बताते हुए आयोग पर सबूतों की जांच नहीं करने का भी आरोप लगाया। कुछ नेताओं का मत था कि देश में निष्पक्ष अंपायर की कमी है। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो मुख्य रूप से भाजपा पर वोट चोरी करके सत्ता में आने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग पर अप्रत्यक्ष रूप से सवाल उठाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह रैली कांग्रेस की ओर से चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ अब तक का एक सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन थी, जिसमें चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सार्वजनिक रूप से खुलकर गंभीर सवाल उठाए गए। साथ ही यह भी सच है कि चुनाव आयोग पर प्रमाण सहित लगने वाले इसतरह के आरोपों और चुनाव आयोग द्वारा इन आरोप को नजर अंदाज करने से भी स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा यहां पर भी सबसे बड़ा संकट सामने आ खड़ा हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सीरिया में इजरायल की सैन्य कार्रवाई बढ़ी

## अमेरिका के दबाव के बावजूद दोनों के रिश्तों में सुधार की संभावनाएं फिलहाल खत्म होती दिख रही

**बेरूत।** दक्षिण-पश्चिमी सीरिया के बेइत जिन गांव में रहने वाले कासिम हमादेह की जिंदगी एक ही दिन में उजड़ गई। पिछले महीने सुबह-सुबह गोलियों और धमाकों की आवाज के साथ इजरायली सेना ने उनके गांव में छापा मारा। कुछ ही घंटों में हमादेह ने अपने दो बेटे, बहू और दो पोतों को खो दिया। उस दिन इजरायली कार्रवाई में कुल 13 ग्रामीण मारे गए।



**कुछ ही घंटों में हमादेह ने अपने दो बेटे, बहू और दो पोतों को खो दिया, उस दिन इजरायली कार्रवाई में कुल 13 ग्रामीण मारे गए**

वहीं इस कार्रवाई को लेकर इजरायल का कहना है कि उसके सैनिक एक आतंकी समूह के सदस्यों को पकड़ने गए थे, जो इजरायल पर हमले की योजना बना रहे थे। इजरायली सेना के मुताबिक, पहले उन पर गोलीबारी की गई, जिसमें छह सैनिक घायल हुए, जिसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की और हवाई समर्थन लिया, लेकिन गांव के लोगों ने इन दावों को खारिज किया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इजरायली सैनिकों को घुसपैठिया समझकर विरोध किया, जिसके जवाब में टैंकों और तोपों से गोलाबारी की गई और बाद में ड्रोन हमला हुआ। दमिश्क की सरकार ने इस घटना को नरसंहार बताया है। इस तरह की हालिया कार्रवाइयों से सीरिया और इजरायल के बीच तनाव और बढ़ गया है। अमेरिका के दबाव के बावजूद दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की संभावनाएं फिलहाल खत्म होती दिख रही हैं। पिछले साल दिसंबर में, जब सुन्नी इस्लामिक विद्रोहियों ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से हटाया, तब इजरायल-सीरिया संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी थी। सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने कहा था कि वह इजरायल से टकराव नहीं चाहते। लेकिन इजरायल अल-शारा के अतीत और उनके संगठन के अल-कायदा से पुराने संबंधों को लेकर संदेह में रहा। इजरायली सेना ने वहां चौकियां, सैन्य ठिकाने और निगरानी पोस्ट बनाए हैं। माउंट हर्मोन जैसे रणनीतिक इलाकों में हेलिपैड भी तैयार किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ड्रोन लगातार उड़ते रहते हैं और टैंक व सैन्य वाहन गश्त करते दिखते हैं। इजरायल का कहना है कि उसकी मौजूदगी अस्थाई है और इसका मकसद हमलों को रोकना है, लेकिन उसने यह नहीं बताया कि वह कब वापस जाएगा। सुरक्षा समझौते को लेकर बात-चीत भी अब तक बेनतीजा रही है। सीरिया के लोग इजरायल की मंशा को लेकर इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि पड़ोसी लेबनान और गाजा में इजरायल की सैन्य मौजूदगी अब भी जारी है। लेबनान में एक साल से ज्यादा समय पहले युद्धविराम होने के बावजूद इजरायल कुछ पहाड़ी इलाकों पर काबिज है और लगातार हवाई हमले करता रहता है। गाजा में भी इजरायल और हमास के बीच संघर्ष के बाद बफर जोन बनाने की योजना है।



यरूशलम। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हाथ मिलाते केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## लीबिया के तट पर नाव पलटी, 32 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी बचाए

**त्रिपोली।** लीबिया के उत्तर-पूर्वी शहर अल-हानिया के तट के पास एक नाव पलटने के बाद 32 बंगलादेशी प्रवासियों को बचा लिया गया है। लीबिया की अवैध-अप्रवासन विरोधी एजेंसी की अल-जबल अल-अख्दर शाखा ने एक बयान में यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि नाव पर सवार सभी प्रवासियों को मंगलवार को सुरक्षित बचाकर अल-बायदा बंदीगृह में स्थानांतरित किया गया है, जहां उन्हें जरूरी मेडिकल देखरेख में रखा गया है। कुछ प्रवासियों को छोटी-मोटी चोटें भी आई थीं।

## भारत-अर्जेंटीना में कृषि सहयोग के लिए कार्य योजना पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्जेंटीना के राष्ट्रीय कृषि प्रौद्योगिकी संस्थान ने बुधवार को आईसीएआर-आईएनटीए कार्य योजना 2025-2027 पर हस्ताक्षर किए हैं, जो कृषि अनुसंधान, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान एवं क्षमता निर्माण में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने वाली एक रणनीतिक पहल है। अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कौसिनो ने इस समझौते को राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन का प्रत्यक्ष परिणाम कहा और दोनों अर्थव्यवस्थाओं की पूरक शक्तियों पर बल दिया। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक ने बुधवार को भारत में अर्जेंटीना के राजदूत के साथ कार्य योजना का आदान-प्रदान किया, जो भारत-अर्जेंटीना कृषि सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अर्जेंटीना के राजदूत कौसिनो ने कहा कि यह महत्वपूर्ण कदम जुलाई 2025 में अर्जेंटीना यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मिलेई और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन का परिणाम है।

# गाजा में इजरायल का साथ देगी पाक आर्मी!

## अमेरिका के ट्रैप में बुरी तरह फंस गए आसिम मुनीर

**तेल अवीव।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर फिलहाल सबसे कठिन परीक्षा से गुजर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बढ़ रहा है। ट्रम्प चाहते हैं कि गाजा में तैनात होने वाले स्टेबलाइजेशन फोर्स के लिए पाकिस्तान अपने सैनिक भेजे। ऐसा हुआ तो पाकिस्तान के भीतर भारी विरोध हो सकता है। कहा जा रहा है आसिम मुनीर ट्रम्प से मिलने जल्द ही वाशिंगटन जा सकते हैं। यह 6 महीनों में यह उनकी तीसरी मुलाकात होगी। मुलाकात में ट्रम्प के गाजा पीस प्लान पर चर्चा हो सकती है।

इस योजना के तहत मुस्लिम देशों की एक जाइंट फोर्स बनाई जानी है, जो गाजा में युद्ध के बाद पुनर्निर्माण और आर्थिक सुधार की निगरानी करेगी। हालांकि कई देश इस योजना से दूरी बनाए हुए हैं, क्योंकि इसमें हमास को निरस्त्र करने की जिम्मेदारी भी मिल सकती है। इससे उन देशों के सीधे संघर्ष में फंसने का खतरा है। आसिम मुनीर ने ट्रम्प के साथ करीबी संबंध बनाए हैं, ताकि अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्ते सुधर सकें। जून में ट्रम्प ने उन्हें व्हाइट हाउस में लंच पर बुलाया था। यह पहली बार था, जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख को अकेले बुलाया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर पाकिस्तान गाजा फोर्स में शामिल नहीं होता तो ट्रम्प नाराज हो सकते हैं। यह नाराजगी पाकिस्तान के लिए घाटे का सौदा साबित सकता है, क्योंकि पाकिस्तान अमेरिका से निवेश और सुरक्षा सहायता चाहता है। पाकिस्तान दुनिया का इकलौता मुस्लिम देश है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं। पाकिस्तान भारत के साथ तीन युद्ध लड़ चुका है और मई में दोनों के बीच सैन्य टकराव भी हुआ है। इसके अलावा वह अफगानिस्तान के साथ भी संघर्ष में शामिल रहा है। डिफेंस एक्सपर्ट आयशा सिद्दीका का कहना है कि इतनी बड़ी सैन्य ताकत होने के कारण आसिम मुनीर पर अपनी क्षमता दिखाने का दबाव है। हाल ही में संविधान संशोधन के जरिए आसिम मुनीर की शक्तियां बढ़ाई गई हैं। उन्हें वायुसेना और नौसेना की कमान भी सौंपी गई है, कार्यकाल 2030 तक बढ़ा दिया गया है। उन्हें आजीवन फील्ड मार्शल का दर्जा मिला है और जीवनभर कानूनी सुरक्षा भी दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान में शायद ही किसी और के पास इतनी ताकत और स्वतंत्रता हो, लेकिन देश के अंदर हालात चुनौतीपूर्ण हैं। गाजा में पाकिस्तानी सैनिक भेजने से अमेरिका और इजरायल विरोधी पार्टियों के प्रदर्शन तेज हो सकते हैं। इन दलों के पास बड़ी संख्या में समर्थकों को सड़कों पर उतारने की क्षमता है। अक्टूबर में एक कट्टरपंथी इजरायल विरोधी संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन उसकी सोच अब भी मौजूद है। वहीं, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी भी सेना प्रमुख से नाराज है और उसके पास मजबूत जनसमर्थन है। अगर गाजा फोर्स तैनात होने के बाद हालात बिगड़े, तो इसका सीधा असर पाकिस्तान पर पड़ेगा। पाकिस्तानी नागरिकों के बीच यह धारणा बन सकती है कि आसिम मुनीर इजरायल के हित में काम कर रहे हैं। यही वजह है कि गाजा को लेकर लिया गया कोई भी फैसला पाकिस्तान के लिए बेहद संवेदनशील साबित हो सकता है।



**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा योजना को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बढ़ रहा**

## रूस व अमेरिका के साथ करीबी संबंध बनाए रखने को चीन तैयार: चीनी राजदूत

**बीजिंग।** रूस में चीन के राजदूत झांग हनहुई ने कहा कि चीन अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ करीबी संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार है। राजदूत ने रूसी संवाद समिति स्पुतनिक से कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों के साथ करीबी संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार हैं। हनहुई ने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुसान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक बैठक के दौरान इस बात की ओर इशारा किया था कि चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका संयुक्त रूप से अपनी जिम्मेदारी प्रदर्शित कर सकते हैं। साथ ही, दोनों देश अपने साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण, व्यावहारिक एवं उपयोगी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।

## ट्रम्प ने वेनेजुएला आने जाने वाले तेल टैंकरों की 'पूर्ण नाकाबंदी' का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंम्प ने मंगलवार को वेनेजुएला में आने-जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों की 'पूर्ण नाकेबंदी' का आदेश दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह आदेश वेनेजुएला और निकोलस मादुरो सरकार पर और दबाव बढ़ाने की कोशिशों का परिणाम है। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला अब तक के सबसे बड़े सैन्य बेढ़े से घिरा हुआ है।



**वेनेजुएला अब तक के सबसे बड़े सैन्य बेढ़े से घिरा हुआ: ट्रम्प**

यह नाकेबंदी मुख्य रूप से वेनेजुएला के प्राथमिक राजस्व स्रोत को निशाना बना रही है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में 'पूर्ण और संपूर्ण नाकेबंदी' शब्दों पर जोर देते हुए संकेत दिया कि सैन्य तैनाती को और भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि वेनेजुएला अपनी जमीन, तेल और अमेरिका को सौंप दे, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अमेरिका के सैन्य अभियान का उद्देश्य नशीली दवाओं के व्यापार को रोकने से कहीं अधिक है। ट्रम्प प्रशासन ने बार-बार वेनेजुएला पर नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया है। सितम्बर के बाद से फेंटानिल और अन्य अवैध दवाएं ले जाने के आरोपी जहाजों पर अमेरिकी सैन्य हमलों में कथित तौर पर कम से कम 90 लोग मारे गए हैं। हाल के महीनों में अमेरिका ने क्षेत्र में अतिरिक्त युद्धपोत भी तैनात किए हैं, जो बढ़ती सैन्य उपस्थिति का संकेत देते हैं। दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडार वाले वेनेजुएला ने अमेरिका पर उसके प्राकृतिक संसाधनों को जब्त करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। ट्रम्प ने मंगलवार रात कहा कि वेनेजुएला पूरी तरह से दक्षिण अमेरिका के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े नौसैनिक बेड़े से घिरा हुआ है। यह और बड़ा होता जाएगा और उन्हें लगने वाला झटका ऐसा होगा जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा।

# भारत-इथियोपिया विकासशील देशों की आवाज करें बुलंद

## प्रधानमंत्री को मिला इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और इथियोपिया को प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम बताते हुए कहा है कि दोनों देशों को विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक स्तर पर और बुलंद करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा।



**अफ्रीकी संघ के मुख्यालय के रूप में अदीस अबाबा की भूमिका का उल्लेख किया**

मोदी ने इथियोपिया की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन बुधवार को यहां इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इथियोपिया की पहली द्विपक्षीय यात्रा पर गए मोदी ने संसद को संबोधित करने के अवसर को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर के माध्यम से वह इथियोपिया के आम नागरिकों , किसानों, उद्यमियों, गौरवशाली महिलाओं और उन युवाओं से संवाद कर रहे हैं जो देश का भविष्य गढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' प्रदान किए जाने के लिए इथियोपिया की जनता और सरकार का आभार व्यक्त किया। दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर गहरा संतोष व्यक्त किया कि इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के प्राचीन संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा दिया गया है। भारत और इथियोपिया के बीच सभ्यतागत संबंधों का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम हैं। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' और इथियोपिया का राष्ट्रगान, दोनों ही अपनी भूमि को मां के रूप में संबोधित करते हैं। दोनों देशों के साझा संघर्ष की ओर संकेत करते हुए प्रधानमंत्री ने 1941 में इथियोपिया की मुक्ति के लिए इथियोपियाई नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने वाले भारतीय सैनिकों के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इथियोपियाई जनता के बलिदानों का प्रतीक अदवा विजय स्मारक को श्रद्धांजलि अर्पित करना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री ने भारत-इथियोपिया साझेदारी को और सशक्त तथा व्यापक बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### इथियोपिया से ओमान के लिए रवाना हुए मोदी


**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की चार दिन की यात्रा के अंतिम पड़ाव में बुधवार को इथियोपिया से ओमान के लिए रवाना हो गए। मोदी ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान जा रहे हैं। इस दौरान दोनों नेता भारत-ओमान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से वार्ता करेंगे जिसमें व्यापार, निवेश, ऊर्जा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह यात्रा भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

## राहुल गांधी जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचे

### हवाई अड्डे पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंच गए। गांधी का हवाई अड्डे पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया।

**गांधी ने जर्मनी के बड़े शहरों में शामिल म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट का दौरा किया**



गांधी बुधवार को बर्लिन में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अनुसार गांधी भारतीय प्रवासी समुदाय से संवाद करेंगे और यूरोप में पार्टी के विभिन्न अध्यक्षों से मिलकर प्रवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दों और पार्टी की विचारधारा को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगे। वह 20 दिसम्बर तक जर्मनी के दौरे पर रहेंगे। गांधी ने जर्मनी के बड़े शहरों में शामिल म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट का दौरा किया। दौरे के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा म्यूनिख, जर्मनी में बीएमडब्ल्यू वेल्ट और बीएमडब्ल्यू प्लांट के दौरे के दौरान बीएमडब्ल्यू की दुनिया का अनुभव करने का अवसर मिला, विश्व स्तरीय निर्माण को करीब से देखने का एक अविश्वसनीय अनुभव। टीवीएस की 450 सीसी मोटरसाइकिल को देखना एक यादगार अनुभव था, जिसे बीएमडब्ल्यू के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है। दुख की बात है कि भारत में विनिर्माण में गिरावट आ रही है। विकास को गति देने के लिए हमें अधिक उत्पादन करने, सार्थक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता है।









### युद्ध नहीं रुका, तो 'खत्म हो सकता है' यूक्रेन: लुकाशेंको

**वाशिंगटन।** बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का समाधान नहीं निकाला गया तो यूक्रेन का अस्तित्व खत्म हो सकता है। लुकाशेंको ने अमेरिकी समाचार चैनल न्यूजमैक्स टीवी को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि अगर यह संघर्ष चलता रहा तो इसका परिणाम यूरोप और पूरी दुनिया के लिए बहुत गंभीर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस समय शांति समझौते के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन उन्हें समझना होगा कि अगर जल्द ही कोई हल नहीं निकाला गया तो यूक्रेन खत्म हो सकता है।

# अमेरिका ने ईयू पर जवाबी कार्रवाई की दी धमकी

## अमेरिकी डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई को बनाया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने यूरोपीय संघ (ईयू) को धमकी दी कि यदि ईयू अमेरिकी डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करता है, तो अमेरिका भी जवाबी कार्रवाई करेगा।

यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) के कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यदि ईयू और उसके सदस्य देश भेदभावपूर्ण माध्यमों से अमेरिकी सेवा प्रदाताओं को प्रतिबंधित करने, सीमित करने और रोकने पर अड़े रहते हैं, तो अमेरिका के पास इन अनुचित उपायों का मुकाबला करने के लिए उसके पास मौजूद हर उपकरण का उपयोग शुरू करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। यूएसटीआर के अनुसार, संभावित जवाबी कार्रवाई में शुल्क का आकलन करना या विदेशी सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना शामिल हो सकता है।

**एजेंसी ने कई यूरोपीय तकनीकी दिग्गजों के नाम भी गिनाए जिनकी अमेरिका में व्यापक उपस्थिति है**

एजेंसी ने यह भी चेतावनी दी कि वह उन अन्य देशों के प्रति भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपना सकती है जो इस क्षेत्र में ईयू की तरह नियम अपना रहे हैं। यूएसटीआर ने आरोप लगाया कि ईयू और कुछ सदस्य देशों ने अमेरिकी सेवा प्रदाताओं को निशाना बनाते हुए भेदभावपूर्ण और परेशान करने वाले मुकदमों, करों (टैक्स), जुर्मानों और निर्देशों का एक निरंतर सिलसिला चलाया है। यूएसटीआर ने कहा कि अमेरिका वर्षों से ईयू के साथ इन मामलों पर चिंता जताता रहा है लेकिन ईयू की ओर से न तो कोई सार्थक भागीदारी हुई और न ही अमेरिकी चिंताओं को बुनियादी तौर पर स्वीकार किया गया। यूएसटीआर ने यह भी कहा कि ईयू के सेवा प्रदाता दशकों से अमेरिका में स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं और अमेरिकी बाजार और उपभोक्ताओं तक पहुंच का लाभ उठा रहे हैं। एजेंसी ने कई यूरोपीय तकनीकी दिग्गजों के नाम भी गिनाए जिनकी अमेरिका में व्यापक उपस्थिति है। यह हालिया टिप्पणियां ईयू के कड़े होते तकनीकी नियमों और अमेरिकी 'टेक' दिग्गजों को निशाना बनाने वाले मुकदमों पर अमेरिकी अधिकारियों के बीच बढ़ती निराशा को दर्शाती हैं। यूरोपीय आयोग ने हाल ही में अमेरिकी 'टेक' दिग्गज गूगल और मेटा के खिलाफ दो अविश्वास जांच शुरू किए हैं और एलन मस्क की कंपनी 'एक्स' पर 'डिजिटल सर्विसेज एक्ट' के तहत नियमों का पालन नही करने के कारण 12 करोड़ यूरो (लगभग 14 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का भी जुर्माना लगाया है।